# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 15 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्णा 05, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 98 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12 https://epaper.shubhamsandesh.net


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 | 23.4 |
| डालटनगंज | 31.8 | 25.1 |
| धनबाद | 28.5 | 25.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ न्यूज

### आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए शुभांशु

**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई है. एक्सिओम-4 मिशन के तहत यह मिशन भारत समेत हंगरी व पोलैंड के लिए अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है. शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं व अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग शाम करीब 4:50 बजे हुआ. मंगलवार दोपहर 3:01 बजे आईएसटी पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा.

### गजेंद्र सिंह को एसीबी कोर्ट से मिली बेल

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के विशेष जज योगेश सिंह की कोर्ट में शराब घोटाला केस के आरोपी गजेंद्र सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई. कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उनकी की याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें बेल दे दी है. बेल मिलने से गजेंद्र सिंह को बड़ी राहत मिली है. गजेंद्र सिंह झारखंड शराब घोटाला केस के प्रमुख आरोपियों में से एक हैं. उन्हें एसीबी ने 20 मई को गिरफ्तार किया था. उन्होंने 18 जून को बे की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी.

### अब ट्रेन की बोगियों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला ले लिया है. मंत्रालय ने अब ट्रेनों के कोच और इंजन में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है. इसके जरिए चप्पे चप्पे की जानकारी सरकार को मिलेगी. जानकारी के अनुसार देश के सभी 74 हजार ट्रेन के कोचों और 15 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. इसकी मंजूरी रेल मंत्री अशिविनी वैष्णव ने दे दी है, जहां प्रत्येक कोच में 4 डोम-टाइप सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे.

### ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की हुई पेशी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को ईडी के सामने पेश हुए. उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई. वाड्रा का बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया. वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद ईडी कार्यालय पहुंचे. उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं. रॉबर्ट को एजेंसी ने पिछले महीने ही बुलाया था, लेकिन उन्होंने अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था.

### मॉनसून सत्र में आएगा स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल को संसद के आगामी मॉनसून सत्र में पेश किया जाएगा. यह बिल देश के खेल प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मकसद से लाया जा रहा है. मंडाविया ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया को उक्त जानकारी दी.

## झारखंड की खुशहाली | कृषि, बागवानी, मत्स्यपालन, देशज तकनीक और संसाधन से ही संभव

**अयोध्या नाथ मिश्र**



झारखंड को सम्यक विकास की लंबी दूरी तय करने में समय लगेगा! इसके लिए अधिक संसाधन, श्रम, प्रबंधन, ईमानदार समेकित प्रयास की जरूरत होगी. अब धन चाहे अपने संसाधन अर्थात स्व कर राजस्व, गैर कर राजस्व, केंद्रीय करों में हिस्सा या अन्य स्रोतों से आए, ऋण या केंद्र सरकार की विशेष सहायता से प्राप्त हो, इसके बिना संभावना नहीं. स्व कर राजस्व सहित अन्य छोटे-मोटे संसाधन प्रशासनिक तंत्र अर्थात स्थापना व्यय के लिए ही पर्याप्त नहीं हो पाते. शिक्षा स्वास्थ्य विधि व्यवस्था एवं अन्य प्रबंधन आर्थिक बाजार बुद्धि के साथ-साथ मांग के आलोक में बढ़ेंगे ही. राज्य में नवसृजन की बात अलग है, पूर्व से रिक्त स्वीकृत एवं सृजित पदों पर नियुक्तियों से स्थापना मद में वृद्धि स्वाभाविक है. यदि राज्य की सभी चुनौतियों आवश्यकताओं का भौतिक आकलन किया जाए, तो वर्तमान में कम से कम सेवाओं में 15 से 20% पदों के सृजन की आवश्यकता तो होगी ही. इसलिए विभिन्न विभागों की बजटीय मांगों में वृद्धि सकारात्मक है. अगर 7:50 प्रतिशत का जीएसडीपी ग्रोथ मान कर चला जाए, तो भी बाजार और मूल्य को देखते हुए अधिक विनियोजन के लिए आर्थिक संसाधन अपेक्षित है. कम से कम राष्ट्रीय औसत का बजट तो चाहिए ही और उसे मौलिक होना चाहिए. इसलिए वर्तमान संदर्भ में सकल राजस्व में भारी वृद्धि की अपेक्षा की जाती है.

### कला को आर्थिक समर्थन की जरूरत

अगर राज्य में आउटकम आधारित निवेश/बजटीय विनियोजन हो, तो आम जीवन में समृद्धि तुलनात्मक दृष्टि से अधिक सरल है. क्योंकि यहां का ग्रामीण परिक्षेत्र अधिक परिश्रमी मितव्ययी और रचनात्मक है. अत: वर्टिकल ग्रोथ की अधिक संभावना है. जिस राज्य की गरीब आदिवासी माताएं-बहनें प्रकृति आधारित लघु संसाधन यथा पत्ते का दोना, पत्तल चटाई, रस्सी, देशज दवाइयां बनाकर अपनी जीविका चलाती हैं, वे सम्यक आर्थिक समर्थन प्रशिक्षण मिलने पर अधिक आय कर सकती हैं! यहां के गांव में अनेक कला कौशल हैं. मृतिका कला, संपूर्ण हर्बल तकनीक, रेशम उत्पादन एवं प्रसंस्करण, महुआ, करंज, इमली, कटहल आंवला के बाई प्रोडक्ट के साथ वस्त्रोत्पादन, प्राचीन परंपरागत तकनीक कुंद पड़े हुए हैं. इनको संस्थागत आर्थिक समर्थन बाजार ग्रामीण मिले, तो देशज इकोनामी को कई गुना बढ़ा देंगे! मछली पालन और बागवानी से गांवों को छिटफुट लाभ मिल रहा है. पर अपेक्षा है बाजार लिंकेज और तकनीकी समर्थन की. हाल के दिनों में ग्रामीण इकोनामी एवं उपभोग में मंद गति वृद्धि रेखांकित हुई है. पर यह एक पड़ाव है, प्रगति नहीं. राज्य की आबादी के 10% न्यूनतम ग्रामीण आयकर्ता अर्थात गरीब महज 1422 रुपए मासिक खर्च करते हैं, जबकि 10% संपन्न का खर्च 4441 रुपए है. ग्रामीण और शहरी उपभोग सीमा में हाल के वर्षों में वृद्धि के फल स्वरुप ग्रामीण 2946 और शहरी 5393 रुपए मासिक खर्च कर रहे हैं. इसलिए राज्य के विकास के लिए संसाधन अभिवृद्धि, प्रति व्यक्ति आय, उपभोग में अनुपातिक बढ़ोतरी आवश्यक है.

**जमा अनुपात में असमानता :** राज्य में विकास का बड़ा समर्थक पहलू होता है साथ -जमा अनुपात. पर यहां तो वह 50% से ऊपर की ओर सरकता ही नहीं? तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में इसका अनुपात 100% से ऊपर है. वहां सभी सेक्टर इसका लाभ उठाते हैं, पर झारखंड के बैंक किसान, मजदूर, लघु उद्दमी विभिन्न स्वावलंबी सहकार समूह को ऋण देने में कतराते हैं, प्रोत्साहन कौन कहे! उन्हें भय है कहीं राशि डूब ना जाए. पर इन्हीं बैंकों की साख नीति से देश अवगत है, अरबों रुपए डूब जाते हैं? साख जमा अनुपात का आशय यह नहीं होता कि झारखंड का मध्यवर्ग जमा करे 100 रुपए और गांव-गरीब-देशज परंपरागत उद्योग क्षेत्र में इसकी छाया भी न पहुंचे!

**कृषि के साथ लघु उद्योगों को संरक्षण की जरूरत :** यहां 65% आबादी की निर्भरता कृषि एवं संबद्ध सेवाओं यथा बागवानी मत्स्य पालन पशुपालन पर निर्भर है. दूसरी ओर लगभग 60% क्षेत्र में मौसमी उतार-चढ़ाव कृषि को आत्मनिर्भर बनने में बाधक है. इसका दूसरा बड़ा कारण है की सकल 29 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में सिंचाई के अभाव के कारण संतुलित और सुनिश्चित कृषि उत्पादन नहीं हो जाता. सरकारी आंकड़ों के अनुसार 25% कृषि भूमि के सिंचाई के लायक जल संसाधन सृजित है. पर संसाधन सृजन और भौतिक सिंचाई में अंतर है. दस प्रतिशत भी सिंचाई नहीं होती सरकारी व्यवस्था से! इस प्रकार कृषि संबद्ध सेवाएं और बानिकी से जिसे प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है की राज्य की आर्थिक समृद्धि में मात्र 11.5% सहभागिता है. सिंचाई सुविधाओं की नितांत कमी भूमिगत जल की अपर्यप्तता वनों के संरक्षण में कमी, कृषि अवसंरचना तकनीक और वैज्ञानिकता का अभाव उत्पादन को प्रभावित करते हैं. यहां का मेहनतकश गरीब किसान बाजार और प्रसंस्करण ख की निहायत के कारण कमी उत्पाद खेतों में छोड़ देते हैं या कौड़ी के मोल लुटा देते हैं. कृषि उत्पादों के रखरखाव की व्यवस्था नहीं होना बाजार तक उत्पादन की पहुंच में कठिनाई कृषि उत्पादन विपणन में सहकार का अभाव एवं सरकार की सम्यक पहुंच की कमी खेती को बुरी तरह प्रभावित कर रही है. झारखंड में मत्स्य पालन तेजी से उभरता स्वावलंबन का बेहतर विकल्प है. परंपरागत रूप से इस कार्य में लगभग 1.75 लाख परिवार लगे हैं. 1000 से अधिक मत्स्यपालक सहयोग समितियां उत्पादन से जुड़ी है. झारखंड का "केज फिस कल्चर" देश में मशहूर है. राज्य के 436 छोटे-बड़े जलाशयों से कुल 3.63 लाख टन मछली उत्पादन हो रहा है. राज्य में जहां 70% लोग मछली खाते हैं, यहां एक वृहद बाजार है. सरकारी समर्थन से यहां के जलाशयों में 10000 से ऊपर मछलीकेज स्थापित है. यह ग्रामीण झारखंड की बेरोजगारी उन्मूलन में सहायक एक कम लागत से अधिक रोजगार देने वाला बड़ा क्षेत्र विकसित हो रहा है. पर इसके विपणन एवं परिष्करण के लिए तकनीक एवं आर्थिक समर्थन बहुत जरूरी हैं.

शेष पेज 11 पर...

## हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र व राज्य सरकारों को कड़ा निर्देश

# नफरती कंटेंट पर लगे लगाम अभिव्यक्ति की आजादी बनी रहे

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर फैल रहे हेट स्पीच (नफरती भाषणों) को लेकर सोमवार को चिंता जाहिर की है. कोर्ट ने कहा है कि इन दिनों अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर सब कुछ जायज ठहराने की कोशिश कर रही है. ये बिल्कुल खतरनाक है.

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज फ़्रांसिस विस्वनाथन की बेंच के द्वारा ये टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए आई जो कि वजहात खान नाम के शख्स ने दायर की थी. सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि नफरती भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है, लेकिन ये भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि किसी की भी बोलने की आजादी को कुचला न जाए. बेंच ने कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्य समझना चाहिए. राज्य को हर बार बीच में आकर कार्रवाई करनी पड़े, ये स्थिति नहीं होनी चाहिए. हेट स्पीच जैसे कंटेंट पर कुछ नियंत्रण ज़रूरी है. आम नागरिकों को भी ऐसे कंटेंट को शेयर करने, प्रमोट या लाइक करने से बचना चाहिए.

**वजहात खान को कोर्ट से मिली राहत :** वजहात खान के वकील ने कोर्ट में पुराने ट्वीट्स के लिए माफी मांगी. वकील ने कहा कि मेरी शिकायत ही मेरे लिए मुश्किल बनते जा रही है. मैंने इसके लिए माफी मांग ली है. लेकिन मैं बस यही चाहता हूं कि कोर्ट देखे कि एफआईआर वाकई उन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी है या नहीं. कोर्ट ने कहा कि हर बार नया एफआईआर और जेल में डालने का क्या मतलब है? इससे कोई समाधान नहीं निलकलेगा.

**कोर्ट की बड़ी टिप्पणी :** न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि अब पोस्ट डिलीट करने का कोई मतलब नहीं है, एक बार जो इंटरनेट पर चीजें डल जाती हैं, वो हमेशा के लिए रहती हैं. अभिव्यक्ति की आजादी बहुत ही अहम मौलिक अधिकार है. लेकिन इसका दुरुपयोग करने से बस अदालतों में भीड़ बढ़ती है.

**पिछली सुनवाई में क्या हुआ :** 24 जून को हुई पिछली सुनवाई में, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एजी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने केंद्र सरकार और असम, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया था. यह नोटिस वजाहत खान की याचिका पर दिया गया था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की गई.

**वजाहत खान पर क्या आरोप हैं :** वजाहत खान पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट किए जो कथित तौर पर धार्मिक घृणा और साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देते हैं. उनके खिलाफ कई राज्यों में एफआईआर दर्ज हुई हैं. 9 जून को वजाहत खान को गिरफ्तार किया गया था. एक एफआईआर में वे पुलिस हिरासत में हैं और दूसरी एफआईआर में न्यायिक हिरासत में.

## सावन माह की पहली सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथधाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**शुभम संदेश। देवघर**

देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा. तड़के सुबह से ही लोग जलाभिषेक करते दिखे. कुछ श्रद्धालु तो सावन की पहली सोमवारी को जल चढ़ाने के लिए देर रात ही मंदिर पहुंच चुके थे. तड़के 04:12 बजे मंदिर के पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया. साथ ही रात्रि से कतारबद्ध श्रद्धालुओं की कतार चमारीडीह पुल तक पहुंच गयी थी. पूरा मंदिर 'बोल बम' के नारे से गूंज रहा है. जो लोग मंदिर से बाहर आ रहे हैं या मंदिर पहुंच रहे हैं, सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबे हुए नजर आ रहे हैं. ऐसा लग रहा है मानो मंदिर में प्रवेश करते ही सारी थकान, तकलीफ खत्म हो गई हो. श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक करने के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त रखी गईं. पहली सोमवारी को लेकर बाबा धाम के वरिष्ठ पंडा लम्बोदर परिहस्त ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है. आज चतुर्थी तिथि पड़ी है. इस दिन शिव वास होता है और आज भगवान भोलेनाथ कैलाश पर विराजमान होते हैं. इस दिन पूजा करने से लोगों को हर सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है. इस वर्ष चार सोमवारी का योग बना हुआ है.

## झारखंड हाईकोर्ट

### नए चीफ जस्टिस होंगे तरलोक सिंह चौहान, जस्टिस राव भेजे गए त्रिपुरा

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी है कि झारखंड समेत देश के कई राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का तबादला हुआ है. उनके ट्रांसफर की अधिसूचना जारी कर दी गई है. हिमाचल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय हुआ था. जिसपर राष्ट्रपति ने भी मुहर लगा दी है. जस्टिस चौहान हिमाचल हाईकोर्ट में भी दो बार कार्यवाहक चीफ जस्टिस की भूमिका निभा चुके हैं. 9 जनवरी 1964 को शिमला जिला के रोहड़ू. में उनका जन्म हुआ. उनकी प्रारंभिक शिक्षा शिमला के बीसीएस स्कूल से हुई. डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से ऑनर्स के साथ स्नातक पंजाब विवि से कानून की डिग्री प्राप्त करने के बाद वर्ष 1989 में वकील बने. उसके बाद इन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता लाला छबीला दास के चैंबर को ज्वाइन किया.



## वैवाहिक मामलों पर 'सुप्रीम' टिप्पणी

# पति-पत्नी की गुप्त बातचीत बतौर साक्ष्य स्वीकार्य

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वैवाहिक मामलों को लेकर अहम टिप्पणी की है. कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पति-पत्नी की बात की गुप्त रिकॉर्डिंग को बतौर साक्ष्य कोर्ट में स्वीकार्य किया जा सकता है. पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि विवाह मजबूत नहीं चल रहा है. इसलिए रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है. पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि पति-पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता. पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखा और कहा कि वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत पर ध्यान दिया जा सकता है. सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक न्यायालय से रिकॉर्ड की गई बातचीत का न्यायिक संज्ञान लेने के बाद मामले को आगे बढ़ाने को कहा.

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पति-पत्नी द्वारा एक-दूसरे की बातचीत रिकॉर्ड करना अपने आप में इस बात का सबूत है कि उनका विवाह मजबूत नहीं चल रहा है और इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है. न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि अगर शादी इस मुकाम पर पहुंच गई है कि पति-पत्नी एक-दूसरे पर सक्रिय रूप से नजर रख रहे हैं, तो यह अपने आप में टूटे हुए रिश्ते का लक्षण है और उनके बीच विश्वास की कमी को दर्शाता है.

**पारिवारिक अदालत ने रिकॉर्डिंग को माना था सबूत :** बठिंडा की एक पारिवारिक अदालत ने अपने फैसले में पति को क्रूरता के दावों के समर्थन में अपनी पत्नी के साथ हुई फोन कॉल की रिकॉर्डिंग वाली एक कॉम्पैक्ट डिस्क का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी. पत्नी ने इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी और तर्क दिया था कि रिकॉर्डिंग उसकी जानकारी या सहमति के बिना की गई थी और यह उसकी निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है.

**हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था पारिवारिक अदालत का फैसला :** उच्च न्यायालय ने पत्नी की याचिका स्वीकार की और साक्ष्य को अस्वीकार्य करार देते हुए कहा कि गुप्त रिकॉर्डिंग निजता का स्पष्ट उल्लंघन है और कानूनी रूप से अनुचित है. हाईकोर्ट ने कहा था कि कुछ तर्क दिए गए हैं कि इस तरह के साक्ष्य की अनुमति देने से घरेलू सौहार्द और वैवाहिक संबंध खतरे में पड़ जाएंगे क्योंकि इससे पति-पत्नी पर जासूसी को बढ़ावा मिलेगा. इससे साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के उद्देश्य का उल्लंघन होगा.

## जेएसएससी को झटका

### हाईकोर्ट ने कहा-दो वर्षीय बी एड वाले भी पात्र उम्मीदवार

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) नियुक्ति प्रक्रिया में दो वर्षीय बीएड कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है. न्यायमूर्ति दीपक रौशन की एकल पीठ ने सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को निर्देश दिया कि ऐसे अभ्यर्थियों के भी दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए. अदालत ने स्पष्ट किया कि दो वर्षीय बीएड करने वाले उम्मीदवार भी नियुक्ति के लिए पूर्णतः पात्र हैं. यह आदेश उन याचिकाओं पर सुनवाई के बाद आया है, जिनमें अभ्यर्थियों ने केवल कोर्स की अवधि के आधार पर अपात्र घोषित किए जाने को चुनौती दी थी. अभ्यर्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा. सुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि आयोग ने अपने विज्ञापन में केवल एक वर्षीय बीएड का उल्लेख किया था, जबकि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के मानकों के अनुसार दो वर्षीय कोर्स भी मान्य है. हाईकोर्ट के इस फैसले से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को लाभ मिलने की संभावना है.



## राजनीति : राज्यसभा में अगले साल तक रिटायर होंगे 75 सांसद

# कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हो पाएगी वापसी?

**शुभम संदेश डेस्क**

देश में एक बार फिर सियासी पारा हाई होने वाला है. जहां एक ओर बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारी चल रही हैं, वहीं दूसरी ओर राज्यसभा में बड़ा फेरबदल होगा. नवंबर से अप्रैल 2026 के बीच कई बड़े नेता राज्यसभा से रिटायर होंगे. इससे 70 से अधिक सीटें खाली हो जाएंगी. राज्यसभा से रिटायर होने वाले नेताओं की लिस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, भाजपा नेता हरदीप पुरी, जेडीयू सांसद हरिवंश, सपा सांसद राम गोपाल यादव, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, प्रियंका चतुर्वेदी और आरएलडी नेता उपेंद्र कुशवाहा जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं. इन सीटों को भरने के लिए राज्यों में चुनाव. राज्यसभा में कुल 75 सीटें खाली होने वाली हैं, जिन्हें भरने के लिए अलग-अलग राज्यों में चुनाव कराए जाएंगे.

### 24 जुलाई को रिटायर हो जाएंगे दो सदस्य

2026 में इन नेताओं के रिटायर होने से पहले इन साल मॉनसून सत्र के शुरू होने के तीन दिन बाद ही 24 जुलाई को डीएमके के विल्सन और पीएमके के डॉ. अंबुमणि रामदास समेत छह नेता रिटायर होंगे. इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार सदस्यों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था. इससे राज्यसभा की संख्या 236 से बढ़कर 240 हो गई है, लेकिन 24 जुलाई को छह सदस्यों के रिटायर होने के बाद यह संख्या फिर से 235 हो जाएगी.

### 25 जून 2026 को रिटायर होंगे खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 25 जून 2026 को रिटायर होंगे. एचडी देवेगौड़ा और हरिवंश 9 अप्रैल 2026 को रिटायर होंगे. एनसीपी नेता शरद पवार भी अप्रैल में ही रिटायर होंगे. महाराष्ट्र से सात सदस्य रिटायर होंगे, जिनमें प्रियंका चतुर्वेदी और रामदास अठावले शामिल हैं. जेएमएम के शिबू सोरेन और कांग्रेस के शक्तिसिंह गोहिल भी 2026 में रिटायर होंगे. गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और दिग्विजय सिंह जैसे सांसद भी रिटायर हो रहे हैं. कांग्रेस को इन नेताओं को दोबारा चुनकर लाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी के पास कर्नाटक और हिमाचल के साथ-साथ तेलंगाना में ही सरकार है. ऐसे में कुछ सीटों पर दावेदार ज्यादा होंगे. देखना रोचक होगा कि कांग्रेस क्या कदम उठाएगी.

### अशीम हरियाणा व गजपति गोवा के राज्यपाल बने

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पी अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल व जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया. इसके अलावा प्रो. अशीम घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे. नियुक्तियां उनके कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी. राष्ट्रपति की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद से बीडी मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. इसमें आगे कहा गया कि कविंदर गुप्ता को लद्दाख का एलजी, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रो. अशीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त करते हुए राष्ट्रपति को काफी खुशी हो रही है. नई नियुक्तियां पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगी.

- कविंदर गुप्ता होंगे लद्दाख के एलजी

### आंध्रप्रदेश : आम से लदा ट्रक पलटा, 9 मजदूर मरे

**एजेंसियां। अमरावती**

आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां आम से लदा ट्रक पलटने से नौ मजदूरों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से बचाव अभियान चलाया, ताकि दबे हुए मजदूरों को बाहर निकाला जा सके. यह हादसा रविवार देर रात को पुलमपेटा मंडल के रेड्डी चेरुवु कट्टा में हुआ, जो कडप्पा शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित है.

पुलिस के मुताबिक, ट्रक में आमों के ऊपर बैठे हुए मजदूर थे, और जब ट्रक झील के किनारे पलट गया, तो मजदूर आमों के नीचे दब गए. ट्रक में लदा आमों का वजन लगभग 30-40 टन था, जिसके नीचे दबकर ये मजदूर गंभीर रूप से कुचले गए. हादसे में पांच महिलाएं भी शामिल थीं. इस दुर्घटना पर परिवहन मंत्री मंदिपल्ली रामप्रसाद रेड्डी ने गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई है. उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया और भविष्य में इस तरह के हादसों को रोकने के लिए कदम उठाने की बात कही. इसके अलावा, जिले के प्रभारी मंत्री बीसी जनार्दन रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया. उन्होंने सरकार से घायलों को सर्वोत्तम इलाज देने और पीड़ित परिवारों को मदद करने का आग्रह किया है.

# बिहार वोटरलिस्ट प्रपत्र पर देवघर के ढाबे में बिक रही थी जलेबी, खूब हुआ हंगामा

शुभम संदेश। रांची

निर्वाचन आयोग के द्वारा बिहार में वोटरलिस्ट वेरिफिकेशन कराए जाने को लेकर काफी गहमा गहमी बनी हुई है. इसी बीच एक बड़ा मामला जमुई जिले के सोनो प्रखंड से सामने आई है. जहां एक मतदान केंद्र के कुछ मतदाताओं के गणना प्रपत्र पर देवघर के एक दुकानदार द्वारा ग्राहकों को जलेबी परोसने का एक वीडियो और फोटो जम कर वायरल हो रहा है. घटना के बाद लोगों में परेशानी बनी हुई है कि आखिर मामले का सच क्या है. इस मामले को लेकर जमुई जिला प्रशासन ने जांच करायी है. जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायक



निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच कराई. जांच में यह मालूम हुआ कि मतदान केंद्र संख्या 20 में कुल 1181 मतदाता हैं, जिसमें 1134 मतदाताओं के गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा एप्प के माध्यम से अपलोड कर दिए गये हैं. वहीं 2 लोगों ने ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरा है. बाकी बचे 45 मतदाताओं में से 33 मतदाता मृत, 10 मतदाता दोहरी मतदाता वाले और 12 मतदाताओं का अस्थायी रूप से स्थानांतरण कर दिया गया हैं. और इन्हें बीएलओ ने पंजीकृत पुस्तिका में मार्क कर दिया है. जिसका विवरण बीएलओ के पास उपलब्ध है. और इसलिए इस खबर को पूरी तरह से निराधार बता दिया गया है.

जांच में पता चला कि झारखंड के देवघर में एक दुकानदार ने चकाई विधानसभा क्षेत्र के मतदाता गणना प्रपत्र को लगभग तीन-चार किलो दस्तावेजों को रद्दी के भाव में खरीदा था. और दुकानदार को यह जानकारी नहीं थी कि यह सरकारी दस्तावेज है इसलिए वह रद्दी समझकर ग्राहकों के लिए जलेबी परोस रहा था. मिली जानकारी के अनुसार चकाई प्रखंड का एक व्यक्ति देवघर स्थित वी-मार्ट के समीप दूकान पर जलेबी खाने गया था. जिस कागज पर जलेबी परोसी गई थी वह चकाई क्षेत्र के बीएलओ को दिया गया मतदाता सूची का दस्तावेज था. पूछताछ में ये बात व्यक्ति को पता चली कि दुकानदार को 2 दिन पहले किसी ने यह फॉर्म लाकर दिया था और वह इसे रद्दी समझ कर उपयोग कर रहा था. लेकिन जैसे ही उसे ये बात पता चली वह उस फॉर्म को छुपाने की कोशिश करने लगा.

अब सवाल ये उठाये जा रहे हैं कि सोनो प्रखंड से इतनी दूर देवघर के जलेबी की दूकान तक ये फॉर्म कैसे पहुंचे. वहीं मामला उस क्षेत्र में फैलने के बाद सोनो प्रखंड के लोग भी अचानक आक्रोशित हो गये. वो भी इस बात को लेकर कि कहीं दस्तावेजों के नाम पर ठगा तो नही जा रहा.

## भूमि अधिग्रहण मामले में सीएम से हस्तक्षेप की मांग

**रांची।** माकपा के राज्य सचिवमंडल ने धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के आसनबनी में सेल की ओर से कृषि योग्य भूमि का जबरन अधिग्रहण करने की घटना पर चिंता प्रकट की है. पार्टी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि खेती लायक जमीन से रैयतों और किसानों को जबरन बेदखल करने के लिए तसरा परियोजना की संचालक कुख्यात एजेंसी केटीएमपीएल के लोगों ने पुलिस के संरक्षण में रैयतों पर लाठीचार्ज किया. इसमें कई घायल भी हुए हैं. इस दौरान गुंडों ने खेत में लगे धान के बीज और सब्जी को भी नष्ट कर दिया. ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं. माकपा के सचिवमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप किए जाने का अनुरोध किया है. साथ ही पार्टी ने धनबाद जिला प्रशासन से रैयतों के साथ बातचीत कर इस मामले का सर्वमान्य हल निकालने की मांग की है. माकपा के राज्य सचिवमंडल आउटसोर्सिंग कंपनी केटीएमपीएल के चिन्हित कर ऐसे लोगों पर भी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के श्राद्ध में पहुंचीं कल्पना सोरेन

## शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस



शुभम संदेश। रांची

गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सोमवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के श्राद्ध कार्यक्रम के अंतिम दिन शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके पैतृक गांव पहुंचीं. उन्होंने पूरे परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी हैं. कल्पना सोरेन के साथ-साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे. सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और परिवार को इस मुश्किल समय में संबल देने की कोशिश की. बता दें कि भरत कपूर का हाल ही में हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था. वे लंबे समय से अस्वस्थ थे. उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक जताया था और उन्हें विनम्र व्यक्तित्व का धनी बताया था. इसके साथ ही तमाम नेता मंत्रियों ने कहा था कि भरत कपूर जैसे लोग समाज की पूंजी होते हैं और उनका जाना अपूरणीय क्षति है. कल्पना सोरेन की मौजूदगी से शोकाकुल परिवार को भावनात्मक सहारा मिला.

## हेमंत की सरकार में आदिवासियों की स्थिति हुई बदतर : बबलू मुंडा




शुभम संदेश। रांची

केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने सोमवार को कहा कि हेमंत की सरकार में आदिवासियों की स्थिति बदतर हुई है. केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में सोमवार को आईटीआई बजरा से राजभवन मार्च किया गया और पेसा कानून अधिनियम को अविलंब लागू करने को लेकर राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा गया.

सोमवार को केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में विभिन्न आदिवासी, धार्मिक सामाजिक संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आईटीआई बजरा पहुंच कर गुमला से पदयात्रा कर रांची पहुंचने वाले सभी आदिवासी नेताओं का स्वागत किया. इसके बाद केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व आईटीआई बजरा से राजभवन मार्च किया गया और पेसा कानून अधिनियम को अविलंब लागू करने को लेकर राज्यपाल को मांग पत्र सौंपा गया.

इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि पेसा कानून अधिनियम से राज्य के विभिन्न जिलों के पाहन, पईनभोरा, कोटवार, महतो, मानकी मुण्डा, बैगा आदि जैसे लोगों को मिलने वाले अधिकार संरक्षित होंगे. उन्होंने कहा कि पेसा कानून अधिनियम पेसा कानून पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम-1996 भारत में अनुसूचित क्षेत्रों पांचवीं अनुसूची में रहने वाले आदिवासी समुदायों को स्वशासन और उनके प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार देने के लिए बनाया गया है. इस कानून का उद्देश्य ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करना और जल जंगल जमीन जैसे संसाधनों पर उनके नियंत्रण को सुनिश्चित करना है.

### विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने में लगी है सरकार

बबलू ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासियों की परंपरागत व्यस्था को नष्ट करने में लगी है. सरकार एक विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने के लिए, आदिवासियों की धर्म संस्कृति रीति रिवाज रुढ़िवादी प्रथा को खत्म करना चाहती है. इसलिए हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में पेसा कानून अधिनियम 1996 लागू नहीं कर रही है.

### ई-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन व उसकी प्रगति की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

# पूरे सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का दिया निर्देश

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार अपना पूरा काम डिजिटल तरीके से करने की ओर कदम बढ़ा रही है. सरकार का आइटी डिपार्टमेंट इसके एक्शन प्लान पर काम शुरू कर चुका है. इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के तमाम विभागों के प्रमुखों संग मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को गहन मंथन किया. उन्होंने आइटी डिपार्टमेंट को ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश दिया. इस व्यवस्था को जनवरी 2026 के पहले पूर्ण करने को कहा. उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआइसी और जैपआइटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें. उन्होंने कहा कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें. तकनीकी व्यवस्था सुगम हो, ताकि अनावश्यक देरी नहीं हो. कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी ई-ऑफिस के जरिये कार्य करने की सहूलियत हो. उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सर्वप्रथम सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करें. ऐसा नहीं हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आए. मुख्य सचिव ई-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को उसकी प्रगति की समीक्षा कर रही थीं.



### चार विभागों में ई-ऑफिस शुरू

राज्य सरकार के चार विभाग कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा, वित्त विभाग, आईटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस सिस्टम की प्रक्रिया शुरू है. इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. अन्य विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं. इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है. कई विभागों ने अपने अधिकारियों के ई-ऑफिस सिस्टम पर ईमेल बना दिया है. मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी ई-ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया.

### ई-ऑफिस सिस्टम के लाभ

ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें सामने होंगी. उनका भौतिक रख-रखाव नहीं करना पड़ेगा. सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी. एक फाइल की कई-कई बार फोटोकॉपी आदि से बचाव होगा. आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी. फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी. यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी. फाइलें रेड टैपिंग से मुक्त होंगी. विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी. पेपरलेस काम होने से यह पर्यावरण हितैषी भी होगा.

## एक नजर

### स्वर्गीय विष्णु भैया की पत्नी चमेली देवी ने जाना गुरुजी का हाल, सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**रांची।** झामुमो की नेत्री और जामताड़ा के पूर्व विधायक स्वर्गीय विष्णु भैया की धर्मपत्नी चमेली देवी ने दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में झामुमो के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का हालचाल लिया. उल्लेखनीय है कि गुरुजी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ हैं और उनका इलाज दिल्ली में चल रहा है. चमेली देवी ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से गुरुजी के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की. इस अवसर पर उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी हुई. दोनों नेताओं के बीच शिबू सोरेन की तबीयत को लेकर चर्चा हुई. मुख्यमंत्री ने बताया कि चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज बेहतर ढंग से चल रहा है. चमेली देवी ने कहा कि गुरुजी झारखंड की राजनीति के मजबूत स्तंभ हैं. पूरे राज्य की जनता उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रही है. उनका मार्गदर्शन झामुमो परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है और उनका स्वस्थ रहना झारखंड के सामाजिक और राजनीतिक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है.

### अब पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय पदों पर लिखित परीक्षा से होगी नियुक्ति : राधाकृष्ण किशोर

**रांची।** पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अब पूरी तरह से लिखित परीक्षा के आधार पर की जाएगी. इसकी आधिकारिक जानकारी राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. उन्होंने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर लिया गया है और इसके लिए मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उपायुक्त पलामू को आवश्यक निर्देश दे दिए हैं.गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व में पलामू जिले में हुई चतुर्थ वर्गीय नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया था और छह माह के भीतर नई प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था. इसके बाद उपायुक्त की ओर से प्रकाशित नए विज्ञापन में शैक्षणिक अंकों के आधार पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया था. लेकिन अभ्यर्थियों ने इसका विरोध करते हुए लिखित परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की मांग की थी. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि अभ्यर्थियों की इस मांग को उन्होंने कैबिनेट बैठक में उठाया था. मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले अस्थायी रूप से नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाई और फिर 11 जुलाई को हुई कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई.

### संगठन सृजन बैठक में प्रखंड पर्यवेक्षकों संग जिलाध्यक्ष ने किया मंथन

## बीएलए -2 के लिए मंडल पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता के चयन पर सहमति

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में आयोजित की गई. बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं चुनाव आयोग के द्वारा बीएलए-2 के फार्म पर बूथवार कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता का चयन करने पर सहमति बनी है. इस कार्य को युद्ध स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए गुरुवार को 11:30 बजे से तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में होगी. वहीं दूसरी बैठक धालभूमगढ में शनिवार को 11:30 बजे से होगी.

बैठक में उपस्थित प्रखंड पर्यवेक्षकों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पंचायत कमेटी के गठन के साथ साथ बूथ कमेटी एवं बीएलए-2 का चयन करने का महत्वपूर्ण सुझाव रखा, जिसे सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष ने स्वीकार किया. जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, पर्यवेक्षकों में साकची प्रखड के राकेश कुमार तिवारी, पटमदा के खगेनतंद्र महतो, मानगो के ब्रजेंद्र कुमार तिवारी, जमशेदपुर ग्रामीण के अखिलेश सिंह यादव, चाकुलिया प्रखंड के केके. शुक्ल, घाटशिला प्रखंड के प्रिंस सिंह, डुमरिया प्रखंड के गुलाम सरवर, पोटका के विजय यादव मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक का संचालन एवं प्रबंधन उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने किया.



### महिला सुरक्षा को लेकर सख्त हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता

## ईमेल पर सीधे शिकायत की सुविधा

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर झारखंड पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. डायल 112, डायल 100 पर किसी भी तरह की शिकायत की जा सकती है. वहीं सभी जिले के एसपी को भी डीजीपी अनुराग गुप्ता ने महिला सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है. लेकिन अब उन्होंने अपने ईमेल आईडी पर भी शिकायत किए जाने की जानकारी दी है. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि बच्चियां, महिलाए उन्हें सीधे तौर पर शिकायत कर सकती है. उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि उनके ईमेल आईडी dgp@jhpolice. gov.in पर शिकायत कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि कोई सरकारी कर्मचारी, टीचर, पंचायत का सेवक या पुलिस कर्मी ही क्यों ना हो, अगर वह किसी बच्ची के साथ बदतमीजी करता है सेक्सुअल हैरेसमेंट करता है तो उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने यह भी कहा कि कभी-कभी महिलाएं इसकी आड़ में अपनी व्यक्तिगत दुश्मनी भी निकालती हैं. इसलिए महिला और बच्चियों की शिकायत सही हो इतना जानना जरूरी है. इसका वेरिफिकेशन होना चाहिए. पुलिस एक बार संतुष्ट हो जाए की शिकायत सही है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 90% मामले सही पाए जाते हैं. लेकिन कुछ मामले में आपसी दुश्मनी को निकालने के लिए गलत तरीके से शिकायत की जाती है. यह नहीं होना चाहिए. डीजीपी ने जमशेदपुर के एक मामले का जिक्र करते हुए उदाहरण भी दिया. उन्होंने बताया कि दो गोतिया की लड़ाई को गलत तरीके से पेश किया गया. व्यक्तिगत दुश्मनी को निकालने के लिए एक पक्ष के द्वारा दूसरे पर छेड़खानी का आरोप लगा दिया गया. ऐसा नहीं होना चाहिए.

## एक करोड़ की लेवी मांगने वाला कुख्यात नक्सली योगेंद्र गंझू उर्फ पवन गिरफ्तार

▸ हथियार और नक्सली पर्चा बरामद

शुभम संदेश। रांची

नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सुरक्षाबल के जवानों का लगातार एक्शन सारंडा में जारी है. मानसून के बावजूद सारंडा जंगल से आईईडी बरामद किए जा रहे है. तो वहीं दूसरी ओर रांची पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. बता दें कि रांची जिले के खलारी और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में लेवी वसूली की साजिश रच रहे भाकपा (माओवादी) के चार सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. ये सभी माओवादी बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास व्यवसायियों और ठेकेदारों से जबरन वसूली के इरादे से एकत्रित हुए थे.

**एक लोडेड देसी पिस्तौल बरामद:** गिरफ्तार माओवादियों में योगेन्द्र गंझू उर्फ पवन, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नायक शामिल हैं. इनके पास से एक लोडेड देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस, नक्सली पर्चे और लेवी वसूली में प्रयुक्त मोबाइल बरामद हुआ है.




### योगेंद्र गंझू पर कई थानों में मामला दर्ज

मुख्य आरोपी योगेन्द्र गंझू वर्ष 2006 से माओवादी संगठन से जुड़ा रहा है और कई बार पुलिस मुठभेड़ों में शामिल रह चुका है. वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है और हाल ही में 2022 में वो जेल से छूट कर बाहर आया था. उसके खिलाफ लातेहार, बालूमाथ, गारू, पांकी सहित कई थानों में गंभीर मामले दर्ज हैं.

**लेवी वसूलने की थी साजिश:** पुलिस के अनुसार ये चारों माओवादी ठेकेदारों, ईंट-भट्ठा मालिकों और व्यवसायियों से एक करोड़ रुपये लेवी वसूलने की साजिश रच रहे थे. गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इन्हें रंगे हाथ पकड़ा गया. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

### शराब की खुदरा बिक्री व्यवस्था में बदलाव के आने लगे सकारात्मक परिणाम

## झारखंड की 600 शराब दुकानों से मिल रहा है 80% एमजीआर

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में शराब की खुदरा बिक्री व्यवस्था में हाल ही में किए गए बदलावों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं. राज्य सरकार द्वारा मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से वापस ली गई शराब दुकानों में से 600 दुकानों से अब 80 प्रतिशत मिनिमम गारंटी रेवेन्यू (एमजीआर) मिल रहा है. यह आंकड़ा राज्य की नई उत्पाद व्यवस्था की सफलता की ओर इशारा करता है.

गौरतलब है कि झारखंड उत्पाद नीति 2022 के तहत राज्य सरकार ने झारखंड बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेबीवीसीएल) के माध्यम से शराब की खुदरा बिक्री का मॉडल अपनाया था. इस दौरान मैनपावर सप्लाई करने वाली निजी कंपनियों की मदद से दुकानों का संचालन किया जा रहा था. लेकिन नीति में आई कई खामियों और शिकायतों के मद्देनजर सरकार ने 2025 की नई उत्पाद नीति के क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाया और इन कंपनियों से खुदरा दुकानों का संचालन वापस ले लिया.

कुल 1453 दुकानों में से 600 दुकानों को पुनः सक्रिय कर कॉरपोरेशन के प्रत्यक्ष संचालन में लाया गया है. इन दुकानों को चलाने के लिए सरकार ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं. वर्तमान में इन्हीं निर्देशों के तहत शराब की खुदरा बिक्री की जा रही है, जिससे सरकार को जुलाई महीने के लिए निर्धारित 221.85 करोड़ रुपए के एमजीआर के मुकाबले अब तक 80% राजस्व प्राप्त हो चुका है. यह स्थिति बताती है कि सरकार द्वारा खुदरा बिक्री प्रणाली में किए गए बदलाव सही दिशा में हैं और नई उत्पाद नीति की ओर राज्य धीरे-धीरे स्थिरता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रहा है.



### सहायक श्रमायुक्त की अध्यक्षता में बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों की बैठक

## 7 तारीख से पूर्व दें कर्मियों का वेतन : श्रमायुक्त

शुभम संदेश। रांची

सहायक श्रमायुक्त की अध्यक्षता में सोमवार को बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों की बैठक डोरंडा स्थित श्रम भवन में आयोजित की गई. सहायक श्रमायुक्त ने मोटर परिवाहन कर्मकार अधिनियम 1961 के अन्तर्गत स्थापना, प्रतिष्ठान के निबंधन और नवीनीकरण एवं मोटर परिवहन में नियोजित चालक तथा सह चालकों को उक्त अधिनियमों के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी.

बैठक में सहायक श्रमायुक्त ने सभी बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मियों को प्रत्येक माह की सात तारीख तक उनके मजदूरी का भुगतान हर परिस्थिति में करें. ताकि मजदूरों के हित में बनी मजदूरी भुगतान अधिनियम का पालन हो सके. वहीं उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के रिट पर दिये गए निर्देश पर मोटर वाहन अधिनियम साथ ही मोटर परिवहन कर्मचारी अधिनियम के तहत निर्धारित कार्यावधि में सभी बस चालकों, सह चालकों (खलासियों) और अन्य कर्मचारियों के कार्य अवधि को प्रतिदिन अधिकतम आठ घंटे एवं सप्ताहिक 48 घंटे निर्धारित करने की बात कही.

**बैंक खाता के माध्यम से दें मजदूरी:** इसपर सभी बस चालकों एवं ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि उनके यहां नियोजित सभी कर्मियों से आठ घंटे से ज्यादा समय तक कार्य नहीं कराया जाता है. साथ ही कहा गया कि लंबी दूरी के परिवहन के कार्य में एक से ज्यादा कर्मियों को रखा जाता है. ताकि किसी एक व्यक्ति पर कार्य अधिकता का दबाव न हो.

वहीं उपस्थित सभी बस मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को अपने सभी कर्मचारियों को बैंक खाता के माध्यम से उनका मजदूरी भुगतान करने निर्देश दिया गया. सहायक श्रमायुक्त ने नाबालिगों को किसी भी तरह के कार्य में अपने यहां नियोजित नहीं करने की हिदायत देते हुए इसके उल्लंघन की स्थिति में संभावित दंड के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी.



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 15 जुलाई 2025 । श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 98 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




बाबा आम्रेश्वर धाम

## बनई नदी पुल टूटने से भक्तों को हो रही परेशानी

खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलौल गांव के पास बनई नदी के पुल टूट जाने और अब तक डायवर्सन का निर्माण नहीं होने से बाबा आम्रेश्वर धाम आनेवाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. लोगों को मुरहू, कर्रा या जुरदाग के रास्ते लंबी दूरी तय कर बाबा धाम आना पड़ रहा है. ज्ञात हो कि 19 जून को हुई भारी बारिश के कारण बनई नदी का पुल ध्वस्त हो गया था. सांसद-विधायक सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया था कि सावन के महीने में बाबा के भक्तों को कोई परेशानी नहीं होगी और डायवर्सन बनकर तैयार हो जाएगा. डायवर्सन का मिर्माण कार्य तो शुरू हो गया, पर विभाग के अधिकारी भी स्वीकार करते हैं कि डायवर्सन बनने में कम से कम तीन महीने का समय लगेगा.

# बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शुभम संदेश। खूंटी**

मूसलाधार बारिश और मेघ गर्जन के बावजूद सावन की पहली सोमवारी को खूंटी के ऐतिहासिक बाबा आम्रेश्वर धाम में भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. बाबा का जलाभिषेक-दुग्धाभिषेक करने के लिए आधी रात के बाद से ही भक्तों की भीड़ बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में जुटने लगी थी. तड़के जैसे बाबा धाम परिसर के मंदिरों को पट खुले पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव, नाम पार्वती पतये नमः के जयकारों से गुंजायमान हो उठा. मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट और प्रबंध समिति के सदस्य व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे. तड़के सुबह प्रारंभ हुए पूजन-अर्चन का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी और सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे. पूजा-अर्चना के बाद दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेले का आनंद उठाया. मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. साथ ही दंडाधिकारियों के साथ समुचित संख्या में महिला-पुरुष बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है. मेले में लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कई सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं. चिकित्सा सुविधा के लिए अंगराबारी स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को चिकित्सकीय सुविधा के साथ 24 घंटे क्रियाशील बनाया गया है. जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसे ध्यान में रखकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार के अलावा अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष उपेंद्र कश्यप, दानियल भगत, आनंद वर्मा, मंत्री प्रेमचंद महतो, जगदीश नाग, महेंद्र अग्रवाल, महेंद्र कश्यप, महेंद्र प्रसाद भगत, कोषाध्यक्ष संतोष पोद्दार, अरुण कर, दुर्गा महतो, केशरी कश्यप, नरेंद अधिकारी, प्रेमानंद तिवारी, प्रह्लाद साव, मिथिलेश ठाकुर, विजय राम, हरिपोदो महतो, सुदामा प्रसाद, शिवगोविंद साहू, ओमप्रकाश प्रसाद, दीपक सिंह, प्रदीप साहू, सत्यजीत दिन भर व्यवस्था बनाने में लगे रहे. बाबा आम्रेश्वर धाम के अलावा शहर के बुढ़वा महादेव, नामकोम स्थित बुचा महादेव, पिपराटोली स्थित शिवालय, तोरपा के बाबा नागेश्वर धाम, जरिया स्थित पुरातन यिाव मंदिर, बिकुवादाग शिवालय सहित अन्य शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा.

झारखंड में कहर बनकर टूटी बारिश

# आकाशीय बिजली गिरने से 12 की हुई मौत, कई झुलसे

- राज्य में 16 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी.
- ठनका गिरने और तेज हवा का भी अलर्ट.
- गिरिडीह और दुमका में तीन-तीन लोगों की जान गई.

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में रविवार और सोमवार को मौसम कहर बनकर टूटा है. राज्य के अलग-अलग जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई. जबकि सात लोग गंभीर रूप से झुलस गये हैं. इनमें से कई लोग खेतों में काम करने के दौरान वज्रपात की चपेट में आए.

राज्य में रविवार को हुई वज्रपात की घटनाओं में गिरिडीह और दुमका जिले सबसे ज्यादा प्रभावित रहे, जहां तीन-तीन लोगों की मौत हुई है. हालांकि झारखंड वासियों को अभी बारिश से छुटकारा नहीं मिलेगा. मौसम विभाग ने 16 जुलाई तक भारी बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है.

### गिरिडीह-दुमका में सबसे ज्यादा मौतें, जानें किन जिलों में कितनी हुई मौतें

- गिरिडीह और दुमका में आकाशीय बिजली गिरने से तीन-तीन लोगों की मौत हुई है.
- चतरा जिले के लेम गांव में खेत में काम कर रही गीता देवी की ठनका गिरने से मौत हो गई. वहीं लोवागड़ा में खेत में काम कर रही अनिता देवी की जान चली गई, जबकि सविता देवी गंभीर रूप से झुलस गईं.
- गिरिडीह के माधवाडीह गांव में 18 वर्षीय दस्तगीर आलम और गोराडीह गांव में 50 वर्षीय झरी यादव की वज्रपात की चपेट में आकर मौत हो गई. वहीं बेंगाबाद के बिजलीवधान इलाके में अशोक महतो और उनकी पत्नी प्रमिला देवी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस गए.
- पश्चिम सिंहभूम के भरडीहा गांव में ठनका गिरने से 14 वर्षीय छात्र की मौत हो गई.
- इसके अलावा लोहरदगा में 2, गुमला में 1 और राजधनवार में 1 व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जान चली गई.

### बारिश बनी आफत, खेती पर मंडराया संकट

राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. एक जून से अब तक 510 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 61% अधिक है. इसका असर धान की खेती पर पड़ा है. लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे 25% से ज्यादा धान के बिचड़े सड़ चुके हैं. पलामू में 30%, गुमला में 25%, धनबाद, गिरिडीह व बोकारो में 20%, रांची में 10%, हजारीबाग में 13%, जबकि लातेहार, पश्चिम सिंहभूम और खूंटी जिले में 5% बिचड़े को नुकसान पहुंचा है. बिचड़ा सड़ जाने के कारण धानरोपनी पर संकट गहराने लगा है.


**16 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट :** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सर्कुलेशन और निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण राज्य में 16 जुलाई तक बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है. पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिलों के लिए ऑरेंज, जबकि रांची, लोहरदगा, गिरिडीह, देवघर, धनबाद, जामताड़ा, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम में येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान कुछ जिलों में बहुत भारी बारिश (120 से 200 मिमी तक) और कुछ में भारी बारिश (70 से 110 मिमी तक) की संभावना है. इसके साथ ही 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गर्जन तथा वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है.

**राजधानी में बदला मौसम का मिजाज :** सोमवार को रांची में धूप और बादल छाए रहे. लगभग 25 दिनों की लगातार बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली. हालांकि, देर शाम फिर से बारिश शुरू हो गई. दिन में हल्की धूप निकली. इससे अधिकतम पार 31 डिग्री तक पहुंच गया.

# 12 फीट के अजगर का रेस्क्यू, पुआल में छुपकर बैठा था

**लातेहार।** जिले के बारेसाढ़ के परेवाटांड़ से वन विभाग की टीम ने 12 फीट के एक अजगर का रेस्क्यू किया है. यह अजगर अर्जुन सिंह के पुआल में छुपा था. सोमवार को पलामू टाइगर रिजर्व में 12 साल से तैनात वनपाल परमजीत तिवारी और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि अर्जुन सिंह के घर के पास विशाल अजगर देखा गया है. इसकी सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी. टीम ने 12 फीट लंबे और 18 किलो वजनी अजगर का रेस्क्यू किया. बाद में रेस्क्यू टीम ने अजगर को कुम्हरमारा जंगल में छोड़ दिया.

अजगर मिट्टी के घर में लगने वाली कंडी के बराबर मोटा था. यह बकरी, छोटे मवेशी के बराबर किसी भी जीव को निगल सकता था. रेस्क्यू टीम में फॉरेस्टर परमजीत, वाइल्डलाइफर शेरा, ट्रैकर अमन, क्यूआरटी सदस्य मुखराज यादव और लक्ष्मण यादव, ग्रामीण आकाश कुमार शामिल थे.



- लातेहार के बारेसाढ़ में 12 फीट लंबे अजगर का सफल रेस्क्यू किया गया है. अजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ा गया है. वन विभाग की टीम सभी से आग्रह करती है कि अजगर या सांप को देखने के बाद सूचना दें, ताकि उसका रेस्क्यू किया जा सके. **- परमजीत तिवारी, फॉरेस्टर**

**बिल में भरा पानी, जंगल जाने वाले रहें सावधान :** पिछले एक महीने से पलामू प्रमंडल में बारिश हो रही है. इससे सभी जलस्रोत भर गए हैं. अजगर और सांप के बिलों में भी पानी भर गया है. इससे वे बिलों से बाहर निकल कर रहे हैं. भींगे पत्ते और पुआल जैसी वस्तु के बीच सांप आसानी से छुप जाते हैं. भींगे पत्ते हवा से उड़ नहीं सकते हैं. इस कारण सांप को छुपने में आसानी होती है. सांप को बिल के बाहर भोजन भी आसानी से मिल रहा है. सांप को मेढ़क आसानी से मिल रहे हैं.

## स्वर्णरेखा नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**जमशेदपुर।** मानगो थाना क्षेत्र के रोड नंबर-5 के पास स्थित स्वर्णरेखा नदी से सोमवार को एक अज्ञात शव पुलिस ने बरामद किया. शव दिखते ही इलाके में सनसनी फैल गई. स्थानीय मछुआरों ने सबसे पहले शव को देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पहचान की कोशिश शुरू की, लेकिन फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को खंगाल रही है ताकि शव की शिनाख्त हो सके. स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह-सुबह जब मछुआरे मछली पकड़ने पहुंचे तो नदी में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया. उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद क्षेत्र के लोग जुट गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई.

# घर में घुस बुजुर्ग महिला की हत्या, दो घायल

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पोडाडीहा पंचायत के चांपी गांव में रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक ही परिवार की तीन महिलाओं पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. इस हमले में नीरस सरदार (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गुलाबी सरदार और रिश्तेदार संध्या सरदार गंभीर रूप से घायल हो गईं.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि चांपी गांव के नीचे टोला में नीरस सरदार अपनी बेटी गुलाबी और रिश्तेदार संध्या के साथ एक ही कमरे में सो रही थीं. रात के अंधेरे में अपराधी खिड़की के रास्ते घर में घुसे और तीनों पर धारदार हथियार से वार कर दिया. सोमवार सुबह करीब सात बजे तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों ने खिड़की से झांककर देखा. तीनों महिला सदस्य लहूलुहान अवस्था में पड़ी थीं.



घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने कोवाली पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए जमशेदपुर सदर अस्पताल भेजा. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है. फिलहाल हमलावरों का सुराग नहीं मिल पाया है. घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है.

**मुसीबत :** लगातार हो रही बारिश से खेती-बारी चौपट, आम जनजीवन प्रभावित

# घरों से निकलना मुश्किल, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी

**शुभम संदेश। रांची/खूंटी**

पिछले एक महीने से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने खेती-बारी के काम को तो चौपट कर ही दिया है, आम जन जीवन पर भी इसका काफी प्रभाव पड़ रहा है. गत 14 जून से शुरू हुई बारिश एक महीने से लगातार जारी है. रांची- खूंटी समेत पूरे झारखंड में रविवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश से नदी-नाले और खेत-खलिहान सब लबालब भर गये हैं, वहीं आम लोगों की भी मुसीबत बढ़ गई है. भारी बारिश के कारण लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है. बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी कठिनाई हो रही है. बारिश में भींग कर बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं. बारिश के कारण नदी-नालों कें भर जाने और दर्जनों पुल-पुलिया के ध्वस्त हो जाने के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. लगातार बादल गरजने और बिजली कड़कने से अभिवकों की चिंता भी बढ़ गई है. भारी बारिश के कारण सड़कों और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है. बारिश के कारण कई कच्चे मकान अब तक गिर चुके हैं. इस कारण कई लोगों को सिर छिपाने के लिए छत नहीं मिल रही है. समाचार लिखे जाने तक अकेले खूंटी जिले के सभी इलाकों में मूसलाधार बारिश जारी है. पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा है. दुकानों से ग्राहक नदारत हैं. सड़कों पर वाहनों का आवागमन पर भी बारिश ने खलल डाला है. जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों की मुसीबत बढ़ गई है.

### धान, मड़ुआ और सब्जी की खेती पर प्रतिकूल प्रभाव

बारिश के कारण कृषि कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. खेतों में लबालब पानी भर जाने से एक ओर जहां किसान धान और मड़ुआ के बीज खेतों में नहीं लगा पा रहे हैं, वहीं सब्जियां भी खेतों में सड़ रही हैं. लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के सभी जल प्रपात अपने रौद्र रूप में दिख रहे हैं. जल प्रपातों की गर्जना काफी दूर से सुनाई पड़ रही है. इसको देखते हुए प्रशासन ने पेरवांघाघ, पंचघाघ, रानी फॉल, पाडूपुड़िंग, उलूंग, चंचला घाघ सहित अन्य जल प्रपातों के पास सैलानियों के जाने पर रोक लगा दी है. स्थानीय प्रशासन भी पर्यटकों से सावधानी बरतने और जोखिम न उठाने की अपील कर रहा है. कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने बताया कि फिलहाल खूंटी के लोगों को बारिश से राहत मिलने वाली नहीं है. अगले दस दिनों तक हर रोज कहीं कम तो कहीं अधिक बारिश होगी. उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को 19.2 मिलीमीटर, 16 को 25 मिमी, 17 को 13.6, 18 को 16.5, 19 को 13.7, 20 को 8.6, 21 को 14.1, 22 को 14.2, 23 को 16.5 और 26 जुलाई को 28.7 मिमी बारिश की संभावना है.



## जमशेदपुर में नाले से मिली अर्धनग्न अवस्था में युवती की लाश

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत डिमना लेक के नाला में सोमवार सुबह एक अज्ञात युवती की लाश अर्धनग्न अवस्था में तैरते हुए मिली. इससे आसपास के लोगों में सनसनी व्याप्त है. मृतका के दोनों पैर भी रस्सी से बंधे हुए थे. इससे आसपास के स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि पहले युवती के साथ रेप किया गया. जिसके बाद उसकी हत्या कर लाश को नदी में फेंका गया है. जिसके बाद युवती का शव तैर कर डिमना लेक के नाले में आ पहुंचा. दूसरी ओर, आसपास के लोगों के द्वारा अज्ञात युवती का शव मिलने की सूचना तत्काल एमजीएम थाना की पुलिस को दी गयी. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है. पुलिस ने युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है.

# फायरिंग मामले में घायल युवक की मौत, भारी तनाव

- 9 जुलाई को ही आशीष को जान से मारने की धमकी दी गई थी.

**संवाददाता । जमशेदपुर**

बागबेड़ा के हरहरगुट्टू में 11 जुलाई की देर रात गोली लगने से घायल आशीष कुमार भगत ने सोमवार तड़के दम तोड़ दिया. उसकी मौत के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. पुलिस जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आई है. घटना के बाद पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है.

बताया जा रहा है कि 9 जुलाई को ही आशीष को जान से मारने की धमकी दी गई थी. उसके दोस्तों के अनुसार, धमकी देने वालों में टेपर, छोटू और रंजन का नाम सामने आया था. कुछ दिनों पहले साई मंदिर के पास आशीष का इन युवकों से विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट भी हुई थी. तब स्थानीय लोगों ने मामला सुलझा दिया था, लेकिन उसी विवाद को लेकर उसे गोली मारी गई. घटना शुक्रवार देर रात बागबेड़ा थाना क्षेत्र के कीताडीह स्थित साई कॉम्प्लेक्स के समीप हुई थी.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रात के समय गोली चलने की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए थे और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी. सूचना मिलते ही बागबेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल आशीष को इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी. अंततः सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई




पहली सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर रांची में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

# चहुंओर गूंजते रहे हर-हर महादेव के जयकारे

शुभम संदेश। रांची

सावन की पहली सोमवारी को राजधानी रांची स्थित ऐतिहासिक और पावन पहाड़ी मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला. सोमवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर की ओर उमड़ पड़ी. श्रद्धालु रात 1 बजे से ही स्वर्णरेखा नदी से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए पहाड़ी बाबा के दर्शन को निकले. वहीं कई स्थानीय श्रद्धालु भी पहाड़ी मंदिर पहुंच बाबा भोले पर जल अर्पित किया. सुबह 3 बजे मंदिर का पट खोला गया और 4 बजे से विधिवत रूप से जलाभिषेक का क्रम शुरू हुआ. चारों ओर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंज रहे थे. श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों के साथ बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की. इस अवसर पर महिलाओं की भी भारी भागीदारी देखने को मिली. लाल, पीले, भगवा वस्त्रों में सजी महिलाएं कलश और पूजा सामग्री के साथ पहाड़ी चढ़ती दिखीं. पूजा के दौरान नाग गुफा में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी. यहां भोले बाबा के गण नाग देवता की विशेष पूजा होती है, जिसका धार्मिक और पौराणिक महत्व है. श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां दर्शन मात्र से कालसर्प दोष और संकटों से मुक्ति मिलती है.पहाड़ी मंदिर पर इस बार सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए. भीड़ के सुगम संचालन के लिए चढ़ने और उतरने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं. सिविल डिफेंस, नगर निगम, रांची पुलिस और प्रशासन के कर्मी मुस्तैद दिखे. सीसीटीवी कैमरों और नियंत्रण कक्ष के माध्यम से पूरी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है.

भक्तों ने बताया कि यह सावन की पहली सोमवारी है, इसलिए श्रद्धा और उत्साह दोनों चरम पर हैं. दिन भर जलाभिषेक का क्रम जारी रहेगा. कई श्रद्धालु परिवार सहित आकर रातभर मंदिर परिसर के पास रुके रहे ताकि सुबह-सवेरे पहले दर्शन कर सकें.मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है. जल सेवा, प्रसाद वितरण और मेडिकल कैंप जैसी सेवाएं भी स्थानीय संगठनों की मदद से चलाई जा रही है. श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल टॉयलेट, पेयजल और छाया की व्यवस्था भी की गई है.




## रात के 1:00 से ही पहुंचने लगे श्रद्धालु, सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

### सोमवार को जलार्पण से भक्तों को मिलता है विशेष फल

पहाड़ी मंदिर के पुजारियों ने बताया कि सावन में बाबा भोलेनाथ की पूजा विशेष फलदायक होती है. पहली सोमवारी का महत्व हजारों वर्षों से बना हुआ है. यह आस्था और संयम का पर्व है, जहां श्रद्धालु कांवर यात्रा कर अपने आराध्य को प्रसन्न करते हैं.

## कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान के तहत महानगर कांग्रेस की बैठक



शुभम संदेश। रांची

कांग्रेस से नाता जोड़ो अभियान के तहत महानगर कांग्रेस की बैठक धूमकुड़िया भवन, मोरहाबादी में हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की बड़ी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ ही उनके निराकरण पर विचार-विमर्श करना था. बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व उपाध्यक्ष अरुण चावला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू लगभग प्रत्येक महीने ही झारखंड का दौरा कर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ झारखंड में कांग्रेस को मजबूत बनाने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं. तो हमारा भी यह नैतिक दायित्व है कि रांची लोकसभा और विधानसभा सीट पर अगले चुनाव में जीत हासिल करने हेतु हम भी कोई कसर नहीं छोड़ें. पूर्व नगर उपाध्यक्ष शांति खलखो ने स्वागत भाषण में कहा कि वे विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र के लोगों के साथ उनके हर समस्या को दूर करने में कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं. संगीता कुमारी ने कहा कि हम सभी सांगठनिक रुप से मज़बूत हो कर कांग्रेस पार्टी को जिताने में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे. परंतु पार्टी को भी हमारी गंभीर समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए. मनीषा मिंज ने कहा कि करमटोली पीड़ी टोली में जल जमाव की गंभीर समस्या से 100 लोगों का जीवन नारकीय हो गया है. परंतु इसके निदान हेतु किए गए तमाम प्रयास असफल हुए हैं. बैठक में अरुण चावला,शांति खलखो, कैलाश मुंडा, शकुंतला उरांव, आशा तिर्की, संगीता टोप्पो, राजेश लिंडा, पूनम देवी, निर्मला तिर्की, सुमित्रा खलखो, रेशमा उरांव, सुषमा मिंज, ज्योति कच्छप, ऋषिता मिंज, मालती मिंज, तनिमा मिंज, अंजली, उज्जवल लकड़ा, अमित तिग्गा, अनिल कच्छप, ललिता तिर्की, राधा देवी, शांति उरांव, सुनील मिंज, बांके, क्रिस्टीना धान आदि मौजूद थे.

### छात्राओं के भविष्य को लेकर आरयू गंभीर नहीं है

**रांची।** रांची विवि के अधीन संचालित वोकेशनल कोर्स (सत्र 2022–25) की छात्राओं को अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं और परिणामों में विलंब के कारण देशभर के विश्वविद्यालयों में पीजी प्रवेश से वंचित होना पड़ रहा है. इस देरी के कारण छात्राएं मानसिक तनाव, आर्थिक दबाव और सामाजिक असुरक्षा का सामना कर रही हैं. इस समस्या को ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन झारखंड के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अफ़ज़ल दुर्रानी ने रांची विवि के कुलपति एवं राज्यपाल और यूजीसी को आवेदन लिख कर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है. वहीं, दुर्रानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छात्राओं का भविष्य विवि के गलियारों में फाइलों की तरह धूल खा रहा है.

रांची रेलवे स्टेशन से 13 वर्षीय बालक का रेस्क्यू

## ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत आरपीएफ की कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन से एक 13 वर्षीय बालक को संदिग्ध हालत में भटकते हुए पाया और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया है. यह कार्रवाई रेलवे द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' के तहत की गई. इस अभियान का उद्देश्य स्टेशन परिसर में लावारिस या भटके हुए बच्चों को बचाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है. यह जानकारी आरपीएफ रांची ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है. रांची डिवीजन के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर चल रहे 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' अभियान के दौरान रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की नजर एक नाबालिग पर पड़ी. बालक काफी घबराया हुआ था और अकेला नजर आ रहा था. जवानों ने तुरंत बच्चे को रोका और उससे पूछताछ की.पूछताछ में बालक ने बताया कि वह बिहार राज्य के जिला रोहतास का रहने वाला है. उसने बताया कि वह बिना बताए घर से भागकर रांची आ गया है और अब घर लौटने का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है. बालक की स्थिति को देखकर आरपीएफ की टीम उसे रांची आरपीएफ पोस्ट लेकर गई, जहां उसकी काउंसलिंग कराई गई और सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी की गई. इसके बाद आरपीएफ ने बालक को 'चाइल्ड लाइन रांची' को सौंप दिया, ताकि उसकी देखभाल की जा सके और आगे की उचित कार्रवाई हो सके. आरपीएफ की इस त्वरित और संवेदनशील पहल से एक मासूम को समय रहते सुरक्षित बचाया जा सका और उसे दोबारा एक बेहतर दिशा मिल पाई.इस संबंध में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाया जा रहा 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' देशभर में रेलवे परिसरों में गुमशुदा, भटके हुए या संकट में फंसे बच्चों की पहचान कर उन्हें उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाने का एक प्रयास है. इस अभियान के तहत अब तक हजारों बच्चों को बचाया जा चुका है.रांची रेलवे स्टेशन से बालक का रेस्क्यू न सिर्फ आरपीएफ की सतर्कता को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि रेलवे अब सिर्फ ट्रेनों के संचालन तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी आगे बढ़ रहा है.




## एक नजर

### लायंस क्लब की ओर से जरूरतमंदों के बीच छाता और रेनकोट का वितरण किया गया



**रांची।** रांची लायंस क्लब की ओर से सोमवार को जगन्नाथपुर स्थित बिरसा शिक्षा निकेतन परिसर में छाता और रेनकोट का वितरण किया गया. कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ छातों का वितरण जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांग जनों के बीच किया गया. इस अवसर पर क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप बंका ने खुद वितरण कार्य में भाग लेते हुए कहा कि बारिश के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना क्लब का सामाजिक दायित्व है. इसलिए यह कदम उठाया गया है. उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहला कार्य किया है. आगे भी इस प्रकार का जनसेवा करते रहेंगे. कार्यक्रम का संचालन चेयरपर्सन अनुज कुमार सहाय ने किया. कार्यक्रम में बिरसा शिक्षा क्लब के सचिव अनिल, कुमार गोयल, पूर्व अध्यक्ष लायन हरविंदर वीर सिंह, लायन मनीष गाड़ोदिया, सुजाता गाड़ोदिया, लायन डॉ. अरुण और प्रियंका सहाय मौजूद थे.

### एक्शन में नगर निगम, डोरंडा में स्कूलों के पास से मीट, मछली और तंबाकू की दुकानों को हटाया गया

**रांची ।** रांची नगर निगम ने बच्चों के स्वास्थ्य और शैक्षणिक माहौल को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से अवैध दुकानों और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कदम उठाया है. सोमवार को डोरंडा इलाके में स्थित एजी मोड़, साउथ ऑफिस पाड़ा, नॉर्थ ऑफिस पाड़ा, डोरंडा कॉलेज और सेंट जेवियर्स स्कूल के आसपास विशेष अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत अवैध रूप से संचालित दुकानों और अतिक्रमण जैसे मीट, मछली और तंबाकू को खासकर को हटाया गया. नगर निगम की टीम ने यहां दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे स्कूलों के पास इस तरह की अवैध गतिविधियों से बचें. इसके अलावा, नगर आयुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर निगम ने शहर के स्कूलों के 300 मीटर के दायरे में मीट, मछली और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. इस अभियान का मकसद बच्चों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है. नगर निगम ने इस मुहिम को शहर के अन्य हिस्सों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है. नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### झारखंड हाईकोर्ट सख्त: वकीलों की स्वास्थ्य बीमा व कल्याण योजनाओं पर सरकार से दो हफ्ते में मांगा जवाब

**रांची ।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की स्थिति पर सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से दो सप्ताह में विस्तृत जवाब मांगा है. मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने यह आदेश अधिवक्ता विदेश कुमार धान द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया. याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने ट्रस्टी कमेटी के तहत केवल 15,000 वकीलों को ही स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जबकि राज्य में करीब 33,000 अधिवक्ता पंजीकृत हैं. याचिकाकर्ता ने इसे समानता के अधिकार का उल्लंघन बताते हुए सभी वकीलों को योजना में शामिल करने की मांग की है. साथ ही वकीलों के परिवारों को भी इस योजना में जोड़ने और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा कल्याणकारी पैकेजों से अधिवक्ताओं को लाभान्वित करने की अपील की गई है. कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि वर्तमान में अधिवक्ताओं को कौन-कौन सी सुविधाएं दी जा रही हैं और भविष्य में किन योजनाओं को लागू करने की योजना है. विदित हो कि झारखंड में बड़ी संख्या में अधिवक्ता छोटे शहरों और जिलों में कार्यरत हैं, जहां उन्हें सरकार की ओर से न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं. याचिका में अन्य राज्यों में लागू अधिवक्ता कल्याण योजनाओं का हवाला देते हुए झारखंड में भी ऐसी योजनाएं लागू करने की मांग की गई है.

### नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आईसीएआर-आरसीईआर अनुसंधान केंद्र प्लांडु का दौरा किया

**रांची।** पूर्व-मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को आईसीएआर-आरसीईआर, कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र प्लांडु, रांची का भ्रमण किया. केंद्र के प्रभारी प्रधान डॉ. आरएस पान ने भ्रमण के दौरान उन्हें केंद्र द्वारा विकसित विभिन्न उन्नत तकनीकों जैसे सब्जी सोयाबीन की उन्नत किस्मों, ग्राफ्टेड टमाटर, परवल की स्वर्ण अलौकिक किस्मों, फसलों के अवशेषों के पुनः प्रयोग द्वारा केंचुआ खाद निर्माण की तकनीक, कम लागत वाले प्राकृतिक हवादार पॉलीहाउस में सब्जियों की संरक्षित खेती, बैंगन की जड़ों पर टमाटर की ग्राफ्टिंग, अमरूद की अतिसघन बागवानी, कृषि-वानिकी आधारित बागवानी, प्रकंदों की उन्नत किस्मों, फलों की पौधशाला, समेकित कृषि प्रणाली, सौर ऊर्जा आधारित कीट-नियंत्रक यंत्र आदि का अवलोकन कराया. मरांडी ने केंद्र द्वारा विकसित सभी तकनीकों की सराहना की.

### निगम बढ़ाए गए होर्डिंग शुल्क को ले वापस : चैंबर

**रांची।** झारखंड चेंबर की इंडोर आउटडोर उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन राजीव चटर्जी की अध्यक्षता में सोमवार को चेंबर भवन में हुई. बैठक में नगर निगम की ओर से होर्डिंग शुल्क में की जाने वाली वृद्धि से हो रही परेशानियों पर सदस्यों ने चर्चा की. कहा गया कि नगर निगम की ओर से प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ होर्डिंग शुल्क वसूला जा रहा है. इसे निगम को वापस लेना चाहिए. बैठक में कहा गया कि नियमानुसार प्रत्येक पांच वर्ष में शुल्क में वृद्धि का प्रावधान है.

## सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से, तैयारी जोरों पर, डीसी ने दिए निर्देश

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के युवाओं के लिए सेना में भर्ती होने का सुनहरा मौका आने वाला है. रांची के खेलगांव में 22 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक सेना भर्ती रैली का आयोजन संभावित है. इसको लेकर रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में एक अहम बैठक हुई.

**रैली में पूरी तैयारी, युवाओं को मिलेगा हर सुविधा :** बैठक में मौजूद डायरेक्टर रिक्रूटिंग कर्नल विकास भोला ने कहा कि रांची जिला के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सेना में भर्ती कराना उनका मकसद है. इसके लिए भर्ती स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं, मेडिकल टीम, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा और रहने की उचित व्यवस्था की जाएगी. उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी जरूरी इंतजाम समय पर पूरे कर दिए जाएंगे.

**दलालों से रहें सावधान :** डीसी भजन्त्री ने युवाओं से साफ कहा कि भर्ती पूरी तरह पारदर्शी तरीके से होती है, इसमें किसी दलाल की कोई जरूरत नहीं है.

कोई झांसे में न आएं, जो योग्य होगा, उसी की भर्ती होगी. अगर कोई व्यक्ति पैसे या झूठे वादे करता है, तो उससे दूर रहें और उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें.

**इन पदों के लिए होगी भर्ती :**
अग्निवीर (जनरल ड्यूटी)
अग्निवीर (टेक्निकल)
अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर)
अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास)
अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास)

**दस्तावेज और मोबाइल जरूरी :** जो भी युवा रैली में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन जाति, निवास और चरित्र प्रमाण पत्र साथ लाना होगा. बिना सही दस्तावेजों के भर्ती रैली में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. साथ ही सभी अभ्यर्थियों को अपना एंड्रॉयड मोबाइल फोन लाना अनिवार्य है. रैली का प्रवेश पत्र भीगने से बचाकर रखें.



विमोचन — लाला लाजपत राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में त्रैमासिक पत्रिका स्कॉलर स्पेक्ट्रम का विमोचन

## बच्चों को भारतीय तटरक्षक के रूप में करियर बनाने की मिली जानकारी

शुभम संदेश। रांची

लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को त्रैमासिक पत्रिका स्कॉलर स्पेक्ट्रम का मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने विमोचन किया. मौके पर मुख्य अतिथि संजय सेठ, सम्मानित अतिथि आईएचएम के प्राचार्य( इसी विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी 1993 ) डॉ. भूपेश कुमार, डिप्टी इंस्पेक्टर डीआईजी केएल अरुण का स्वागत पंजाबी हिंदू बिरादरी सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर उग्गल,महासचिव राजेश मेहरा, अवैतनिक सचिव रवि परासर,विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, उप प्राचार्य प्रफुल्ल कुमार द्वारा किया गया. दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.




**भारतीय तटरक्षक के रूप में करियर बनाने की जानकारी दी गई :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 11वीं और 12वीं के बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र रखा गया, जिसमें बच्चों के लिए भारतीय तटरक्षक के विषय डिप्टी कमांडेंट सरताज सिंह साही द्वारा बताया गया. उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 12वीं और ग्रेजुएशन के बाद किस तरह से हम भारतीय तटरक्षक में ज्वाइन कर सकते हैं. मुख्य अतिथि संजय सेठ ने बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय तटरक्षक के विषय में बताया, उनको भी सेना ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया, ताकि देश की रक्षा कर सकें. डीआईजी केएल अरुण ने बच्चों को संबोधित करते हुए नए भारत की रूपरेखा बताते हुए बच्चों को अपने देश में रहकर देश की रक्षा के नए उपाय के बारे में भी बताया.कार्यक्रम का संचालन पल्लवी सिन्हा ने किया. इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे. बिरादरी के पदाधिकारियों ने अतिथियों को सम्मानित किया

मुख्य अतिथि संजय सेठ को पंजाबी हिंदू बिरादरी सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने शॉल ओढ़ा कर व पौधा देकर स्वागत किया . सम्मानित अतिथि डॉ. भूपेश कुमार को महासचिव राजेश मेहरा ने शॉल देकर व अवैतनिक सचिव रवि पराशर ने पौधा देकर और विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. डीआईजी केएल अरुण को विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया. बच्चों ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया.

## डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ा, लोग पहुंच रहे अस्पताल

शुभम संदेश। रांची

मानसून की बारिश शुरू होते ही राजधानी रांची में डेंगू और मलेरिया की परेशानी बढ़ गई है. मच्छरों की भरमार और जगह-जगह फैली गंदगी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. नगर निगम कह रहा है कि हर वार्ड में फॉगिंग हो रही है, लेकिन सच्चाई कुछ और ही नजर आ रही है.

**रोजाना बढ़ रहे मरीज, अस्पतालों पर दबाव :** सदर अस्पताल के डॉक्टर बिमलेश सिंह ने बताया कि बीते एक हफ्ते में 50 से ज्यादा डेंगू और मलेरिया के मरीज सामने आ चुके हैं. हर दिन 6 से 8 नए केस मिल रहे हैं. डोरंडा, कोकर, हिंदपीढ़ी, कांटाटोली और पिस्का मोड़ जैसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं. हर दिन बहुत से लोग डेंगू की जांच करवाने अस्पताल पहुंच रहे हैं.

**बारिश बनी आफत, गंदगी ने बढ़ाई टेंशन :** बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया है और नालियां गंदगी से पट गई हैं. नगर निगम की सफाई अधूरी है, ऊपर से जो कचरा निकाला गया था, वो फिर से बहकर नालियों में जा घुसा. जिससे यहा जमे पानी में मच्छर पनप रहे हैं.

**नगर निगम का दावा – हम कर रहे हैं काम :** सिटी हेल्थ ऑफिसर डॉ. किरण कुमारी का कहना है कि हर वार्ड में फॉगिंग और मच्छरों के लार्वा मारने का छिड़काव किया जा रहा है. 9 कोल्ड फॉगिंग मशीनें, 2 थर्मल मशीनें और 4 नैपसैक मशीनें हर वार्ड में लगाई गई हैं.

मॉनसून देखते हुए मशीनों की संख्या भी बढ़ा दी गई है. हर फॉगिंग अभियान की रिपोर्ट बन रही है, जिसे कभी भी देखा जा सकता है.



### डेंगू से ऐसे करें बचाव

- घर में पानी जमा न होने दें.
- कूलर, गमले, टायर वगैरह की सफाई करें.
- मच्छरदानी लगाएं, फुल बाजू के कपड़े पहनें.
- मच्छर भगाने वाली क्रीम इस्तेमाल करें.
- बुखार आए तो तुरंत डॉक्टर से मिलें.

### ये हैं डेंगू के लक्षण

- तेज बुखार
- सिरदर्द
- आंखों के पीछे दर्द
- मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द
- शरीर पर लाल चकत्ते

## ब्रीफ न्यूज

### दो युवकों ने खाया जहरीला पदार्थ, स्थिति हुई गंभीर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अगल-अलग दो घटनाओं में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है. दोनों युवकों की स्थिति गंभीर है और उनका इलाज स्थानीय एमएमसीएच में चल रहा है. पहली घटना नावाजयपुर थाना क्षेत्र की है. नावाजयपुर निवासी संतोष चौहान के पुत्र अनुराग चौहान(22) ने अपनी मां से झगड़ा कर जहरीला पदार्थ खा लिया. परिजनों ने गंभीर स्थिति में उसे स्थानीय एमएमसीएच में भर्ती कराया है. वहीं तरहसी थाना क्षेत्र के सिलदिलिया गांव निवासी बसंत पासवान के पुत्र अमित कुमार(16) ने सोमवार की सुबह अपने बड़े भाई से पैसा मांगा. बड़े भाई ने जब उसे पैसा नहीं दिया तो गुस्से में आकर अमित ने जहरीला पदार्थ खा लिया. चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है.

### करकट ग्राम में श्रम विभाग जाने वाली सड़क कीचड़ और दलदल में हुई तब्दील

# कीचड़ भरी सड़क पर केक काट कर किया विरोध प्रदर्शन

**शुभम संदेश। लातेहार**



नगर पंचायत क्षेत्र में वार्ड नंबर एक के करकट ग्राम में श्रम विभाग जाने वाली सड़क कीचड़ और दलदल तब्दील हो गयी है. ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक साल से इस सड़क की यही स्थिति है. ग्रामीणो ने बताया कि कई बार उन्होने नगर पंचायत में इस सड़क को बनाने के लिए आवेदन दिया है, बावजूद इसके इस सड़क को नहीं बनाया गया. अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे दिया है. ग्रामीणों ने नगर पंचायत का विरोध करने का एक नया व अनोखा तरीका अपनाया है. ग्रामीणों ने नगर पंचायत के इस नाकामी का प्रतीकात्मक जन्मदिन इसी कीचड़ व दलदल वाली सड़क में केक काट कर मनाया. ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष भी उन्होंने सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण की मांग की थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई. सड़क की हालत और भी बदतर हो चुकी है. बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से भरी यह सड़क अब जानलेवा बन चुकी है. बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और बाइक सवार सभी को इस रास्ते पर चलने में परेशानी हो रही है. स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ हफ्ते पहले नगर पंचायत द्वारा इस सड़क पर मिट्टी डालकर काम चलाने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह 'मरहम' भी अब 'जख्म' बन चुका है. मिट्टी बारिश में बह गई और कीचड़ बन गई. रास्ता अब दलदल में तब्दील हो गया है. आंगनवाड़ी केंद्र जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे अक्सर गिर जाते हैं. स्थानीय निवासी संदीप का कहना है, "हमारे बच्चे जब स्कूल या आंगनवाड़ी जाते हैं, तो हर रोज गिरते हैं. उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं, कभी-कभी चोट भी लगती है. कई बार बाइक सवार लोग भी गिर चुके हैं. स्थानीय युवक शम्स राजा, ने बताया, कई बार नगर पंचायत कार्यालय में जाकर आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा. मौके पर ग्रामीणों ने एक सुर मे कहा'हमें पक्की सड़क चाहिए', 'कीचड़ नहीं, अधिकार चाहिए', हमें , हमारी सड़क चाही' जैसे नारे लगा रहे थे. मौके पर मो शमीर, समीर आलम, तबिश अंसारी, रहीस अंसारी, जमशेद अंसारी, शहनवाज़ ख़ान, शम्स राजा, बिकास कुमार, आरिफ अंसारी, सनाउल अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, संदीप कुमार, तस्लीम अंसारी,जावेद ख़ान, वाजिद ख़ान, इरफ़ान अंसारी, समीर अंसारी आदि मौजूद थे.

### श्रावण माह की पहली सोमवारी पर पलामू प्रमंडल के शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# बोल बम के जयघोष से गूंजे शिवालय



**शुभम संदेश। लातेहार**

श्रावण माह की पहली सोमवारी को शहरी समेंत ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा.अहले सुबह से ही विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया एवं अपने व परिवार के सुख शांति की कामना की. शहर के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी.

यहां प्रातः चार बजे से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गयी थी. पुजारी मनोज दास शर्मा के सानिध्य में पूजा अर्चना संपन्न करायी गयी.

इसके अलावा सोमेश्वर शिव मंदिर लघु सिंचाई विभाग पुजारी संतोष मिश्र के सानिध्य में पूजा अर्चना किया गया. उन्होने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया और उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव महिमा का महत्व बताया. उन्होने कहा कि श्रावण मास में सोमवार का विशेष महत्व होता है, इस माह में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इसके अलावा जुबली चौक, बिजली आफिस व मंडल कारा स्थित शिव मंदिरों मे काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया.

रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बाजारटांड़ स्थित श्री सोमेश्वर शिव मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव को जल अपर्ण किये. नावागढ के राजा मेदनिया राय के द्वारा बनाये गये शिव मंदिर मे सावन के पहले दिन भक्तो की भीड देखी गयी.

पुरोहित ललित मिश्रा ने कहा कि इस मंदिर मे दूर दूर से लोग पूजा करने आते हैं.

**कांवर में जल भर जलाभिषेक किया :** मनिका में पहली सोमवारी को कई श्रद्धालुओं ने औरंगा नदी एवं दुमुहान स्थित नदी से कांवरों में जल भर कर दुमुहान एवं मानिकडीह स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया. इसमें महिलाओं की संख्या खासी थी.

महिलाओं ने पूरे रास्ते में बोल बम के जयघोष किये. उधर, महुआडांड़ प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न शिव मंदिर एवं टांगीनाथ मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी कतार लगी थी.

**पहाड़ी शिव मंदिर श्रद्धालुओं का लगा तांता :** बरवाडीह सावन पहले सोमवार को पहाड़ी शिव मंदिर एवं बरवाडीह बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर में लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया.

सोमवार की सुबह आरती के बाद दर्शन शुरू हुए. सात बजे तक शिव भक्तों की कतार मंदिर प्रांगण के बाहर पहुंच गई. छिपादोहर शिव मंदिर, लाभर शिव मंदिर में भी बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा.

### कांवड़ियों का जत्था बाइक से बाबा धाम के लिए रवाना



**विश्रामपुर (पलामू)।** सावन के पवित्र माह में विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद सोमवार को 24 कांवड़ियों का पहला जत्था मोटरसाइकिल से बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ.भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी और जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा ने संयुक्त रूप से कांवड़ियों को भगवा झंडा दिखाकर यात्रा के लिए प्रस्थान कराया.डॉ. चंद्रवंशी ने सभी कांवड़ियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया.डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि सावन में भगवान भोले की पूजा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और वे क्षेत्र में अमन-शांति व खुशहाली की कामना करते हैं.संजय बैठा ने कहा कि भक्ति से शक्ति मिलती है और मोटरसाइकिल से बाबा धाम की यात्रा करना बहुत बड़ी बात है.कांवड़ियों में मनोज चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, संजीत चंद्रवंशी समेत कई नामी लोग शामिल हैं. जत्था असम के गुवाहाटी मां कामख्या मंदिर से शुरू होकर बोधगया, सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ और रजरप्पा मंदिर तक यात्रा करेगा.समाजसेवी राजन पांडेय, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि समेत कई लोग इस अवसर पर मौजूद थे.

### नावाडीह कला में गंगाधर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित पहाड़ी मंदिर के बगल में बने सरोवर के बीच स्थापित गंगा धर महादेव की विशाल प्रतिमा का सावन माह की प्रथम सोमवारी को प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न हुआ. इस शुभ अवसर पर आचार्य कृष्ण दत्त मिश्र और उपाचार्य महराज राजन पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच अनुष्ठान सम्पन्न कराया.इस प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य जजमान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी थे. बताया गया कि पूर्व मंत्री एवं आरसीयू के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा नावाडीह कला गांव में पहाड़ी मंदिर का निर्माण कराया गया है. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, डॉ. बी. पी. शुक्ला, सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, रामानंद तिवारी, विजय कुमार रवि, दिलीप चंद्रवंशी, विकास चौबे मिंटू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे. यह प्राण प्रतिष्ठा क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की घटना के रूप में देखी जा रही है.

### हर हर महादेव से गूंज उठा बालूमाथ

**बालूमाथ (लातेहार)।** सावन की पहली सोमवारी पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक और पूजन की गयी. सावन शुरू होते ही सभी शिवालयों में घंटी और शंख ध्वनि के बीच हर-हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज रहा था. इस मौके पर शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया था. बालूमाथ के बाजार रोड स्थित शिव मंदिर, आदर्श नगर स्थित शिव मंदिर, टमटमटोला स्थित शिव मंदिर, बसरिया टोला स्थित शिव मंदिर, चेताग मंदिर, बड़का बालूमाथ स्थित शिव मंदिर, वन विभाग परिसर स्थित शिव मंदिर, प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. शिवभक्त बारी-बारी से शिव के चरणों में जल चढ़ा कर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे थे. इस दौरान कई मंदिरों में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक कराया. सावन के महीने में इसका विशेष महत्त्व है. श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति और आस्था के साथ भगवान शिव की आराधना की और जलाभिषेक किया. भक्तों की भीड़ और उत्साह से माहौल शिवमय हो गया था. शिवालयों में पूजन और अभिषेक के दौरान भक्तों ने विशेष मंत्रोच्चारण और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया. सावन के इस पवित्र महीने में हर-हर महादेव के जयकारे और शिवभक्ति की गूंज से बालूमाथ का माहौल भक्तिमय हो गया. श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की. जलाभिषेक के दौरान शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद, और बेलपत्र अर्पित किये गये.

### पैसेंजर ट्रेन से गिर कर युवक हुआ जख्मी

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव में ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. घायल युवक हैदरनगर थाना क्षेत्र के कोसिआरा गांव निवासी अजय राम का पुत्र प्रयाग कुमार(18) है. घटना के संबंध में प्रयाग के परिजनों ने बताया कि वह हैदरनगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर किसी काम से डाल्टेनगंज आ रहा था. वह ट्रेन के गेट पर खड़ा था. इसी बीच अचानक ट्रेन से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई सुशीला टीयू, पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार ने अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है.

# योजनाओं को पूर्ण सक्रियता के साथ करें पूरा : डीसी

### डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त समीरा एस ने की. सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चेकर सत्यापन प्रतिवेदन की समीक्षा के दौरान सबसे कम हैदरनगर, उंटारी रोड, पांडु, मोहम्मदगंज व हुसैनाबाद के बीडीओ को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया.

पीएम आवास वित्तिय वर्ष 2024-25 के तहत एकाउंट वेरीफाईड होने के बावजूद पांडु में 776 लाभुकों को प्रथम क़िस्त का भुगतान नहीं होने के कारणों की समीक्षा की गयी. पांकी में भी 532 लाभुकों को प्रथम क़िस्त का भुगतान नहीं होने की बात कही गई. डीसी ने जहां तीन अंको के बराबर लाभुकों को प्रथम क़िस्त का भुगतान नहीं किया गया है, उन सभी ब्लॉक के बीडीओ को शोकॉज़ करने की बात कही.इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, खाद्य आपूर्ति, श्रम नियोजन, अनुसूचित जाति-जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्ष्मता से समीक्षा की. बैठक में डीडीसी जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, सहायक समाहर्ता, डीएसओ प्रीति किस्कू, डीआरडीए निदेशक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी समेत विभिन्न बीडीओ-सीओ उपस्थित थे.

**जेएसएलपीएस के डीपीएम को शोकॉज़ :** जिला समन्वय समिति की बैठक में जेएसएलपीएस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान संतोषप्रद कार्य नहीं होने को लेकर उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के डीपीएम को शोकॉज़ करने का निर्देश दिया है. वहीं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा बनाये गये आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली. पीएम आवास योजना वित्तिय वर्ष 2024-25 के तहत प्रखंडों को दिये गये लक्ष्य के विरुद्ध आवास स्वीकृति और आवास स्वीकृति में गैप की समीक्षा की गयी.

### चैनपुर-नेउरा रोड निर्माण की निकली निविदा

# अरुणा शंकर ने बांटी मिठाई

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

जानलेवा बन गई चैनपुर-नेउरा मार्ग से प्रतिदिन गुजरनेवालों के लिए खुशखबरी है. पथ निर्माण विभाग ने इस सड़क निर्माण को लेकर निविदा निकाल दी है. इस सड़क का निर्माण लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा. ,

सड़क निर्माण की निविदा निकलने के बाद मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर व सांसद विष्णु दयाल राम का धन्यवाद किया है. प्रथम महापौर श्रीमती शंकर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व चैनपुर में एक युवक सुनील गुप्ता ड्यूटी के बाद मोटरसाइकिल से घर लौटने के दौरान जख्मी हो गए और उन्हें काफी चोट लगी थी. उसके बाद कई लोगों ने चैनपुर से मुझे मुंबई फोन किया. उन लोगो का कहना था कि मैडम इस मार्ग को यथाशीघ्र बनवाइए अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होना तय है. इसके बाद मैंने वित्त मंत्री व सांसद से फोन पर बात की जिसका परिणाम है कि इस सड़क के फूल प्रूफ निर्माण को लेकर दो-दो करोड़ के दो और 50 लाख के एक कुल 4.50 करोड़ की निविदा प्रकाशित हुई है. साथ ही उन्होंने पूर्व वार्ड पार्षद विजय प्रसाद के साथ स्थानीय व्यवसायियों से मिलकर खुशी का इजहार करते हुए मिठाइयां बांटी. मौके पर विजय कश्यप, दिनेशजी, बिट्टूजी, विजय प्रमुख, पप्पू कश्यप, कन्नीलाल, संजय प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र कश्यप, अविनाश, रुपेश कश्यप, चंदू आदि उपस्थित थे.

## संवाद

### अमरकांत के शताब्दी वर्ष पर संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# दोपहर का भोजन कहानी के पात्र आज भी हैं जीवित : केडी सिंह

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**



इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 76वीं कड़ी में यथार्थवादी कथाकार अमरकांत की शताब्दी वर्ष के अवसर पर ₹उनके व्यक्तित्व और कृतित्व₹ विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा साहित्यकर्मी प्रेम कुमार एवं घनश्याम कुमार ने की.

विषय प्रवेश करते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि कथाकार अमरकांत ने प्रेमचंद की यथार्थवादी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए साहित्य की रचना की. उनका जन्म 1 जुलाई 1925 को हुआ था. यह एक संयोग है कि जुलाई महीने की पहली तारीख को अमरकांत का जन्म हुआ, जबकि अंतिम तारीख को प्रेमचंद का. उन्होंने कहा कि अमरकांत की कहानियों के केंद्र में गरीबी, बेरोजगारी, मध्यम वर्ग की मानसिकता, पुरुषवादी समाज में स्त्रियों का संघर्ष तथा आम आदमी की पीड़ा प्रमुख रही है.

अध्यक्ष मंडल के सदस्य घनश्याम कुमार ने अमरकांत की प्रसिद्ध कहानी ₹दोपहर का भोजन₹ का पाठ किया. फिजियोथेरेपिस्ट कुलदीप ने अमरकांत के जीवन संघर्ष और साहित्य पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने बताया कि अमरकांत ने बाल साहित्य भी लिखा है और ₹दोपहर का भोजन₹ कहानी मध्यवर्गीय गरीबों के बीच पारिवारिक प्रेम को दर्शाती है. इप्टा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि यह कहानी बहुत ही मार्मिक है और अभावों के बीच जीवन जी रहे परिवार में प्रेम का आधार मां व झूठ को चिन्हित किया गया है. शिक्षक अच्छे लाल प्रजापति ने कहा कि अमरकांत की कहानियों में ₹दोपहर का भोजन₹ सर्वश्रेष्ठ कहानियों में से एक है. यदि इसे गंभीरता से पढ़ा जाए तो यह हृदय को झकझोर देती है.

ललन प्रजापति ने कहा कि यह कहानी आज के यथार्थ को भी प्रतिबिंबित करती है.

दिव्या भगत ने कहा कि अमरकांत की कहानियाँ जीवन के करुण पक्ष को उभारते हुए सामाजिक बदलाव की प्रेरणा देती हैं. अखिल भारतीय किसान सभा के नेता केडी सिंह ने कहा कि यह कहानी सत्ता की नीतियों का क्रूर यथार्थ प्रस्तुत करती है और संघर्ष की प्रेरणा भी देती है. उन्होंने कहा कि ₹दोपहर का भोजन₹ के पात्र आज भी हमारे समाज में जीवित हैं. महज पाँच किलो अनाज देकर हम उस तबके को समृद्ध नहीं कर सकते, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक रोजगार और उचित मजदूरी देनी ही होगी.

यह बदलाव व्यवस्था परिवर्तन के बिना संभव नहीं है. अंत में इंटक से जुड़े लोकप्रिय मजदूर नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम का संचालन घनश्याम कुमार ने किया. मौके पर गौतम चैटर्जी, छात्र नेता कौशल किशोर, जेसी भगत, शशि पांडे, अजीत ठाकुर, भोला सहित कई लोग उपस्थित थे.

### पांडू में दो दिनी निःशुल्क आधार कैंप लगाया गया

**पांडू (पलामू)।** पांडू प्रखंड में 14 से 15 जुलाई तक दो दिन के लिए निशुल्क आधार कैंप का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पलामू के निर्देशानुसार संचालित किया गया. कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए आधार कार्ड बनवाने की सुविधा प्रदान की गई. पांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार ने भी ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि यह कैंप दो दिन तक चलेगा और सभी माता-पिता अपने बच्चों को लेकर कैंप में आएं ताकि उन्हें आधार कार्ड बनाया जा सके. कार्यक्रम के दौरान आंचल अमिन बृजनंदन पासवान, कर्मचारी यशवंत कुमार, अंचल नाजिर, चंचल तिवारी सहित अन्य प्रखंड कर्मी भी उपस्थित थे और उन्होंने कैंप की सफलता में योगदान दिया.

## एक नजर



### संगीत के बिना मानव जीवन अधूरा : रविशंकर

**मेदिनीनगर।** परिमल प्रवाह साहित्यिक संस्था के तत्वावधान मे रविवार को परिमल प्रवाह के सचिव विजय शंकर मिश्र के आवास पर काव्य गोष्ठी आयोजित हुई. गोष्ठी की अध्यक्षता परिमल प्रवाह के संरक्षक हरिवंश प्रभात व संचालन मनीष कुमार मिश्रा नंदन ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तस्वीर पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई. सरस्वती वंदना गाकर डॉ. रामप्रवेश पंडित ने माहौल को बहुत खुशनुमा बना दिया जबकि परिमल प्रवाह संस्था का गीत विजय शंकर मिश्र ने प्रस्तुत किया परिमल प्रवाह के संरक्षक रविशंकर पांडे ने कहा कि मानव जीवन में संगीत का बहुत महत्व है संगीत के बिना मानव जीवन अधूरा है. परिमल प्रवाह के उपाध्यक्ष श्री सत्यनारायण तिवारी ने संगीत को भक्ति रस और वीर रस से जोड़कर अपना वक्तव्य दिया. गोष्ठी में कवि एवं कवित्रियों ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर शमां बांध दिया. गोष्ठी में अशोक कुमार मिश्र, राजीव द्विवेदी, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, रवि शंकर पांडे, जय लक्ष्मी, ममता झा, रीना प्रेम दुबे, कवि गुरु अंजनी दुबे, रविंद्र नाथ झा, सरोज कुमार आजाद, डॉ. अवधेश कुमार पांडे, परिमल प्रवाह के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश दुबे, मनीष कुमार तिवारी, सत्य प्रकाश चौबे व अनुराग कुमार ने अपनी प्रस्तुति दी. धन्यवाद ज्ञापन सचिव विजय शंकर मिश्र ने किया.

### डीएसडब्लू से वाईजेके का प्रतिनिधिमंडल मिला



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू एसके पांडे से मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने उन्हें छात्रों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया. प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने कहा स्नातकोत्तर सत्र 22- 24 तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में काफी विलंब हो गया है और इस कारण विद्यार्थी काफी परेशान हैं. उनका कहना है कि इस विलंब के कारण हमारी आगे की पढ़ाई बाधित हो रही है. डीएसडब्लू ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि यथाशीघ्र इसका समाधान कर दिया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल ने और भी कई मुद्दों पर बात की जिसमें कक्षा संचालन, सत्र को नियमित करने पर बल देना आदि शामिल था. प्रतिनिधिमंडल में श्रवण सिंह, जिलाध्यक्ष बिपिन यादव, जिला सचिव मोहित साहू, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण यादव आदि शामिल थे.

### आदिवासी भाषा के संरक्षण को लेकर विचार मंथन ने की बैठक



**लातेहार।** स्थानीय आदिवासी वासाओड़ा में आदिवासी भाषा, संस्कृति, शिक्षा और रीति-रिवाज के संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर एक विचार मंथन बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य लातेहार (पूर्वी) विनोद उरांव ने की. इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए. बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी मातृभाषा, सांस्कृतिक परंपराएं और पारंपरिक शिक्षा पद्धति से जुड़ी है. इसे आज के बदलते दौर में बचाना बेहद जरूरी है. जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि यह पहल केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे कार्य रूप में बदलने के लिए ठोस योजना बनाई जाएगी. बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम स्तर पर सांस्कृतिक शिविर और भाषा कार्यशालाएं आयोजित की जाएं. इस बैठक में किरानी उरांव, सिकंदर उरांव, शांति कुमारी, सुमन कुमारी, मीना कुमारी, रीता उरांव, दिलेश्वर भगत, रूपा मिंज आदि उपस्थित थे.

### रंजीत बने हम पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा ठाकुरबाड़ी परिसर में हम पार्टी सेक्युलर का एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी व संचालन पुर्व जिलाध्यक्ष चन्दन कुमार भुईयां ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी सुनील चौबे व विशिष्ट अतिथि बिहार प्रदेश सचिव युवा मोर्चा नवनीत कुमार राय, मिथिलेश कुमार व विरेन्द्र पाण्डेय उपस्थित थे. कार्यक्रम में जिला कमेटी का संगठनात्मक विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अजितजी को पलामू जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया. वहीं रंजीत कुमार भुईयां युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गये. ओमप्रकाशजी को पाटन प्रखंड अध्यक्ष तथा विकास कुमार को चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया. सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया . मुख्य अतिथि सुनील चौबे ने कहा कि हम पार्टी सेक्युलर भारत की एकमात्र पार्टी है जो गरीबों को एकजुट करते हुए उनका भला करना चाहती है. जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि पलामू जिला में व्याप्त समस्याओं को लेकर हम पार्टी सेक्युलर हमेशा मुखर होकर आंदोलन चलाती है . मौके पर जिला महासचिव भरत द्विवेदी, मनिका विधानसभा के प्रत्याशी अतुल सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा कुशवाहा, एससी-एसटी मोर्चा अध्यक्ष रमेश उरांव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद अमजद खान,जिला सचिव वारिस आलम, जिला संगठन सचिव उमेशजी ने भी लोगों को संबोधित किया तथा पार्टी की सांगठनिक ढांचा मजबूत बनाने पर बल दिया. मौके पर युवा नेता अयान, ओमप्रकाश, विकास कुमार, चंदन कुमार भुईयां समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### अनुभव का आदान-प्रदान चिकित्सा में बनेगा सहायक : डॉ. प्रवीण





**मेदिनीनगर।** कूल्हा प्रत्यारोपण विषय पर रविवार को रांची में राष्ट्रीय स्तर का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ. सम्मेलन में देशभर से आए हड्डी रोग विशेषज्ञों, वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जनों और चिकित्सा शिक्षकों ने अपनी जानकारी साझा की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेदिनीनगर निवासी झारखंड के प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं कूल्हा-घुटना प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कूल्हा व घुटना प्रत्यारोपण पर अपने अनुभव बताते हुए कहा कि इस तरह के मंच चिकित्सा विज्ञान के अद्यतन ज्ञान को साझा करने का बेहतर अवसर देता है और डॉक्टरों के बीच अनुभवों का यह आदान-प्रदान अंततः मरीजों के बेहतर इलाज में सहायक होता है. उन्होंने अपने चिकित्सकीय अनुभवों, जटिल ऑपरेशनों की सफलताओं और नवीनतम उपचार विधियों पर आधारित प्रस्तुति दी. उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपनी बात रखने का अवसर मिला, यह सम्मान की बात है. सम्मेलन में प्रतिभागियों ने आधुनिक तकनीकों, जटिल सर्जरी के अनुभवों और चिकित्सकीय शोधों पर आधारित प्रेजेंटेशन दिए. मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने संतोष वाला है डॉ. सिद्धार्थ की प्रस्तुति को प्रतिभागियों ने सराहा और उनके अनुभवों को अत्यंत उपयोगी बताया.

## ब्रीफ न्यूज

### चक गांव में नदी में डूबने से किशोरी की हुई मौत

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत बच्छई पंचायत के चक गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोरी मोगेषा प्रविन की नदी में डूबने से मौत हो गई. वह गांव के ही युसूफ अंसारी की पुत्री थी. बताया गया कि मोगेषा शौच के लिए बराकर नदी की ओर गई थी, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गई.घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किशोरी को निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे पानी से बाहर निकाला, मगर तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी.

### फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर थाना कांड संख्या 247/24 के फरार अभियुक्त फिरोज आलम, पिता सगीर खान, ग्राम लोहाडंडा निवासी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. सोमवार को एएसआई इस्लाम अंसारी ने न्यायालय के आदेश के आलोक में अभियुक्त के घर पहुंचकर मुख्य दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया. इस दौरान पुलिस ने ढोल बजवाकर गांव के लोगों को जानकारी दी और अभियुक्त को शीघ्र न्यायालय में समर्पण करने की चेतावनी दी. मामले की जानकारी देते हुए बताया कि फिरोज आलम के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी में वह फरार चल रहा है. कई बार नोटिस के बावजूद अदालत में हाजिर नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई है.

### बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में एक किशोर हुआ विमुक्त

**कोडरमा।** बाल श्रम उन्मूलन के विरुद्ध सोमवार को चंदवारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया. इस अभियान का नेतृत्व श्रम अधीक्षक, कोडरमा अनिल कुमार रंजन द्वारा किया गया. अभियान के दौरान मदनगुड़ी टोल प्लाजा के समीप स्थित मगध लाइन होटल से एक 12 वर्षीय बाल श्रमिक को रेस्क्यू कर विमुक्त कराया गया. तत्पश्चात बालक को बाल कल्याण समिति, कोडरमा को सौंपा गया. प्राप्त सूचना के अनुसार बालक के पुनर्वासन एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रगति पर है. श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने बताया कि बाल श्रम करवाना एक गंभीर अपराध है. इस अभियान में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के साथ-साथ श्रम अधीक्षक कार्यालय के पंकज कुमार, संजय कुमार एवं सिकंदर कुमार भी उपस्थित रहे.

### जयनगर प्रखंड में पशु-पक्षियों का वितरण

**जयनगर (कोडरमा)।** पशुपालन विभाग के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड में पशु-पक्षियों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम के दौरान चयनित लाभुकों के बीच विभिन्न पशु व पक्षियों का वितरण किया गया. गाय प्राप्त करने वालों में कुंती देवी, रिंकू देवी, राजू दास, केसिया देवी, स्वाना परवीन और रीना देवी शामिल हैं. बकरी का वितरण ममता देवी को किया गया. वहीं, बॉयलर मुर्गी प्राप्त कर्ताओं में तबरक़ ख़ान, राजेन्द्र दास और मधुरी देवी का नाम शामिल है. लेयर मुर्गी हुकुमदेव यादव एवं हितेंद्र यादव को दी गई. इस दौरान प्रमुख अंजू देवी, बीडीओ गौतम कुमार उपस्थित रहे. बीडीओ ने कहा इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना और पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है.

शहर की समस्याओं को लेकर सदर विधायक ने की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात

## शहर में नशा व गौ-तस्करी पर जल्द होगी कार्रवाई : प्रदीप प्रसाद

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



शहर में ट्रैफिक जाम, चोरी और नशे की बढ़ती घटनाओं को लेकर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से उनके कार्यालय में मुलाकात की.

इस दौरान विधायक ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और इनका शीघ्र समाधान करने की मांग की.विधायक ने विशेष रूप से शहर में दिनोंदिन गंभीर होती ट्रैफिक समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया. उन्होंने बताया कि अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और बिना किसी योजना के चल रहे वाहनों के कारण नागरिकों को जाम की समस्या का रोजाना सामना करना पड़ रहा है. इसके साथ ही, चोरी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों ने नगरवासियों की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है.प्रदीप प्रसाद ने कोर्रा, जबरा, बाबूगांव और मटवारी जैसे क्षेत्रों में नशे और गौ-तस्करी की घटनाओं पर भी चिंता जताई.

उन्होंने कहा कि ये सामाजिक बुराइयां केवल कानून व्यवस्था के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए खतरा हैं. उन्होंने प्रशासन से इन पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि समाज के जागरूक लोगों को भी इस दिशा में सहयोग करना चाहिए.पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि ट्रैफिक समस्या को सुलझाने के लिए जल्द ही एक ठोस योजना बनाई जाएगी. उन्होंने कहा कि चोरी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा. नशा और गौ-तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी. विधायक ने बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि यह मुलाकात शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर बेहद जरूरी थी. उन्होंने बताया कि कोर्रा, जबरा और बाबूगांव के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में उनके कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पुलिस प्रशासन तक पहुंचाया गया.प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि नशा करने वालों और बेचने वालों के विरुद्ध एक विशेष टीम का गठन कर सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने समाज के हर वर्ग से अपील की कि वे इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ प्रशासन का सहयोग करें ताकि हजारीबाग को एक सुरक्षित और स्वच्छ शहर बनाया जा सके.

उपायुक्त ने ग्रामीण विकास व जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा की

## योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराज, दिए कई निर्देश

**शुभम संदेश। चतरा**




जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिरसा हरित ग्राम योजना, डोभा निर्माण, दीदी कैफे, पलाश मार्ट, सखी मंडल गतिविधियों सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई.मनरेगा अंतर्गत पौधारोपण योजना में 98% लक्ष्य प्राप्ति पर उपायुक्त ने संतोष जताया और पत्थलगड्डा, हंटरगंज, कुंदा प्रखंड को शत-प्रतिशत स्वीकृति प्रदान की.

वहीं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में टंडवा, प्रतापपुर, कान्हाचट्टी, गिद्धौर की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि अगली बैठक तक सभी प्रखंड 100% लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें। जिन मैदानों में चेंजिंग रूम व बाथरूम नहीं हैं, वहां 15वें वित्त आयोग मद से निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया गया.

**आवास योजनाओं में गति लाने के निर्देश :** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को दो दिन के भीतर पहली किस्त का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना की धीमी प्रगति पर विशेष नाराजगी व्यक्त करते हुए हंटरगंज, टंडवा, कान्हाचट्टी, लावालौंग और कुंदा प्रखंड के बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा गया। 50% से कम प्रगति वाले प्रखंडों को तत्काल सुधार करने और पंचायतवार समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।बैठक में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने वित्तीय समावेशन, सीसीएल व मुद्रा लोन, बीमा योजनाएं तथा इंश्योरेंस क्लेम से संबंधित अद्यतन जानकारी दी। उपायुक्त ने सभी मृतक बीमा मामलों में संबंधित दस्तावेज त्वरित रूप से बैंक में जमा करने और क्लेम प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए.

**एफपीओ और उद्यमिता विकास को मिलेगी गति :** एफपीओ को और प्रभावी बनाने की दिशा में उनके सीइओ के साथ अलग बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इटखोरी प्रखंड को दुकान संचालन हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हित कर अगली बैठक से पहले आवंटन प्रक्रिया पूरी करने का आदेश मिला। एनआरएलएम और अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रत्येक प्रखंड से तीन-तीन प्रगतिशील एसएचजी की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा गया। टंडवा और सिमरिया प्रखंडों में संचालित 9सीएलएफ की अद्यतन स्थिति व लोकेशन की सूची भी तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनिंदर भगत, डीआरडीए परियोजना निदेशक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार जयसवाल, जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने सभी को निर्देशित किया कि योजनाओं का पारदर्शी व समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित करें.

### खेल में हर मुकाबला खुद को बेहतर साबित करने का मौक़ा : संजीव

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में चल रहे सीबीएसई क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें दिन सोमवार को खिलाडियों शानदारी खेल का प्रदर्शन किया.इस दौरान कुल 14 मैच खेले गए. खिलाड़ियों ने जबरदस्त रणनीति, तेजी और तालमेल का प्रदर्शन किया. इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह और विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो के वरीय नेता संजीव बेदिया ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.मुख्य अतिथि राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर हार नहीं मानें. हर पल खुद को बेहतर बनाएं तभी जीत संभव है. वहीं संजीव बेदिया ने खिलाडियों से कहा कि आपकी मेहनत ही आपकी पहचान है. ऐसा खेलें कि इतिहास बन जाए. हर मुकाबला खुद को साबित करने मौक़ा है.अंडर-19 में मनन विद्या मंदिर स्कूल रांची बनाम होली क्रॉस स्कूल हजारीबाग के बीच मुकाबला हुआ. होली क्रॉस स्कूल ने 1-0 से जीत दर्ज की और फाइनल मैच में अपनी जगह बनाई. वहीं विद्या भारती चिन्मया स्कूल और टेंडर हर्ट स्कूल रांची के बीच खेले गए मैच में विद्या भारती चिन्मया स्कूल ने मजबूत डिफेंस के साथ 1-0 से मुकाबला को जीतकर फाइनल में अपनी जगह बनाई. अंडर-17 के सेमी फाइनल मैच में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल बनाम दयावती मोदी स्कूल तथा काशीडीह हाई स्कूल बनाम संत माइकल स्कूल पटना के बीच खेला गया.

## जलाभिषेक के लिए पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



श्रावण मास के पहली सोमवारी पर हजारीबाग के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है श्रद्धालु भूत भावन भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने के लिए आतुर दि. अहले सुबह से ही शिवालयों में महिला पुरुष श्रद्धालुओं का आवागमन रहा इस दौरान हजारीबाग के दर्जनों शिवालयों में रुद्राभिषेक हुआ . हजारीबाग शहर के दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर ) , बुधवा महादेव , बड़ा शिवमन्दिर ओकनी , छोटा शिवमन्दिर ओकनी , मालकेश्वर नाथ मंदिर शिवपुरी , नूरा शिवमन्दिर , बड़ा अखाड़ा , कोर्रा शिवमन्दिर, पीपलेश्वर महादेव , लाखे शिवमन्दिर, बुढ़िया माता मंदिर, पुनाई मंदिर, बड़कागांव बुढ़वा महादेव सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जल अर्पण किया . इस दौरान शिवालयों में हर हर महादेव जय शिव शंभू का उद्घोष होता रहा.

**चरही के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाबः** चरही थाना क्षेत्र के आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में अवस्थित शिवालयों में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर लगी रही.

भगवान शिव की आराधना का पवित्र महीना सावन के पहली सोमवार को लेकर प्रखंड के तमाम देवालयों में पूरी तैयारी की गई थी. अहले सुबह से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. मंदिर में प्रातः शिवलिंग का श्रृंगार किया गया. तथा ब्रह्मणों के द्वारा विधि-विधान के साथ से श्रद्धालुओं का पूजा-अर्चना करवाया गया.प्रखंड के चरही, चनारो, सडवाहा,इंद्रा,जरबा, तापिन, प्रेमनगर के शिव मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही थी. बोल-बम के नारों से मंदिर परिसर और क्षेत्र गूंजता रहा .

## जयनगर के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**शुभम संदेश । जयनगर**

सावन माह की पहली सोमवारी पर प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. अहले सुबह से ही स्थानीय भक्तों की भीड़ मंदिरों में जुटने लगी.

हर-हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा. शिवभक्तों ने आस्था और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की. महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुंचे.

कई लोग गंगाजल और तालाब का जल लाकर भोलेनाथ का अभिषेक करते नजर आए. इस अवसर पर जयनगर शिव मंदिर, खरीयोडीह बाबा धाम समेत ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा. मान्यता है कि सावन के पहले सोमवार का विशेष महत्व होता है. इस दिन शिवभक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. स्थानीय पुजारियों ने बताया कि सावन की सोमवारी पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने से विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है. भगवान शिव को जल अर्पण कर व्यक्ति अपने पापों से मुक्ति पाता है और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है. सावन के शेष सोमवार को भी इसी तरह विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी.

बैठक | कोडरमा उपायुक्त ने लाइवलीहुड टास्क फोर्स के कार्यों की समीक्षा की

## योजनाओं को धरातल पर उतारें अधिकारी: उपायुक्त

**शुभम संदेश। कोडरमा**



उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर जिले में लाइवलीहुड टास्क फोर्स का गठन किया गया है. इस टास्क फोर्स में जेएसएलपीएस, आरसेटी, कौशल विकास विभाग, नियोजन, एफपीओ तथा जिला उद्योग केन्द्र को शामिल किया गया है. इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित आजीविका योजनाओं से अधिक से अधिक आमजनों को जोड़ना है, ताकि जिले के लोग स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें.

लाइवलीहुड टास्क फोर्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक की शुरुआत में सर्वप्रथम पूर्व में लिये गये निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई.

उपायुक्त ऋतुराज ने विशेष रूप से उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिया कि इस योजना का लाभ लेने हेतु आवेदकों की नियमित ट्रैकिंग की जाए तथा उन्हें ट्रेडवार प्रशिक्षण प्रदान कर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए. उपायुक्त ने अधिकारियों से योजना के क्रियान्वयन में गति लाने और अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को जोड़ने पर भी जोर दिया.

**युवाओं को प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पर जोर :** उपायुक्त ऋतुराज ने बैठक के दौरान आरसेटी और कौशल विकास विभाग के अंतर्गत युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं का ट्रैकिंग कर उनकी प्लेसमेंट की जानकारी ली तथा इसका विवरण सूचीबद्ध किया जाए.

इसके साथ ही उपायुक्त महोदय ने जेल में बंदियों को भी उनकी रुचि के अनुसार आजीविका से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि रिहाई के बाद वे स्वरोजगार से जुड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट सकें.

**जेएसएलपीएस और एफपीओ की प्रगति की समीक्षा :** उपायुक्त ऋतुराज ने बैठक में जेएसएलपीएस एवं एफपीओ द्वारा संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. एफपीओ को लक्ष्य के मुकाबले अधिक उपलब्धि (अचीवमेंट) प्राप्त करने पर बल देते हुए उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. बैठक में मुख्य रूप से महाप्रबंधक उद्योग विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएस जेएसएलपीएस समेत अन्य मौजूद रहे.

### जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने आरोग्य मंदिर मसमोहना का निरीक्षण किया

**कोडरमा।** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने सोमवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसमोहना का निरीक्षण किया गया. सेन्टर पर मौजूद सीएचओ. दिव्या कुमारी, एएनएम वीणा कुमारी, एएनएम सकुंलता कुमारी एवं सहियाओं से वर्तमान में चल रहे कार्यक्रम के तहत टीबी से संबंधित असुरक्षित समूह की खोज करने एवं चिन्हित व्यक्यिों की सूची बनाने की जानकारी लिया एवं सीएचओ को निदेश दिया गया कि चिन्हित व्यक्तियों को निक्षय एप्प में पंजीकृत करते हुए उनका नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जॉच एवं एक्स-रे कराना है. यह कार्यक्रम पूरे राज्य में जुलाई 2025 से दिसम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत टीबी से संबंधित लक्षण वाले व्यक्यिों की खोज करना, जॉच कराना व उपचार कराना है.

## एक नजर



### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया. शिविर में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो इस बात का प्रमाण है कि यह पहल जिले के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है.स्वास्थ्य शिविर में कुल 1049 लोगों ने पंजीकरण कराया. इनमें से 764 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की गई. महिलाओं के लिए विशेष रूप से स्त्री रोग संबंधी परामर्श व जांच की व्यवस्था की गई थी, जिसमें 106 महिलाओं ने पंजीकरण कराया और 11 महिलाओं का पैप स्मियर टेस्ट किया गया. नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत कुल 943 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 605 व्यक्तियों की दृष्टि जांच की गई. जांच के उपरांत 231 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया. शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित 113 मरीजों की सर्जरी की गई, जबकि 94 अन्य मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई. इनमे से 45 मरीजों को अगले दिन सर्जरी के लिए चयनित किया गया. इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा प्रत्येक मरीज की सावधानीपूर्वक जांच की गई और आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श निःशुल्क प्रदान किया गया.

### 132 नवचयनित व्यवसायिक शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आईसेक्ट द्वारा 132 नवचयनित व्यवसायिक शिक्षकों को दो चरणों में छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया. यह प्रशिक्षण हजारीबाग स्थित आईसेक्ट मेगा स्किल सेंटर में आयोजित हुआ.प्रशिक्षण का पहला चरण 01 से 06 जुलाई तक चला, जिसमें 65 शिक्षकों ने भाग लिया. वहीं, दूसरा चरण 07 से 12 जुलाई तक संपन्न हुआ, जिसमें 67 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम का संचालन व्यवसायिक समन्वयक अजय मंडल, बसंत कुमार और आईटी प्रशिक्षक विनय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया.प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की कार्यकुशलता, तकनीकी ज्ञान और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना था, ताकि वे विद्यालयों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा दे सकें. शिक्षकों को तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल, नेतृत्व विकास और कक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया.आईसेक्ट झारखंड के स्टेट हेड अनुप श्रीवास्तव, सेंटर हेड विजय कुमार, धीरज उपाध्याय, सन्नी कुमार और दीपेंद्र कुमार ने भी प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया. प्रशिक्षण पूर्ण कर शिक्षक अब अपने-अपने विद्यालयों में नवज्ञान के साथ शिक्षा कार्य हेतु तैयार हैं, जिससे राज्य में व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है.

### लाठी-भाला प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने दिखाया दमखम



**चौपारण (हजारीबाग)।** 5 स्टार क्लब केसठ के तत्वावधान में एक दिवसीय लाठी-भाला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला और आजसू नेता मोनू अख्तर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं लाठी चलाकर किया. उद्घाटन के साथ ही खेल मैदान में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.इस पारंपरिक खेल का आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे. क्षेत्र की कई टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और लाठी व भाले के अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया. खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और तालियों की गूंज से माहौल जीवंत हो उठा.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमाशंकर अकेला ने कहा कि लाठी-भाला जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं और इनसे युवाओं में ऊर्जा व आत्मविश्वास का संचार होता है. आजसू नेता मोनू अख्तर ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य करते हैं.आयोजन को सफल बनाने में क्लब सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों का भी सराहनीय सहयोग रहा. कार्यक्रम के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**हजारीबाग ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं मुन्ना सिंह ने दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की. इस अवसर पर उन्होंने दिशोम गुरु एवं झारखंड आंदोलन के प्रणेता शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की. मुलाकात के दौरान हजारीबाग क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक विषयों एवं जनहित की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई. मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय जनता की अपेक्षाओं, अधूरे विकास कार्यों तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को प्रभावी ढंग से रखा. सिंह ने भरोसा जताया कि राज्य सरकार जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है. उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा.

### एनएसयूआई ने परीक्षा नियंत्रक से की मुलाकात



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में सत्र देरी, परीक्षा परिणामों की विलंब और परीक्षा तिथियों के निर्धारण को लेकर एनएसयूआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ. पंकज मांझी से मुलाकात की.छात्र नेता अभिषेक राज ने बताया कि स्नातक सत्र में लगभग छह महीने की देरी हो चुकी है, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है. उन्होंने स्नातक सेमेस्टर पांच का परिणाम शीघ्र जारी करने और छठे सेमेस्टर की परीक्षा इसी माह आयोजित करने की मांग की.प्रतिनिधिमंडल में शामिल छात्र नेताओं ने वोकेशनल पाठ्यक्रमों और विधि पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में देरी का मुद्दा भी उठाया. छात्र नेता लवकुश पांडे ने बीएएलएलबी और एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग की.अभिषेक राज ने बताया कि पीजी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के फॉर्म में फीस वृद्धि की सूचना त्रुटिपूर्ण थी, जिसे विश्वविद्यालय ने स्वीकार कर सुधारने का आश्वासन दिया. परीक्षा नियंत्रक डॉ. मांझी ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि अब परीक्षाओं और परिणामों में देरी नहीं होगी.प्रतिनिधिमंडल में गुलाम सर्वर, राजेश महतो, आदर्श आनंद, रवि यादव, अरबाज सहित कई छात्र नेता शामिल थे.

## ब्रीफ न्यूज

### कोर्ट में नहीं दी हाजिरी वारंटी को भेजा जेल

**गुमला।** गुमला थाना की पुलिस ने पीएलएफआई के सदस्य वारंटी अभियुक्त सिमडेगा जिला के फरसा बेड़ा निवासी 33 वर्षीय अनिल बाड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. अभियुक्त अनिल के विरुद्ध वर्ष 2023 में गुमला के व्यवसायी से पांच लाख रंगदारी मांगने में मामले में प्राथमिकी दर्ज है. इस कांड में बसिया के दो व सिमडेगा के तीन कुल पांच अभियुक्त शामिल थे. पुलिस ने वर्ष 2023 में ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. अनिल बाड़ा जमानत पर जेल से बाहर आया था और लम्बे समय से कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहा था. जिस कारण कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आधार पर अनिल बाड़ा को फिर से जेल भेज दिया गया.

### घाघरा में अवैध खनिज लदा वाहन जब्त, केस

**गुमला।** घाघरा के अंचल अधिकारी ने सोमवार को अवैध खनिज लदा एक वाहन को जब्त किया है. अंचल अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन के परिवहन पर रोक थाम के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा है. जांच के दौरान एक वाहन को बिना वैध चालान के खनिज का परिवहन करते हुए पाया गया. जिसे अंचल प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर घाघरा थाना परिसर में सुरक्षित जमा करा दिया और अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी गुमला को सूचित किया गया. कहा कि जिला प्रशासन ने खनिज नियमावली के उल्लंघन को गंभीरता से लिया है और वाहन जांच अभी निरंतर जारी रहेगा.

### टैंकर की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला ।** गुमला घाघरा रोड में दोंदाग मोड़ के समीप सोमवार को एक टैंकर के चपेट में आने से पंसो निवासी बाइक सवार दुर्गेश उरांव 18 वर्ष की मौत हो गई. टैंकर चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल हो गया. स्थानीय लोगों की सूचना पर घाघरा पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में किया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया. जानकारी के अनुसार मृतक दुर्गेश रविवार को ही घर से निकला था. सोमवार को वह अपना घर लौट रहा था तभी गुमला की ओर से टैंकर ने धक्का मारते हुए फरार हो गया.

## ग्रामीणों के उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा अलग राज्य व अलग प्रखंड का गठन

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित मंगरु तल्ला पाठ गांव

**निर्मल सिंह। गुमला**



देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया.क्षेत्र में तेजी से विकास की उम्मीद लेकर अलग झारखंड राज्य की मांग की गई और इसी उम्मीद से परमवीर के नाम पर जारी को अलग प्रखंड का दर्जा की भी मांग उठी.

झारखंड अब अपना सिल्वर जुबली बनाने वाला है और जारी को प्रखंड का दर्जा भी मिल गया.लेकिन जिस उम्मीद से अलग प्रखंड और राज्य का मांग किया गया वह गांव के लिए छलावा से कम नहीं है.भले ही शासन और प्रशासन विकास के नाम पर अपना पीठ थपथपा रही है लेकिन विकास की हकीकत सरहद की सीमा पर साहस और वीरता के साथ प्राण न्योछावर करने वाले परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम बने जारी प्रखंड के गांव मंगरुतल्ला पाठ में देखा जा सकता है.अब भी इस गांव के लोग को बुनियादी सुविधाओं से वंचित है.गांव तक न तो सुलभ पहुंच पथ है और न ही बिजली, गांव में शुद्ध पेयजल की सुविधा भी नहीं है.पांचवीं कक्षा के बाद गांव के बच्चे पढ़ाई छोड़ दे रहे हैं.गांव में बिजली खंभा और तार पहुंचा है लेकिन बिजली नहीं पहुंची आज भी गांव के लोग ढिबरी युग में जी रहे हैं.जरडा पंचायत का मंगरु ताला पाठ में पहाड़ो की तलहटी पर बसा है.30 घर वाले इस गांव में लगभग 180 लोग रहते हैं.गांव तक पहुंच पथ नहीं है.जरूरत के सामानों की खरीद बिक्री के लिए सिर में अनाज का गठरी और पीठ पर छोटा बच्चा लेकर तीन किलो मीटर ऊंची पहाड़ में जोखिम भर सफर करना पड़ता है.अधिकारी और निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से जब आस टूट गया तब गांव के लोग ही चट्टान काटकर पांव पैदल चलने लायक रास्ता बनाया है.एंबुलेंस और शादी विवाह के वाहनों को कौन कहे इस गांव में बरसात के दिन बाइक भी नहीं पहुंचता है.बीमार पड़ने पर मरीज को ढो कर भीखमपुर तक लाना पड़ता है. ग्रामीणों के अनुसार समस्या से जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है.कोई देखने सुनने वाला नहीं है.

# गुमला में शहर से गांव तक गूंजा बोल बम ...





**शुभम संदेश। गुमला**

सावन माह के पहले सोमवारी को गुमला में शहर से लेकर गांव तक के शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया और बाबा भोलेनाथ से अपने सुख शांति समृद्धि की मंगलकामना की. गुमला के सभी प्रसिद्ध शिवालय यथा बाबा टांगी नाथ धाम, वासुदेव कोना, महा सदाशिव मंदिर, गुमला का बूढ़ा महादेव, पालकोट का बूढ़ा महादेव, ऋषिमुख पर्वत के मनोकामना शिवलिंग, देवगांव का प्राचीन शिव लिंग, समसेरा धाम, नगर कपिलेश्वर मंदिर, देवाकी बाबा धाम, चिरैया धाम, रंगनाथ शिव मंदिर, आंजन धाम, नागफेनी सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ शिवलिंग में बेलपत्र चढ़ाया और जलाभिषेक किया. शिवालयों में बोल बम और हर-हर महादेव के नारे गूंज रहे थे.

## 60 किलो त्रिशूल के साथ ओडिशा से पालकोट पैदल पहुंचे कांवरिया

**पालकोट :** वेदव्यास संगम से जल उठाकर उड़ीसा के लगभग एक हजार से अधिक कांवरियों का जत्था 60 किलो का त्रिशूल लेकर 120 किलो मीटर पदयात्रा कर रविवार की देर शाम पालकोट पहुंचा और सावन के पहले सोमवार को ऋषिमुख पर्वत के मनोकामना शिवलिंग में जलाभिषेक किया. ज्ञात हो कि मनोकामना शिवलिंग में अपनी मनोकामना पूर्ण होने के कारण उड़ीसा के कांवरियां पिछले एक दशक से वेदव्यास संगम में जल उठाकर पदयात्रा करते हुए पालकोट आते हैं. 120 किलोमीटर की पदयात्रा कर कांवरियों के पालकोट पहुंचने से पालकोट के मनोकामना शिवलिंग की भी ख्याति बढ़ी है. इधर कांवरियों के पालकोट आगमन पर ऋषिमुक पर्वत शिखर आश्रम समिति के अध्यक्ष केदार प्रसाद गुप्ता,सचिव विकास कुमार गुप्ता,अभिजित प्रकाश, दीपक केशरी,प्रकाश गुप्ता,मनू साहू विशाल गुप्ता, राहुल केसरी आदि ने कांवरियों का स्वागत किया. उनके सुविधा के लिए कांवरियों गर्म पानी व मलहम पट्टी आदि की सुविधा प्रदान की. रात का भोजन कराया. कांवरिया लाल बम, वासुदेव बम, बमेश्वर बम आदि ने बताया कि वे लोग लगभग एक सौ की संख्या में गुरुवार 11 जुलाई को वेद व्यास के त्रिवेणी संगम नदी से 12 बजे अपने कांवर में जल भर कर पालकोट के लिए रवाना हुए थे. जिसमें महिला व पुरुष काफी संख्या में शमिल हैं.



## कुडू में हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय

**शुभम संदेश । कुडू**

सावन की पहली सोमवारी को कुडू प्रखंड में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. सुबह से ही श्रद्धालु शिवालयों की ओर उमड़ने लगे और हर-हर महादेव, बोल बम के जयघोष से क्षेत्र गूंजायमान होता रहा. श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना की.प्रसिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर, बड़की चांपि शिव मंदिर, टाटी शिव मंदिर, कुडू ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर, तान पहाड़ी स्थित शिव धाम समेत विभिन्न गांवों के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा. महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे शिवभक्ति में लीन दिखे.महादेव मंडा धाम में विशेष भजन-कीर्तन और कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया. मंदिर प्रांगण में फूल-माला और प्रसाद की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ी रही. श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूजन किया.इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त रही. कुडू थाना के एएसआई सुनील कुमार सिन्हा मंदिर परिसर में ड्यूटी निभाते नजर आए.इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध, मनोज दुबे, धीरेंद्र सिंह, मुकेश चंद्र यादव, प्रवीण गोयल, दीपक अग्रवाल, लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव, प्रताप साहू, मिथलेश सिंह, संजय चंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

### मसमानो में करंट लगने से एक अधेड़ की मौत

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड छेत्र के मसमानो में पटवन के लिए खेत में लगे एलटी तार की चपेट में आने से मसमानो निवासी लूथरू उरांव सहित उनके दो बकरी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया मिली जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि लूथरू अपने बकरी को चराने के लिए मसमानो पतरा की ओर ले गया था जिसके बाद दो बकरी घास खाते खाते पटवन के लिए खींची तार के चपेट आ गई जिसे छुड़ाने के लिए लूथरू गया और उसे भी बिजली तार अपनी चपेट में ले लिया और घटनास्थल पर ही लूथरू की मौत हो गई.

### पहली सोमवारी पर शिवालयों में हर-हर महावेद के जयकारे



**इटकी।** श्रावण माह की पहली सोमवारी के शुभ अवसर पर इटकी और इसके आसपास के शिवालयों में भक्ति और श्रद्धा की अनूठी छटा देखने को मिली. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी. मुख्य शिव मंदिर के अलावा, नया तालाब स्थित रुद्र महाकाल शिव मंदिर, नारी स्थित महादेव टंगरा और हरही गांव के गंगाजल शिवालय सहित दर्जनों मंदिरों में भोलेनाथ के भक्तों ने ₹हर हर महादेव₹ और ₹बम भोले₹ के जयघोष के साथ जल, दूध और बेलपत्र अर्पित किए. श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक भगवान शिव की आराधना में लीन रहे. शिवालयों के प्रांगण में भक्ति संगीत, मंत्रोच्चार और डमरू की धुन से माहौल शिवमय बना रहा. पूरे दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा. इधर, इटकी के बनिया टोली स्थित रुद्र महाकाल शिव मंदिर में रुद्र महाकाल समिति द्वारा विशेष शिव महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया. श्रावण सोमवारी पर भगवान शिव के प्रति भक्तों की यह आस्था और समर्पण एक बार फिर देखने को मिला, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया.

### बचरा हाईस्कूल में शिक्षिका रेखा कुमारी का पुनः योगदान

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा हाई स्कूल की विज्ञान शिक्षिका रेखा कुमारी का प्रतिनियोजन रद्द होने के बाद सोमवार को विद्यालय में उनका पुनः योगदान हुआ. इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने जोरदार ढंग से उनका स्वागत किया.

## झारखंड अधिवक्ता परिषद को मिला नया नेतृत्व, प्रशांत बने अध्यक्ष

**शुभम संदेश। रांची**



रानी सती मंदिर परिसर में आयोजित झारखंड अधिवक्ता परिषद के दो दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग के समापन अवसर पर परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया. राष्ट्रीय मंत्री एवं झारखंड-बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी तथा क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री सुनील कुमार के मार्गदर्शन में रांची के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत विद्यार्थी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया. वहीं, बोकारो के विजय नाथ कुंवर को पुनः महामंत्री, सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा को क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख बनाया गया. प्रशांत विद्यार्थी पूर्व में दो बार महामंत्री पद पर रह चुके हैं, जबकि विजय नाथ कुंवर भी पिछले सत्र में महामंत्री थे. पहली बार कोषाध्यक्ष बनाए गए सुनील कुमार को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. दो बार अध्यक्ष रह चुके राजेंद्र मिश्रा को संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए पुनः संगठन आयाम प्रमुख नियुक्त किया गया. इस नई कार्यकारिणी को अधिवक्ता समुदाय से शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं. यह जानकारी परिषद के मीडिया सह प्रमुख श्री रीतेश कुमार बॉबी ने दी.

### समकालीन अभियान: पिपरवार पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पिपरवार।** पिपरवार पुलिस ने समकालीन अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान पिपरवार थाना कांड संख्या 31/22, दिनांक 15/07/23, धारा 392 आईपीसी के आरोपी अर्जुन लकड़ा उर्फ डाबर उर्फ अर्जुन उरांव (पिता- एतवा उरांव, ग्राम- कल्याणपुर) और कंप्लेंट नंबर 1128, धारा 138 एनआई एक्ट के वारंटी अरविंद कुमार (पिता- चंद्रिका प्रजापति, ग्राम- बिशुझापा) के रूप में हुई है. थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी कई वर्षों से फरार चल रहे थे. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर समकालीन अभियान के तहत इनकी गिरफ्तारी की गई. उन्होंने बताया कि चतरा एसपी के निर्देश पर इस प्रकार के अभियान क्षेत्र में लगातार जारी रहेंगे. अभियान में थाना प्रभारी अभय कुमार के साथ अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, सहायक अवर निरीक्षक बसंत कुमार महतो एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे. पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी.

### नया ट्रांसफार्मर लगा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

**पिपरवार।** बुंडू गांव स्थित बाजारटांड़ में कई दिनों से खराब पड़े 200 केवीए ट्रांसफार्मर के कारण ग्रामीणों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. बिजली की अनुपस्थिति से जहां ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था, वहीं स्थानीय कारोबार भी प्रभावित हो रहा था. इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पिपरवार मंडल के सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल को जानकारी दी. लक्ष्मण मंडल ने तुरंत हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया. जनप्रतिनिधियों की त्वरित पहल पर बिजली विभाग ने नया 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया. नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे पूरे गांव और बाजार क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है.

## आस्था

## श्रावण के पहले सोमवार पर ध्वजाधारीधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# 777 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई कर किया जलार्पण

**शुभम संदेश। कोडरमा**



श्रावण महीने के पहले सोमवार को कोडरमा जिला स्थित ऐतिहासिक और पावन ध्वजाधारी धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता मंदिर की ओर लग गया. भक्तों ने 777 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई कर भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जलार्पण कर पुण्य अर्जित किया. श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, ध्वजा और त्रिशूल अर्पित कर भगवान शिव का पूजन किया. मंदिर परिसर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान होता रहा. वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया.

कांवर यात्रा कर पहुंचे हजारों श्रद्धालु राज्य के विभिन्न जिलों से पैदल कांवर यात्रा कर श्रद्धालु ध्वजाधारी धाम पहुंचे. जगह-जगह श्रद्धालु समूहों में भजन- कीर्तन करते दिखे, जिससे संपूर्ण मार्ग भक्ति में डूबा नजर आया. इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ रही. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर समिति ने विशेष इंतजाम किए थे. सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, साथ ही पेयजल, स्वास्थ्य, विश्राम एवं मोबाइल शौचालय की भी व्यवस्था की गई थी. महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग कतारें बनाई गई थीं.

**दिनभर चलता रहा धार्मिक अनुष्ठान :** पूरे दिन मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और विशेष पूजन-अर्चना का आयोजन होता रहा. भक्तों में अपार उत्साह व भक्ति का संगम देखा गया, जिसने श्रावण के इस पावन दिन को अविस्मरणीय बना दिया.

**महामंडलेश्वर ने बताए धाम के पौराणिक महत्व**

महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि ध्वजाधारी धाम वही पावन स्थल है, जहाँ कर्दम ऋषि ने तपस्या की थी और भगवान भोलेनाथ ने प्रसन्न होकर उन्हें ध्वजा व त्रिशूल प्रदान किया था. तभी से यह धाम ध्वजाधारी नाम से प्रसिद्ध हुआ. सावन के सोमवार को यहां जल अर्पण करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.

### बीयर बार से चोरी गई बुलेट जवाहर नगर से बरामद हुई

**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित कॉकटेल बीयर बार के बाहर से शनिवार की रात चेटर निवासी विवेक स्नेही का बुलेट चोरी हो गया. चोरी गई बुलेट सोमवार को जवाहर नगर के खेत से पुलिस ने बरामद किया है. जानकारी के अनुसार विवेक स्नेही शनिवार की शाम बीयर बार में था. बीयर बार से बाहर आया तो देखा की उसका बुलेट किसी ने लेकर भाग गया. सीसीटीवी फुटेज जांच कराया गया और इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया. साथ ही पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई आरंभ की. कयास लगाया जा रहा है कि पुलिस दबिश के कारण चोर ने बुलेट को खेत में फेंक कर भाग गया होगा.

## एक नजर



### गुमला चैंबर ने सीएस व डीएस का किया स्वागत

**गुमला ।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को गुमला में नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉ. शंभु नाथ चौधरी और डीएस डॉ. अनुपम किशोर का उनके कार्यालय कक्ष में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व सम्मान किया . प्रतिनिधिमंडल के साथ सिविल सर्जन और डीएस की औपचारिक बातचीत की. जिसमें गुमला में स्वास्थ्य सुविधा आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. सदर अस्पताल में एंटी रैबीज एवं अन्य जीवन रक्षा दवा आदि की उपलब्धता पर चर्चा की गई. सीएस ने गुमला में बेहतर चिकित्सा सुविधा का चेंबर के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया. कहा कि अस्पताल के बगल में एक नया भवन बन रहा है. अस्पताल के ब्लड बैंक की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए ब्लड सेपरेशन मशीन की व्यवस्था की जा रही है. जिससे मरीजों को काफी सुविधा होगी. सीएस ने गुमला के लोगों से भी सहयोग की उम्मीद की. प्रतिनिधि मंडल में निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत कुमार, राजीव श्रीवास्तव, संजीव शर्मा आदि उपस्थित थे.

### खरीफ : राज्य स्तरीय रैंकिंग में गुमला को मिला प्रथम स्थान



**गुमला ।** वर्ष 2025-26 की खरीफ में बेहतर उपलब्धि हासिल कर राज्य स्तरीय रैंकिंग में गुमला जिला कृषि विभाग ने प्रथम स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान हासिल किया है. जानकारी के अनुसार पर वर्ष 2025-26 के खरीफ फसल अंतर्गत लक्ष्य के एवज 97.55 प्रतिशत ( 6806 किसान ) के बीच धान बीज का वितरण किया गया है, जबकि 65.69 प्रतिशत ( 10710 सैंपल कलेक्शन) जांच के लिए मिट्टी का नमूना लिया गया है. इसके अतिरिक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन पर जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर ने किसानों के बीच निः शुल्क बीज वितरण और जरूरतमंद लाभुकों के बीच कृषि यंत्रों का भी वितरण कर रहे हैं.अत्यंत पिछड़ा जनजातीय समूह के किसानों के बीच योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जा रहा है. उन्हें कृषि कार्य से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

### अवैध खनन रोकने की मांग को लेकर दिया धरना

**गुमला ।** अवैध खनन रोकने का करो इंतजाम, नहीं तो होगा चक्का जाम.. नारे के साथ सोमवार को गुमला कचहरी परिसर स्थित हड़ताली वृक्ष के समीप बाक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति ने एक दिवसीय धरना दिया. धरना कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि लूचुतपाठ में अवैध खनन की सूचना सात जुलाई 2025 को दिया गया है. इसके बावजूद जिला खनन पदाधिकारी ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की. यह विभागीय अधिकारियों व कर्मियों की कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है वहीं उनके मिली भगत होने का भी प्रमाण दे रहा है. उन्होंने अवैध बॉक्साइट खनन में लगे जेसीबी व ट्रक को जब्त करने की डीएफओ गुमला की कार्रवाई की सराहना की है. धरना प्रदर्शन के बाद बाक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति के सदस्यों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा. धरना कार्यक्रम में लेवनार्ड खलखो, शंकर उरांव, रामलाल असुर, बसंत बड़ाईक, बंधन लोहरा, रघुनंदन सिंह, देवलाल खेरवार, पुष्पा उरांव, अर्चना लकड़ा, लॉरेंसेसिया मिंज आदि उपस्थित थे.

### मनोकामना बाबा नर्मदेश्वर मंदिर में कांवड़ यात्रा

**पिपरवार।** श्रावण मास की पहली सोमवारी के अवसर पर बुंडू गांव स्थित प्राचीन मनोकामना बाबा नर्मदेश्वर शिव मंदिर में भव्य कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक का आयोजन किया गया. सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के निकटवर्ती इस मंदिर में सोमवार को 11 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें 100 से अधिक महिला, पुरुष व बच्चे श्रद्धालु शामिल हुए. भक्तों ने शिव गंगे कोती नदी के उद्गम स्थल से जल लेकर गाजे-बाजे के साथ पदयात्रा करते हुए बाबा नर्मदेश्वर का जलाभिषेक किया. 125 वर्ष पुराने इस मंदिर में शिवलिंग और नंदी बाबा की प्राकृतिक स्थापना है और मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है. मंदिर तक पहुंचने के लिए बचरा से 11 किमी, केरेडारी से 19 किमी और टंडवा से 27 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है. कार्यक्रम में पुरोहित नरेश पांडे, मुखिया तुलसी तुरी, डॉ विनोद शर्मा, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी समेत बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुए.

### सम्मानित हुए अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव

**लोहरदगा।** सोमवार को जिला अधिवक्ता भवन में जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित सहसचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव को जिला के पत्रकारों द्वारा आदिवासी गमछा देकर सम्मानित किया गया. श्री देव जी को अपने कार्यों द्वारा अपने कार्यों द्वारा विधिक सेवा देते रहे हैं साथ ही जिला के डालसा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में पूर्ण योगदान एवं गरीबों, असहायों एवं टाना भक्तों के केश आदि को निशुल्क सहायता उनके कार्यों में मुख्य रूप से मदद एवं सहयोग लगातार मिलता रहा है. जिसमें डालसा द्वारा वेस्ट पैनल लॉयर का तीन बार समान मिल चुका है, इसके साथ साथ ऐसे कई संस्थानों द्वारा उनको सम्मानित किया जा चुका है. इसी क्रम में आज जिला महिला पत्रकार एवं अन्य पत्रकारों द्वारा सहरानीय कार्यो को देखते हुए सम्मानित किया गया. लाल धर्मेंद्र देव के सहरानीय कार्य में उनके सहयोगी रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजललित प्रसाद, वरिष्ठ युगल किशोर सिंह,फुन्नी साहू, दीपक सहदेव, प्रवीण भारती, तरूण देवरिया, फताउर रहमान, मनोज प्रसाद, हेमंत सिन्हा, डॉ प्रमोद पूजारी, अनिल पाण्डे, अनुप रॉय, राकेश अखौरी, मुन्नीन्द्र प्रसाद, नवल अग्रवाल, अब्दुल रब, अमीन्दर सिंह सहयोग रहा है. इस मौके पर सन्मार्ग अखबार के ब्यूरो चीफ कयूम खान, एक संदेश अखबार जिला ब्यूरो चीफ नूतन कच्छप, रांची से झारखंड प्रहारी ब्यूरो चीफ विनय राज आदि मौजूद थे.

### योगासन में एसवीएम रजरप्पा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रामगढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के भैया शिवम साहू और अविनाश कुमार ने 36वां क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग के आर्टिस्टिक योग में तृतीय स्थान प्राप्त किया. खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर सोमवार को विद्यालय के वंदना सभा मे प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. इस दौरान प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें विद्यालय के भैया ने आत्मविश्वास, अनुशासन और योग के प्रति अपने समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है. यह क्षेत्रीय योगासन प्रतियोगिता विद्या भारती बिहार के द्वारा तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर राजगीर में दिनांक 12 और 13 जुलाई 2025 को आयोजित हुई थी. इस प्रतियोगिता में आचार्य बच्चूलाल तिवारी के नेतृत्व मे विद्यालय के पाँच भैया सम्मिलित हुए थे.

### कोयलांचल के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**पिपरवार।** सावन माह की पहली सोमवारी को पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. अहले सुबह से ही भक्तगण जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए शिवालयों में जुटने लगे. बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. भोलेनाथ के जयकारों से मंदिर प्रांगण और आसपास का इलाका भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं. orderly लाइन, जल की व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया. वहीं बेंती शिव मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं. मंदिर समिति द्वारा पूरे प्रांगण को सावन के उपलक्ष्य में झंडों से सजाया गया. भक्तों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की.

**मंथन**

## जेलों की दुर्दशा: नियमों की अनदेखी, व्यवस्था पर संकट

झारखंड की जेलों की मौजूदा स्थिति प्रशासनिक लापरवाही और संस्थागत कमजोरी की चिंताजनक मिसाल बनती जा रही है. राज्य की 31 जेलों में से अधिकांश का संचालन ऐसे कर्मियों के हाथों में है, जिन्हें जेल संचालन का न तो कानूनी अधिकार है और न ही आवश्यक प्रशिक्षण. यह न केवल झारखंड जेल मैनुअल 2025 के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जेलों की सुरक्षा, अनुशासन और कैदियों के अधिकारों पर भी सवाल खड़े करता है. जेल मैनुअल के अनुसार जेलर और सहायक जेलर के पदों पर वर्दीधारी, प्रशिक्षित अधिकारी ही नियुक्त किए जाने चाहिए. बावजूद इसके, 20 जेलों में लिपिक, 3 में कंप्यूटर ऑपरेटर और 5 में सहायक कारापाल जैसे गैर-योग्य अधिकारी जेल संचालन का जिम्मा संभाल रहे हैं. यह व्यवस्था न केवल नियमों के प्रतिकूल है, बल्कि इससे जेलों में अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार हनन जैसी स्थितियों को भी बढ़ावा मिल सकता है. झारखंड जेल मेंस एसोसिएशन द्वारा उठाई गई चिंता बिल्कुल जायज है. जब प्रशिक्षित कक्षपाल, जो स्नातक और तकनीकी योग्यताएं रखते हैं, प्रोन्नति से वंचित हैं और अनुकंपा या दैनिक भुक्तान पर कार्यरत लिपिकों को संचालन का जिम्मा मिल रहा है, तो यह केवल पक्षपात नहीं बल्कि संस्था की नींव को ही कमजोर करने वाली बात है. सरकार को चाहिए कि वह तुरंत जेलों की आंतरिक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर, मैनुअल के अनुसार योग्य अफसरों की नियुक्ति सुनिश्चित करे. क्योंकि जेल केवल बंदियों की निगरानी की जगह नहीं, बल्कि सुधार की प्रयोगशाला होती है- जहां अव्यवस्था नहीं, अनुशासन और पारदर्शिता प्राथमिक होनी चाहिए.

**नजरिया**

## झारखंड में मेट्रो: भविष्य की ओर बढ़ते निर्णायक कदम

झारखंड में मेट्रो रेल परियोजना की पहल राज्य के शहरी विकास की दिशा में बड़ा कदम है. रांची, जमशेदपुर व धनबाद जैसे प्रमुख शहरों में मेट्रो नेटवर्क की योजना न केवल यातायात के बोझ को कम करने वाली है, बल्कि यह राज्य के तेजी से शहरीकरण को सुदृढ़ और संतुलित बनाने की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण साबित होगी. राज्य सरकार द्वारा केंद्र को भेजा गया प्रस्ताव इस बात का संकेत है कि झारखंड अब पारंपरिक ढांचागत विकास से आगे बढ़कर टिकाऊ और स्मार्ट शहरी परिवहन की ओर अग्रसर है. खास बात यह है कि इस परियोजना में ट्रांसिट ओरियेंटेड डेवलपमेंट मॉडल को अपनाया जा रहा है, जिससे न केवल परिवहन सुविधाएं सुलभ होंगी, बल्कि बेहतर ज़ोनिंग और हाई-डेंसिटी कॉरिडोर विकसित होकर आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेट्रो की आवश्यकता को उठाना और फिर शहरी विकास विभाग का प्रस्ताव भेजना दर्शाता है कि सरकार इस परियोजना को लेकर गंभीर और तत्पर है. मेट्रो रेल नीति 2017 के मानकों को अपनाकर राज्य सरकार पीपीपी और वैल्यू कैप्चर फाइनेंसिंग जैसे मॉडल्स के जरिए वित्तीय और तकनीकी स्थिरता सुनिश्चित करना चाहती है. यह परियोजना न केवल झारखंड के शहरों को स्मार्ट सिटी के स्तर पर पहुंचाएगी, बल्कि रोजगार, निवेश और शहरी जीवन की गुणवत्ता को भी एक नई दिशा देगी. उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार इस प्रस्ताव पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी.

# झारखंड में पेसा कानून लागू न होना अक्षम्य

**विजय शंकर नायक**



**आदिवासी बहुल झारखंड में पेसा कानून लागू करने में देरी सवाल खड़ा करती है.**

**झारखंड में पेसा लागू करने के लिए सर्वदलीय सहमति जरूरी है. आदिवासी समुदायों को जागरूक कर व दबाव बना कर इस कानून को लागू करवाया जा सकता है, ताकि झारखंड के शोषित-पीड़ित आदिवासियों को संवैधानिक अधिकार मिल सके.**

आदिवासी बहुल झारखंड राज्य में पेसा कानून को लागू करने में 25 वर्षों से अधिक की देरी ने कई सवाल खड़े किए हैं, जो संविधान के 73वें संशोधन की भावना के खिलाफ है. पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) भारत के आदिवासी समुदायों को स्वशासन, प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार, और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव,संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के नेतृत्व में बनाया गया था. जो एक क्रांतिकारी कानून है. यह कानून 73वें संवैधानिक संशोधन (1992) का हिस्सा था, जिसने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया. पेसा कानून 24 दिसंबर 1996 को संसद द्वारा पारित किया गया और इसे पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में लागू किया गया. इसका उद्देश्य आदिवासी समुदायों को स्वशासन और प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण प्रदान करना था. पेसा को विशेष रूप से अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के लिए बनाया गया था. यह कानून पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त करता है. झारखंड, जो आदिवासी बाहुल्य राज्य है, में पेसा कानून को लागू करने में 25 वर्षों से अधिक की देरी ने कई सवाल खड़े किए हैं.
1996 में पेसा लागू होने के बाद, झारखंड राज्य का 2000 में गठन के बाद भी नियमावली तैयार नहीं की. 2022 में पहली ड्राफ्ट नियमावली जारी हुई, लेकिन आपत्तियों के कारण इसे लागू नहीं किया गया. 2023 में दूसरा ड्राफ्ट आया, और 29 जुलाई 2024 को झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को दो महीने में नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया, जो अब तक पूरा नहीं हुआ. उदाहरण: पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव ने स्वीकार किया कि सुझावों पर विचार चल रहा है, लेकिन प्रक्रिया धीमी है. विभिन्न दलों की सरकारों (भाजपा: 2000-2019, झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी: 2019-वर्तमान) ने पेसा को प्राथमिकता नहीं दी. हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि यह संविधान के 73वें संशोधन की भावना के खिलाफ है. खनन माफिया और औद्योगिक समूह पेसा के प्रावधानों से प्रभावित हो सकते हैं, क्योंकि यह ग्राम सभाओं को संसाधनों पर नियंत्रण देता है. उदाहरण: झारखण्ड में खनन क्षेत्रों में बिना ग्राम सभा की सहमति के खनन कार्य अवैध रूप से व्यापक रूप से हुए, जो पेसा लागू होने पर रुक सकते थे. कई आदिवासी समुदायों को पेसा के प्रावधानों की जानकारी नहीं है. उदाहरण: गुमला जिले में 2023 में एक सर्वे में 70% आदिवासियों ने कहा कि उन्हें पेसा के बारे में नहीं पता. विधि विभाग और पंचायती राज विभाग के बीच समन्वय की कमी ने नियमावली को अंतिम रूप देने में देरी की. उदाहरण: 2022 के ड्राफ्ट पर 500 से अधिक आपत्तियां प्राप्त हुईं, जिनका समाधान नहीं हुआ. झारखंड में कोयला, लौह अयस्क, और अन्य खनिजों का बड़े पैमाने पर खनन होता है. पेसा लागू होने से ग्राम सभाओं की सहमति जरूरी होगी, जो खनन कंपनियों के लिए बाधा बन सकता है. उदाहरण: राज्य के पत्थर, आयरन ओर, मैंगनीज, कोयला खनन एवं अन्य खनिजों के लिए ग्राम सभाओं की अनदेखी की गई. भाजपा और झामुमो-कांग्रेस गठबंधन एक-दूसरे पर पेसा लागू न करने का आरोप लगाते हैं. भाजपा जो 15 वर्षो तक झारखंड में सत्तासीन रहीं मग़र उसने कभी भी पेसा कानून को लागू करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की. पेसा लागू होने से आदिवासियों का सशक्तिकरण होगा: ग्राम सभाएं जल, जंगल, जमीन, और लघु खनिजों (जैसे बालू, पत्थर) पर नियंत्रण प्राप्त करेंगी. उदाहरण: मध्य प्रदेश में पेसा लागू होने के बाद कुछ ग्राम सभाओं ने लघु वन उपज से आय अर्जित की. ग्राम सभाएं विकास योजनाओं, सामाजिक विवादों, और छोटे अपराधों का निपटारा कर सकेंगी. उदाहरण: छत्तीसगढ़ के बस्तर में ग्राम सभाओं ने स्थानीय विवादों को सुलझाने में सफलता पाई. ग्राम सभाओं को बाजार प्रबंधन और छोटे जल निकायों से आय होगी. उदाहरण: महाराष्ट्र में कुछ ग्राम सभाओं ने मछली पालन से आय बढ़ाई. आदिवासी परंपराओं और प्रथागत कानूनों को मान्यता मिलेगी. उदाहरण: राजस्थान में पेसा के तहत आदिवासी रीति-रिवाजों को संरक्षित किया गया.
खनन माफिया और औद्योगिक घरानों, प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओ की रहीं है क्योंकि पेसा उनके निजी हितों को नुकसान करेगा क्योंकि पेसा से खनन कंपनियों को ग्राम सभा की सहमति लेनी होगी. उदाहरण: छत्तीसगढ़ में कुछ खनन परियोजनाएं रुकीं, क्योंकि ग्राम सभाओं ने सहमति नहीं दी. ग्राम सभाओं को अधिक शक्तियां देने से स्थानीय प्रशासन के साथ टकराव हो सकता है. उदाहरण: मध्य प्रदेश में पंचायत और गृह विभाग के बीच नियमों को लेकर विवाद रहा है. जबकि पेसा कानून 24 दिसंबर 1996 को लागू हुआ और 10 राज्यों (आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना) पर लागू है.
आज झारखंड में पेसा लागू करने के लिए विभिन्न आदिवासी संगठनो के द्वारा लगातार आंदोलन के माध्यम से दबाव बनाया जा रहा है, मग़र सरकार पेसा को लागू करने के कोई ठोस पहल अभी तक नहीं की है. लगातार आदिवासी संगठनों का आंदोलन चल रहा है. इस कानून को लागू कराने हेतु हाईकोर्ट की निगरानी भी चल रहीं है. समय की मांग है कि सर्वदलीय सहमति बना कर सभी दलों (झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी, भाजपा) को एक मंच पर लाकर नियमावली को अंतिम रूप देना चाहिए और केंद्र को भी इस दिशा मे हस्तक्षेप कर राज्य की सरकार को दबाव डालने की विशेष आवश्यकता है नहीं तो स्पष्ट और कड़ी चेतावनी दे कि जबतक पेसा कानून लागू नहीं किए जाते तबतक केंद्र सरकार से आर्थिक प्रोत्साहन और तकनीकी सहायता और झारखंड को अनुदान नहीं दिया जाएगा.

**(लेखक आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष हैं)**

**आज का इतिहास**

1611: आमेर के राजा व मुगल सेनापति जय सिंह का जन्म हुआ.
1883: भारतीय व्यवसायी जमशेद जी जीजाभाई का जन्म. वह धनी और दानवीर थे.
1903: भारत रत्न सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता के. कामराज का जन्म.
1910: क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया.
1912: भारतीय सेना के उच्च अधिकारी मो. उस्मान का जन्म हुआ था.
1925: अभिनेता, निर्देशक व रंगमंच के हस्ताक्षर बादल सरकार का जन्म हुआ था.
1937: हिंदी के जाने-माने पत्रकार प्रभाष जोशी का जन्म आज ही के दिन हुआ था.
1984: सिखों के अशांत होने के बाद पंजाब को आतंकवाद ग्रस्त घोषित किया गया था.
2002: अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर शेख को पाकिस्तानी अदालतने मौत की सजा सुनाई.

## अपना दीपक और सरकार का दीपक, दोनों अलग हैं

**चिंतन**

बहुत पुराने समय की बात है, मगध साम्राज्य के सेनापति अपने किसी व्यक्तिगत काम से आचार्य चाणक्य से मिलने पाटलिपुत्र पहुंचे. शाम की वेला ढल चुकी थी, आचार्य चाणक्य पावन गंगा तट पर अपनी पर्ण कुटिया में, मद्धिम दीपक के प्रकाश में कुछ लिख रहे थे.
कुछ देर इंतजार करने के बाद जब सेनापति कुटिया के भीतर दाखिल हुए, तो उनके प्रवेश करते ही आचार्य चाणक्य ने सेवक को जोरदार आवाज़ लगायी और कहा, सेवक, आप कृपया इस दीपक को ले जाइए और दूसरा दीपक जला कर यहां रख दीजिए.
सेवक ने तत्काल आचार्य चाणक्य की आज्ञा का पालन करते हुए ठीक वैसा ही किया.
जब आचार्य चाणक्य से चर्चा समाप्त हो गयी, तब सेनापति ने उत्सुकतावश उनसे सटीक प्रश्न किया- हे महाराज, हे आचार्य जी, मेरी एक बात समझ नही आई! मेरे आगमन पर आपने एक दीपक बुझवा कर रखवा दिया और ठीक वैसा ही दूसरा दीपक जला कर रखने को सेवक को आदेश दे दिया.. जब दोनों दीपकों में कोई खास अंतर नहीं था तो ऐसा करने का क्या औचित्य है?
इस बात पर आचार्य चाणक्य ने मुस्कुराते हुए सेनापति से कहा- सेनापति, भाई पहले जब आप आए, तब मैं अपने राज्य का काम-काज कर रहा था, उसमें राजकोष का ख़रीदा गया तेल डाला गया था, पर जब मैंने आपसे बात की, तो तुरंत अपना दीपक जलाया. क्योंकि आपके साथ हुई बातचीत मेरे लिए व्यक्तिगत थी. मुझे अपने राज्य के धन को व्यक्तिगत कार्य में खर्च करने का कोई अधिकार नही, इसीलिए मैंने ऐसा किया.
आचार्य चाणक्य ने अपनी बात कहनी जारी रखी- स्वदेश से प्रेम का अर्थ है अपने देश की हर वस्तु को अपनी वस्तु समझ कर उसकी रक्षा करना. ऐसा कोई काम मत करो, जिससे देश की महानता को आघात पहुचे, प्रत्येक देश की अपनी संस्कृति और आदर्श होते हैं. उन आदर्शों के अनुरूप काम करने से ही देश के स्वाभिमान की रक्षा होती है.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #सावन_सोमवार
2. #हर_हर_महादेव
3. jikook
4. #SarojaDevi
5. #SmileOnInnocentFaces
6. #BissellPrimeDay
7. भगवान शिव
8. Jago Hindu
9. jungkook
10. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ




## 'द फैमिली मैन-3' की शूटिंग पूरी, इस साल अंत तक होगी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज

काफी वक्त से दर्शक बेसब्री से मनोज बाजपेयी की चर्चित वेब सीरीज़ 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का इंतज़ार कर रहे हैं. इस बार कहानी और भी दिलचस्प होने जा रही है, क्योंकि सीजन-3 में जयदीप अहलावत और निमरत कौर की एंट्री हो चुकी है, जिससे उत्साह और भी बढ़ गया है. कुछ दिन पहले मेकर्स ने 'द फैमिली मैन-3' का पहला वीडियो टीज़र रिलीज़ किया था, जिसमें मनोज बाजपेयी समेत कई प्रमुख किरदारों की झलक देखने को मिली थी. अब खुद मनोज बाजपेयी ने बताया है कि यह सीरीज कब तक दर्शकों के सामने आने वाली है. रिपोर्ट्स के मुताबिक मनोज बाजपेयी ने खुलासा किया है कि 'द फैमिली मैन-3' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह बहुप्रतीक्षित सीरीज़ इस साल अक्टूबर के अंत या नवंबर के पहले हफ्ते में स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जा सकती है. मनोज ने कहा, शूटिंग खत्म हो गई है. जब हमने इस सफर की शुरुआत की थी, तब अंदाज़ा नहीं था कि 'द फैमिली मैन' को इतना ज़बरदस्त प्यार मिलेगा. क्या यह मेरा सबसे लोकप्रिय काम है? मैं कहूंगा, हां, बिल्कुल. मनोज बाजपेयी ने आगे कहा, "फिलहाल मैं इतना ही कहूंगा कि अगर आपको 'द फैमिली मैन' के पहले और दूसरे सीजन पसंद आए हैं, तो तीसरा सीजन आपको बिल्कुल भी निराश नहीं करेगा. इस बार सीरीज की जान जयदीप अहलावत हैं. मैं हमेशा से ऐसे कलाकारों के साथ काम करना चाहता था." 'द फैमिली मैन-3' में एक बार फिर प्रियामणि और शारिब हाशमी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. इस सीरीज़ का निर्माण राज और डीके की मशहूर जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत किया है, जो इससे पहले भी शो को बड़ी सफलता दिला चुके हैं.

# बहुरंग

## तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर चमकी 'मालिक' पसंद आया राजकुमार राव का गैंगस्टर लुक



अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'मालिक' को लेकर सुर्खियों में हैं. 11 जुलाई को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म को जहां समीक्षकों ने सराहा, वहीं दर्शकों ने भी राजकुमार के नए गैंगस्टर लुक को काफी पसंद किया. हालांकि फिल्म की ओपनिंग थोड़ी धीमी रही, लेकिन वीकेंड पर इसकी कमाई में अच्छी बढ़त देखने को मिली है. पहली बार इस अंदाज़ में नजर आए राजकुमार राव को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, और फिल्म की रफ्तार अब धीरे-धीरे पकड़ने लगी है. अब फिल्म की तीसरे दिन की कमाई सामने आ गई है. बॉक्स ऑफिस डेटा ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' ने रिलीज के तीसरे दिन 5.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया. फिल्म ने पहले दिन 3.75 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि दूसरे दिन इसमें उछाल आया और इसने 5.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. इसी रफ्तार को बरकरार रखते हुए तीसरे दिन भी फिल्म ने 5.25 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की. इस तरह 'मालिक' ने तीन दिनों में कुल 14.25 करोड़ रुपये का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है. अब नजरें इस पर टिकी हैं कि फिल्म वीकडेज में कितनी मजबूती के साथ टिक पाती है. 'मालिक' में राजकुमार राव पहली बार अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आए हैं, और दोनों की जोड़ी को दर्शकों से खूब सराहना मिल रही है. उनकी केमिस्ट्री फिल्म की खास बातों में से एक बन चुकी है. फिल्म में प्रोसेनजीत चटर्जी, हुमा कुरैशी और सौरभ शुक्ला जैसे दमदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आते हैं, जो कहानी को और भी गहराई देते हैं. इस एक्शन-ड्रामा फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है, जबकि इसका निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया है. 'मालिक' में राजकुमार राव एक बिल्कुल नए अवतार में दिखाई दे रहे हैं, जहां उनका एक्शन अवतार दर्शकों को खासा प्रभावित कर रहा है.

## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. सफलता मिलेगी. शुभांक-5-7-9

**वृष :** विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें. शुभांक-3-5-6

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग हैं. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पुराने मित्र से मिलन होगा. स्वविवेक से कार्य करें. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. आत्मविश्वास बढ़ेगा. अर्थपक्ष मजबूत रहेगा. कार्य सफल होंगे. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी. शुभांक-2-5-7

**सिंह :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. सही समय का इंतजार करें. शुभांक-2-4-6

**कन्या :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. शुभ कार्यों में व्यय होगा. शुभांक-1-3-5

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी. शुभांक-4-6-8

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. अर्थपक्ष मजबूत रहेगा. शुभ समाचारों मिलेगें. शुभांक-3-5-6

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. आत्मचिन्तन करें. शुभांक-4-6-8

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. होश में रहकर कार्य करें. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. शुभांक-2-4-5

**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. आय-व्यय समान रहेगा. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा. शुभांक-1-3-5

## बॉक्स ऑफिस पर 'मेट्रो... इन दिनों' का घरेलू कलेक्शन 41.59 करोड़ रुपये


सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर की फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो चुके हैं. फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से सराहना मिली, जिसका सीधा असर इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर भी नजर आया. हालांकि, वीकडेज़ में फिल्म की रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन वीकेंड पर 'मेट्रो... इन दिनों' ने बढ़िया कमाई करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया.

अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि रिलीज़ के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया. बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के अनुसार, 'मेट्रो... इन दिनों' ने अपने रिलीज़ के 10वें दिन, यानी दूसरे रविवार को 4.83 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन अब 41.59 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है. करीब 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने अब अपनी लागत निकाल ली है और मुनाफे की ओर बढ़ रही है. इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर के साथ पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं, जिन्होंने फिल्म की कहानी को और भी प्रभावशाली बना दिया है. 'मेट्रो... इन दिनों' के निर्देशक ही नहीं, अनुराग बसु इस फिल्म के लेखक भी हैं. उन्होंने निर्माता भूषण कुमार के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट का प्रोडक्शन भी संभाला है.

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला 'आंखों की गुस्ताखियां' का जलवा

विक्रांत मैसी की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. रिलीज से पहले फिल्म को लेकर दर्शकों और निर्माताओं दोनों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा. पहले दिन से ही फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी रह गई. हालात ऐसे हैं कि वीकेंड पर भी फिल्म की बॉक्स ऑफिस रफ्तार में कोई खास इजाफा देखने को नहीं मिला. अब सभी की नजर इस पर है कि 'आंखों की गुस्ताखियां' ने अब तक कुल कितनी कमाई की है और क्या आने वाले दिनों में यह नुकसान की भरपाई कर पाएगी. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार विक्रांत मैसी और शनाया कपूर स्टारर 'आंखों की गुस्ताखियां' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को सिर्फ 41 लाख रुपये की कमाई की.

## मेरे अंदर अभिनय को लेकर जुनून अब भी पहले जैसा ही है: दीपक तिजोरी



1990 के दशक के लोकप्रिय अभिनेता दीपक तिजोरी ने अपने दमदार अभिनय और स्टाइल से बॉलीवुड में एक खास पहचान बनाई. उन्हें पहली बार महेश भट्ट की सुपरहिट फिल्म 'आशिकी' के ज़रिए सिनेमा में पहचान मिली. इसके बाद उन्होंने 'सड़क', 'जो जीता वही सिकंदर' और कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिससे वे दर्शकों के बीच खासे पसंद किए जाने लगे. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में दीपक तिजोरी ने अपने 35 साल लंबे फिल्मी करियर के उतार-चढ़ावों को साझा किया. उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा, किन चुनौतियों का सामना किया और किस तरह दर्शकों का प्यार उन्हें लगातार मिलता रहा. दीपक ने कहा कि भले ही वक्त बदला हो, लेकिन उनके अंदर अभिनय को लेकर जुनून अब भी पहले जैसा ही है. दीपक तिजोरी को भले ही फिल्म 'आशिकी' से बड़ा ब्रेक मिला हो, लेकिन उस सफलता के पीछे एक अनकही कहानी भी छिपी है. जिसमें संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल झलकती है. हाल ही में बातचीत में दीपक ने खुलासा किया कि 'आशिकी' की रिलीज़ के समय उन्हें उस तरह की पहचान नहीं मिल पाई थी, जिसकी वे हकदार थे. उन्होंने बताया, आशिकी में मैंने काफी मेहनत की थी, लेकिन प्रचार और पोस्टर में सिर्फ मुख्य जोड़ी, राहुल रॉय और अनु अग्रवाल को ही जगह दी गई. मुझे ये बात खल गई, इसलिए मैं महेश भट्ट साहब के पास गया और कहा, 'भट्ट साहब, मुझे भी पोस्टर में रख लीजिए.' उन्होंने सहानुभूति दिखाते हुए कहा, 'बेटा, मैं तुम्हारे साथ हूं.' लेकिन निर्माता नहीं माने. दीपक आगे बताते हैं कि जब उन्होंने मुकेश भट्ट से बात की, तो उन्हें जवाब मिला, टी-सीरीज़ तुम्हारे लिए पैसे नहीं देता, मैं कुछ नहीं कर सकता.

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप फाइनल:पीएसजी पूरी तरह फेल, नेवेस को लाल कार्ड

# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब

एजेंसी। ईस्ट रदरफोर्ड

कोल पामर के दो गोल और एक शानदार असिस्ट की बदौलत चेल्सी ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर नया इतिहास रच दिया. यह पहली बार है जब 32 टीमों के इस नए प्रारूप में क्लब वर्ल्ड कप खेला गया और चेल्सी इसका पहला विजेता बना.

यूईएफए चैंपियंस लीग जीतने के बाद अमेरिका पहुंची पीएसजी इस मुकाबले की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी, खासकर सेमीफाइनल में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराने के बाद. लेकिन फाइनल में चेल्सी ने पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली, जिससे मैच पूरी तरह एकतरफा हो गया.



मैच के 22वें मिनट में मॉलो गुस्टो की सहायता से कोल पामर ने पहला गोल किया. 30वें मिनट में पामर ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 2-0 कर दिया. फिर 43वें मिनट में पामर ने शानदार पास देकर जोआओ पेड्रो को गोल कराया और स्कोर 3-0 कर दिया.

जोआओ पेड्रो, जिन्हें टूर्नामेंट के दौरान ब्राइटन से साइन किया गया था, सेमीफाइनल में भी फ्लुमिनेंस के खिलाफ दो गोल कर चुके थे. फाइनल में उन्होंने भी अपनी चमक बिखेरी.

पीएसजी की टीम, जो इससे पहले अपने पिछले आठ मैचों में सिर्फ एक गोल खा चुकी थी, चेल्सी के सामने पूरी तरह बिखर गई. मैच के अंत में जोआओ नेवेस को मार्क कुकुरेला के बाल खींचने पर वीएआर रिव्यू के बाद लाल कार्ड दिखाया गया.

**125 मिलियन डॉलर की इनामी राशि :** यह जीत चेल्सी के लिए बेहद खास रही, क्योंकि इस सीजन में उसने यूईएफए कांफ्रेंस लीग भी जीती और प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही. क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिलेगी.

**ट्रम्प की मौजूदगी और सुपर बाउल जैसा माहौल :** 81,118 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी मौजूद रहे. फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया.

**पीएसजी के लिए निराशा, अब सुपर कप पर निगाहें :** भले ही पीएसजी इस खिताब को नहीं जीत पाई, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग-कप डबल जीतना उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही. अब लुइस एनरिक की टीम एक महीने के विश्राम के बाद यूईएफए सुपर कप में टोटनहम हॉटस्पर के खिलाफ भिड़ेगी.

## फिडे महिला वर्ल्ड कप

# दिव्या देशमुख व हम्पी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने क्रोएशिया की तियोदोरा इंजैक को हराकर चल रहे फिडे महिला वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है.रविवार को हुए मुकाबले में दिव्या ने पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए इंजैक को पराजित किया. इसके बाद दूसरा गेम ड्रॉ रहा, जिससे उन्हें तीसरे राउंड में जीत हासिल हुई और अगले दौर का टिकट मिला.दिव्या के बाद सीनियर भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. उन्होंने पोलैंड की क्लाउडिया कुलॉन को हराया. हम्पी का पहला गेम ड्रॉ रहा, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने काले मोहरों से बाजी मार ली.वहीं, भारत की तीन अन्य प्रतिभागी वंतिका अग्रवाल, आर. वैषाली, और हरिका द्रोणावल्ली भी तीसरे राउंड में मुकाबले खेल चुकी हैं, लेकिन उनके सभी गेम ड्रॉ रहे हैं.अब सबकी निगाहें अगले दौर पर टिकी हैं, जहां भारतीय शतरंज खिलाड़ी एक और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी.

## दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराकर जीता पहला विंबलडन खिताब

# विंबलडन : 2025 के नए बादशाह बने जैनिक सिनर

एजेंसी। लंदन

इटली के जैनिक सिनर ने रविवार को विंबलडन फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अपने करियर का पहला विंबलडन खिताब जीत लिया है. यह सिनर का कुल चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है.इस जीत के साथ सिनर ने न केवल पांच सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन फाइनल में अल्काराज से मिली हार का बदला लिया, बल्कि स्पेनिश खिलाड़ी की ग्रैंड स्लैम फाइनल्स में अजेय रहने की लय को भी तोड़ दिया.विश्व नंबर-1 सिनर को मैच के पहले सेट में हार मिली थी. इसके बाद उसने शानदार वापसी करते हुए आगे के सारे सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया. अल्काराज ने पहले सेट में बढ़त ली थी, लेकिन इसके बाद सिनर ने लगातार तीन सेटों में एक जैसी स्कोरलाइन (6-4, 6-4, 6-4) से जीत हासिल की.23 वर्षीय जैनिक सिनर ने फाइनल जीतने के



बाद कहा, "यह पल मेरे लिए बेहद खास है. विंबलडन जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है, और आज वह सपना सच हुआ.अल्काराज की जीत की लय टूटी विंबलडन में यह हार कार्लोस अल्काराज की 20 मैचों की अपराजित लय का अंत भी है. इससे पहले उन्होंने 2023 और 2024 में नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था. साथ ही, सेंटर कोर्ट पर वह 24 मैचों से अजेय थे.गौरतलब है कि विंबलडन में अल्काराज को इससे पहले आखिरी बार 2022 में जैनिक सिनर ने ही हराया था, जब दोनों चौथे दौर में आमने-सामने हुए थे.

**सिनर ने अल्कारेज को कड़े संघर्ष में हराया :** 23 साल के सिनर ने गत चैंपियन 22 वर्षीय स्पैनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्कारेज को चार सेटों तक चले कड़े संघर्ष में 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया. पहला सेट हारने के बाद सिनर ने धैर्य नहीं खोया. उन्होंने अल्कारेज को अगले तीनों सेट में वापसी का कोई मौका नहीं दिया. सिनर का ये चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है.

**फ्रेंच ओपन में पांच घंटे से अधिक समय की टक्कर :** बता दें कि दोनों युवा खिलाड़ियों के बीच फ्रेंच ओपन फाइनल में बीते 8 जून को पांच सेटों का मुकाबला हुआ था. लाल बजरी पर लगभग साढ़े पांच घंटे तक चले इस मैच में अल्कारेज ने सिनर को दो सेट में पिछड़ने के बावजूद जबदस्त पटखनी दी थी. विंबलडन फाइनल से पहले सेंटर कोर्ट पर अल्कारेज का रिकॉर्ड शानदार रहा था. यहां खेले गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 24 मैचों में वे अपराजित रहे. हालांकि, सिनर की चुनौती बीस साहित हुई.

**वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने ट्रॉफी सौंपी:** सिनर को विंबलडन फाइनल जीतने के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार की सदस्या और वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने ट्रॉफी सौंपी.

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास

# सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत का बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी। जमैका

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इतिहास रच दिया है. वह साल 1915 के बाद से 2000 गेंदें फेंकने वाले क्रिकेटर्स में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत वाले टेस्ट खिलाड़ी बन गए हैं.

स्कॉट बोलैंड ने यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की, जहां उन्होंने 13.1 ओवरों में 34 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए.बोलैंड का टेस्ट में गेंदबाजी औसत 17.33 का है, जो टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों (कम से कम 2000 गेंदें) में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ है.1900 के बाद से बोलैंड से आगे इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही हैं.

इनके अलावा बोलैंड से ऊपर मौजूद अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक से हैं.जमैका में ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 225 रन पर ढेर हो गई.ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन ने 46 रन की पारी



खेली. मेजबान टीम की ओर से शमार जोसेफ ने सर्वाधिक चार विकेट झटके.इसके जवाब में, वेस्टइंडीज की पहली पारी 143 रन पर सिमट गई. टीम के लिए जॉन कैंपबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए. बोलैंड सर्वाधिक तीन विकेट चटकाने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज रहे.पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 99 रन बनाए.ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में कैमरून ग्रीन नाबाद 42 रन बना चुके हैं. दिन की समाप्ति तक दूसरे छोर पर उनके साथ कप्तान पैट कमिंस (5) थे.मेहमान टीम के पास फिलहाल 181 रन की बढ़त है. ऑस्ट्रेलिया पहले ही इस सीरीज पर 2-0 से अपना कब्जा कर चुका है. ऐसे में वेस्टइंडीज के पास इस मुकाबले को जीतकर सम्मान बचाने का मौका है.

# साइना नेहवाल व पी कश्यप का रिश्ता टूटा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी साइना नेहवाल और उनके पति पारुपल्ली कश्यप ने 7 साल की शादी के बाद एक-दूसरे से अलग होने का फैसला लिया है. साइना ने रविवार रात इंस्टाग्राम स्टोरी के माध्यम से अपने फैसले की जानकारी साझा की. उन्होंने लिखा, ₹काफी सोचने और विचार करने के बाद, हमने अलग होने का निर्णय लिया है. जीवन कभी-कभी हमें अलग रास्तों पर ले जाता है, और अब हम एक-दूसरे के लिए शांति और प्रगति का रास्ता चुन रहे हैं.₹ उन्होंने आगे कहा कि वह इस रिश्ते से जुड़ी यादों के लिए आभारी हैं और कश्यप के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हैं. साथ ही, साइना ने लोगों से उनकी निजता का सम्मान करने की अपील भी की.साइना और कश्यप की प्रेम कहानी 2007 से शुरू हुई थी, जब दोनों ने हैदराबाद के गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में एक साथ ट्रेनिंग शुरू की थी. दोनों एक-दूसरे को 2005 से जानते थे, लेकिन रिश्ते की शुरुआत 2007 में हुई. दिसंबर 2018 में उन्होंने निजी समारोह में शादी रचाई थी और हैदराबाद के नोवोटेल होटल में शानदार रिसेप्शन पार्टी दी थी, जिसमें खेल और फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने शिरकत की थी.साइना नेहवाल बैडमिंटन में भारत की सबसे सफल खिलाड़ियों में गिनी जाती हैं. वह ओलिंपिक में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं. लंदन ओलिंपिक 2012 में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता था .

# वेरोनिका व एलिस ने महिला युगल खिताब जीता

एजेंसी। लंदन

8वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिस मर्टेनस ने विंबलडन 2025 के महिला युगल का खिताब जीत लिया. इस जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त सीह सु-वेई और जेलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से हराया.

पहला सेट हारने के बाद, कुदेरमेतोवा और मर्टेन्स ने दृढ़ता दिखाई और दूसरे सेट में हसीह की सर्विस दो बार तोड़कर मैच बराबरी पर ले आईं. कुदेरमेतोवा के नेट प्ले और मर्टेन्स की बेसलाइन पर लगातार स्थिरता ने मैच का रुख उनके पक्ष में मोड़ना शुरू कर दिया.तीसरे सेट में एक और मोड़ आया जब हसीह और ओस्टापेंको ने 4-2 की बढ़त बना ली, लेकिन आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने वापसी की. कुदेरमेतोवा ने चैंपियनशिप



पॉइंट पर वॉली विनर के साथ जीत पक्की की और अंततः डब्ल्यूटीए के अनुसार अपना पहला ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीता.यह जीत कुदेरमेतोवा के लिए विशेष महत्व रखती है, जो 2021 के विंबलडन फाइनल में बुरी तरह से हार गई थीं. इस बीच, उनकी जोड़ीदार मर्टेन्स ने अपना पांचवां प्रमुख युगल खिताब और विंबलडन में अपना दूसरा खिताब हासिल किया.मर्टेन्स ने पिछला विंबलडन खिताब 2021 में जीता था, जब उन्होंने हसीह के साथ मिलकर कुदेरमेतोवा और एलेना वेस्नीना को हराया था. मैड्रिड और रोम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के बाद विंबलडन का खिताब जीतकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया. ओस्टापेंको के लिए, यह हार विशेष रूप से निराशाजनक थी क्योंकि जीत उन्हें डब्ल्यूटीए डबल्स की नई विश्व नंबर 1 खिलाड़ी बना देती.

# भारतीय धाविका याराजी की हुई एसीएल सर्जरी

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स की स्टार और 100 मीटर हर्डल्स की एशियाई चैम्पियन ज्योति याराजी ने अपने दाएं घुटने में एंटीरियर क्रूशिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट के चलते सर्जरी करवाई है. इस बात की पुष्टि खुद याराजी ने रविवार को इंस्टाग्राम के जरिए की.याराजी को यह चोट एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान लगी थी. उन्होंने इंस्टाग्राम पर जानकारी साझा करते हुए कहा, ₹मैं यह बताते हुए खुश हूं कि शुक्रवार को मैंने डॉ. दिनशॉ परडीवाला के साथ सफलतापूर्वक अपने दाएं घुटने की एसीएल सर्जरी करवाई.उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए काफी मुश्किल रहे हैं, क्योंकि यह चोट मुझे उस चीज़ से दूर कर रही है जिसे मैं सबसे ज़्यादा पसंद करती हूं.गौरतलब है कि याराजी ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 12.96 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था.

# गेंदबाज सिराज पर आईसीसी ने ठोका तगड़ा फाइन

**एनई दिल्ली ।** लंदन के लॉर्ड्स में इंडिया और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है, लेकिन आखिरी दिन के खेल से कुछ घंटे पहले इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर तगड़ा फाइन ठोका है. मोहम्मद सिराज ने एक हरकत इंग्लैंड के बल्लेबाज को आउट करने के बाद की थी.इसके लिए आईसीसी ने उन पर जुर्माना ठोका है.मोहम्मद सिराज की 15 फीसदी मैच फीस काटी जाएगी.इसके अलावा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई है. आईसीसी ने जानकारी दी है कि मोहम्मद सिराज को रविवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच के चौथे दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है.इस वजह से उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है.

Before:- Sri
Notary Public, Koderma

**AFFIDAVIT**

I, **Priyanka Ojha** W/o Sri Navneet Ojha, aged about 41 years, by faith- Hindu, by profession-Business, Nationality-Indian, resident of Gumo, Bhadodih, Bishunpur, P.O.-Jhumri Telaiya, P.S.-Telaiya, District- Koderma, State-Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am permanent resident of the aforesaid address.
2. That my **Aadhaar No. is 4313 5965 7071.**
3. That Navneet Ojha is my husband.
4. That in my educational certificate my name is mentioned as **Priyanka Pandey** but in Aadhaar Card my name is mentioned as **Priyanka Ojha.**
5. That before marriage I was commonly known as **Priyanka Pandey** but after marriage I am commonly known as **Priyanka Ojha.**
6. That **Priyanka Pandey @ Priyanka Ojha** is my name and I am known by both the names in my locality.
7. That above both the names belongs to me is one and same person.
8. That all the contents made in this affidavit are true and correct. If found false I shall be liable.

**Affidavit No.: 23, Date 03.07.25**

Before.......
Executive Magistrate, Koderma.

**AFFIDAVIT**

I, **Kunti Devi, W/o-Sri Ramji Mahto**, aged about 53 years old, by faith- Hindu, Vocation-Housewife, Nationality-Indian, State- Jharkhand, residence of village - Tolkhar, Post- Nawadih, P.S-Nawalshahi, Dist- Koderma, Jharkhand, 825318, do hereby solemnly affirm and declare hereas under: -

1. That I am permanent resident of above mentioned place.
2. That I have a **UIDAI No. 9549 4646 0682** and Election Commission of India **Identity Card KFR1897131** in which my name is laid down as **Kunti Devi** which is correct.
3. That I have Saving **Account No is 481710100007224** Domchanch Branch my name laid down **Kunwa Devi.**
4. That above Bank is misspelt in my name.
5. That I known by two names **Kunwa Devi** and **Kunti Devi** both name is mine and same person that is me.
6. That I want to correct my name in Bank **Kunti Devi.**
7. That my husband's known by two names **Ramji Mahto** and **Ramji Yadav** both name is husband's and same person that is my husband.
8. That from 1 to 6 are correct and if any contents false, I shall be self responsible for this.

**Affidavit No.: 1264, Date 05.07.25**

# कंगारुओं ने दूसरी पारी में 99 रन पर गंवाए छह विकेट

**किंग्सटन ।** कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली. दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे. उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं.तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे. ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने इस दिन रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी. ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे. ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही.

## 200वां मोटोजीपी रेस | भाई एलेक्स पर चैंपियनशिप बढ़त को किया और मजबूत

# डुकाटी राइडर मार्क मार्केज़ ने जीता जर्मन मोटोजीपी

एजेंसी। सैक्सनरिंग

डुकाटी राइडर मार्क मार्केज़ ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें 'किंग ऑफ सैक्सनरिंग' क्यों कहा जाता है. अपने 200वें मोटोजीपी रेस में हिस्सा लेते हुए मार्केज़ ने रविवार को जर्मन ग्रां प्री का खिताब जीत लिया.

यह एक ऐसी रेस थी, जो अंत तक सिर्फ 10 राइडर्स के पूरा कर पाने के चलते ₹सर्वाइवल टेस्ट₹ बन गई.यह सैक्सनरिंग पर मार्क की नौवीं मोटोजीपी जीत थी, जिसके साथ ही उन्होंने अपने भाई एलेक्स मार्केज़ पर चैंपियनशिप की बढ़त को 83 अंकों तक पहुंचा दिया. एलेक्स ने दूसरी पोजिशन हासिल की, जबकि मार्क के डुकाटी टीममेट फ्रांसेस्को बगनैया



तीसरे स्थान पर रहे और अब वह चैंपियनशिप में 147 अंक पीछे हैं.एलेक्स ने इस रेस में पांचवीं ग्रिड पोजिशन से शुरुआत की थी और यह उनका 100वां मोटोजीपी रेस था. खास बात यह रही कि वह अभी भी डच ग्रां प्री में हाथ में आई फ्रैक्चर और सर्जरी से उबर ही रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया.रेस के दौरान कई राइडर्स पहले मोड़ (टर्न-1) पर क्रैश हुए, जिनमें वीआर46 रेसिंग के फाबियो डी जियानन्तोनियो और एप्रिलिया के मार्को बेज़ेकी जैसे दावेदार शामिल थे, जो उस समय दूसरे स्थान पर चल रहे थे.हालांकि दिन पूरी तरह मार्क मार्केज़ के नाम रहा. उन्होंने अपने चहेते ट्रैक पर जीत का जश्न कुछ खास अंदाज में मनाया बाइक पर खड़े होकर, डांस करते हुए उन्होंने चेकर फ्लैग पार किया. यह लगातार चौथा वीकेंड रहा जब उन्होंने स्प्रिंट और मुख्य रेस दोनों जीते.मार्क ने कहा, ₹सैक्सनरिंग पर एक और जीत हासिल करना बेहद खास है. शुरुआत से ही मुझे आत्मविश्वास था, क्योंकि हम लगातार तीन जीत के साथ यहां आए थे. अब हम कह सकते हैं कि आधा सीजन पूरा हो चुका है, लेकिन अगले हिस्से में भी हमें पूरी तरह फोकस रहना होगा.शनिवार को उन्होंने सीजन की सातवीं पोल पोजिशन हासिल की थी और भीगी हुई ट्रैक पर स्प्रिंट रेस भी जीती थी, हालांकि पहले मोड़ पर गलती हुई थी. लेकिन मुख्य रेस में उन्होंने बेहतरीन शुरुआत की और टर्न-1 में लीड पकड़ ली, पीछे थे बेज़ेकी और डी जियानन्तोनियो.जैसे-जैसे रेस आगे बढ़ती गई, मार्क ने अपना अंतर बनाना शुरू कर दिया. वहीं पीछे बेज़ेकी और जियानन्तोनियो आपस में जगह बदलते रहे और एलेक्स व पेड्रो अकॉस्टा चौथे स्थान के लिए संघर्ष करते रहे.लेकिन अंततः बाज़ी मार्क मार्केज़ के नाम रही, जो इस समय मोटोजीपी के सीजन में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं.



पटना के गांधी घाट पर श्रावण की पहली सोमवारी पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु

# सावन की पहली सोमवारी पर बिहार के शिवालयों में उमड़े भक्तगण, किया जलाभिषेक

**शुभम संदेश। पटना**

श्रावण मास की पहली सोमवारी पर बिहार के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. अहले सुबह से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं. आज पहली सोमवारी है. धनिष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के साथ संकष्टी गणेश चतुर्थी का उत्तम संयोग बन रहा है. भगवान शिव की पूजा के लिए सुबह से ही शिवालयों में भीड़ देखने को मिल रही है. भक्त ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोलबम के जयकारे लगा रहे हैं. विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से भक्त पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं. समस्तीपुर जिले के विद्यापतिधाम स्थित प्रसिद्ध बालेश्वर स्थान शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. मिथिलांचल का देवघर कहे जाने वाले इस धार्मिक स्थल पर सोमवार तड़के सुबह 4 बजे से ही जलाभिषेक की शुरुआत हो गई. शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्रियां चढ़ाकर भगवान शिव से मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की. मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा. भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था. वैशाली में स्थित बाबा हरिहर नाथ मंदिर में सावन की पहली सोमवारी पर भक्त सुबह से ही पूजा के लिए पहुंच रहे हैं. क्षद्धालुओं की लंबी कतार लगी है. इस दौरान भक्त बोल बम और हर-हर महादेव के नारे लगा रहे हैं. भीड़ को देखते सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. शिव भक्त गंगाजल, दूध, दही, शहद व बेलपत्र से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं. भागलपुर का सुल्तानगंज शिवभक्तों के आस्था का केंद्र बन गया है. यहां पहली सोमवारी को गंगा घाटों पर जल भरने के लिए श्रद्धालुओं का विशाल हुजूम उमड़ रहा है. देश के विभिन्न कोनों से आए भक्त यहां उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल भर रहे हैं. यह जल भरकर भक्त करीब 105 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा पर निकल रहे हैं. जिसका गंतव्य देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर है. पूरा वातावरण "बोल बम" के जयघोष से गुंजायमान है. सुल्तानगंज से शुरू होने वाली यह यात्रा, भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है.

## आयोग को कुछ कहना है, तो वह सामने आए: तेजस्वी यादव

**शुभम संदेश। पटना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वोटर लिस्ट में विदेशी नागरिकों के नाम होने की खबरों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए चुनाव आयोग और उसके ₹सूत्रों₹ पर जोरदार हमला बोला था. उन्होंने मीडिया में आ रही रिपोर्ट्स को "सुनियोजित साजिश" करार दिया और आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे.

तेजस्वी यादव ने बयान देते हुए चुनाव आयोग के सूत्रों को अपमानजनक रूप से ₹मूत्र₹ बताया. उन्होंने कहा, "ये वही सूत्र हैं जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्लामाबाद, लाहौर और कराची पर कब्जा कर चुके थे. इसलिए हम ऐसे सूत्र को मूत्र समझते हैं. मूत्र यानी ऐसा अपशिष्ट पदार्थ जो दुर्गंध फैलाता है. इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया तेजस्वी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह खुद सामने आने की बजाय "सूत्रों" के जरिए खबरें प्लांट करवा रहा है. उन्होंने दो टूक कहा, "अगर आयोग को कुछ कहना है तो वह आधिकारिक रूप से सामने आए, न कि बेनाम सूत्रों के सहारे खेल रचे. तेजस्वी ने दावा किया कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी एक संगठित साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य चुनावी नतीजों को प्रभावित करना है. उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ 1% मतदाताओं का नाम भी लिस्ट से हटाया गया, तो करीब 7 लाख 90 हजार वोट प्रभावित होंगे.

यह न केवल लोकतंत्र के साथ धोखा होगा, बल्कि चुनाव परिणामों की दिशा भी बदल सकता है. तेजस्वी ने एक बूथ के गणित के जरिए अपना दावा मजबूत करते हुए बताया, अगर हर बूथ से मात्र दस नाम हटाए गए, तो 3200 मतदाताओं का नाम कट जाएगा.

### नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 'मूत्र' बयान पर मचा बवाल

# भाजपा ने बताया लोकतंत्र पर हमला

**शुभम संदेश। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा पत्रकारों के लिए 'सूत्र' की जगह 'मूत्र' शब्द के इस्तेमाल से बिहार की सियासत में बड़ा बवाल खड़ा हो गया है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस बयान को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का सीधा अपमान बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है. भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने प्रेस को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव से सार्वजनिक माफी की मांग की है. गुरु प्रकाश ने कहा, "तेजस्वी यादव का यह बयान न केवल पत्रकारिता का अपमान है, बल्कि यह उस सोच को दर्शाता है जो सत्ता में आने पर लोकतंत्र को कुचलने से नहीं हिचकती. पत्रकार सूत्रों के माध्यम से ही जनता तक सच्चाई पहुंचाते हैं, ऐसे में उन्हें 'मूत्र' कहना पूरी मीडिया बिरादरी का अपमान है." उन्होंने तेजस्वी यादव के भाषणों में बार-बार मीडिया को निशाना बनाए जाने पर भी सवाल उठाए. भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जब तेजस्वी मंच से अपने समर्थकों को मीडिया को ₹बेनकाबर₹ करने को कहते हैं, तो यह एक तरह की धमकी है. "वे किसे डराना चाहते हैं? क्या पत्रकारों को चुप कराना चाहते हैं?" उन्होंने पूछा.

गुरु प्रकाश ने तेजस्वी के बयान को 'जंगलराज की वापसी' की आहट बताते हुए कहा कि राजद शासनकाल में पत्रकारों पर हुए हमले इसके गवाह हैं. उन्होंने 1991 में गया के पत्रकार अशोक प्रसाद की हत्या, 1994 में सीतामढ़ी के दिनेश दिनकर की हत्या, 1997 में गोपालगंज में अखबार के दफ्तर पर बमबारी, 1999 में सिवान के दूरदर्शन दफ्तर पर हमला और मधुबनी में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रिका राय पर जानलेवा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये घटनाएं लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर देने वाली थीं. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में पत्रकारों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि हम मानते हैं कि पत्रकार लोकतंत्र की रीढ़ हैं और वे अपने जीवन को जोखिम में डालकर सच्चाई सामने लाते हैं. तेजस्वी यादव के बयान को लेकर भाजपा के इस हमले ने बिहार की सियासत में शब्दों की जंग को नई दिशा दे दी है. अब देखना होगा कि राजद इस विवाद पर क्या रुख अपनाता है और तेजस्वी यादव सफाई देते हैं या माफी मांगते हैं. फिलहाल, यह विवाद राज्य में आगामी चुनावी माहौल को और भी गर्माने वाला साबित हो रहा है.

## न्यूज अपडेट

### संदिग्ध हालत में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**सहरसा।** जिले के सहरसा-सुपौल मुख्य मार्ग पर स्थित रहूआमनी पुल के पास सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक की लाश संदिग्ध परिस्थिति में बरामद की गई. यह घटना सदर थाना क्षेत्र की है. मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है. लाश पुल से कुछ अंदर, उत्तर दिशा की ओर झाड़ियों में लावारिस हालत में पड़ी मिली. घटना की सूचना मिलते ही सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक साइंस लैब की टीम और डॉग स्क्वॉड को भी जांच में शामिल किया गया है.

### जलाभिषेक करने जा रहे युवक की हादसे में मौत

**शिवहर।** श्रावण की पहली सोमवारी को भगवान शंकर के जलाभिषेक करने देवकुलीधाम जा रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई. घटना मधुबन राष्ट्रीय उच्च पथ के पहाड़पुर पुल के पास की बताई जा रही है. इस घटना में एक तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार को पूरी तरह से रौंद दिया. मृतक श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के नयागांव लक्षुटोला निवासी धर्मदेव राय के 21 वर्षीय पुत्र जयप्रकाश कुमार हैं. बता दें कि युवक अपने पिता के साथ सुपर स्प्लेंडर बाइक से देवकुलीधाम के मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहा था.

### अपराधी ने युवक की चाकू मारकर की हत्या

**मधुबनी।** बेखौफ अपराधी ने सो रहे युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी. इस घटना ने पूरे गांव में सनसनी और आक्रोश फैला दिया है. मृतक की शिनाख्त सलमान के तौर पर की गई है. घटना पंडौल थाना क्षेत्र के नाहर भगवतीपुर गांव के मौन टोला से सामने आई है. मिली जानकारी के अनुसार घर में सो रहे सलमान पर आरोपी अशफाक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. सलमान के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आरोपी अशफाक को मौके पर ही धर दबोचा. इसके बाद ग्रामीणों ने उसे पंडौल थाना पुलिस के हवाले कर दिया.

### दिनदहाड़े दो युवकों पर फायरिंग, एक की मौत

**बेगूसराय।** लोहियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघा गुमटी के पास सोमवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े दो युवकों पर गोलियों की बौछार कर दी. इस हमले में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. यह घटना इलाके में दहशत का कारण बन गई है. मृतक की पहचान छोटू महतो के पुत्र 30 वर्षीय अमित कुमार के रूप में की गई है. वहीं, घायल युवक की पहचान प्रिंस कुमार के रूप में हुई है, जिसे पीठ में गोली लगी है. चश्मदीदों के अनुसार, बाइक पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने अचानक दोनों युवकों पर फायरिंग शुरू कर दी और फिर मौके से फरार हो गए.

## कारोबार

## न्यूज अपडेट

### फ्लिपकार्ट ने 'फूड फेस्ट 2025' का भव्य आयोजन किया

**नयी दिल्ली।** भारत के अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने बेंगलुरु स्थित अपने कैंपस में 'फूड फेस्ट 2025' का भव्य आयोजन किया. इस दौरान 5-10 जुलाई तक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी क्यूरेटेड सेल का आयोजन हुआ. स्वाद, टेक्नोलॉजी और ब्रांड्स को जोड़ते इस फेस्ट में 25 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और 10 करोड़ से अधिक ऑनलाइन इम्प्रेशन दर्ज किए गए. कार्यक्रम की खास बात सेलिब्रिटी शेफ रणवीर ब्रार और पूजा ढींगरा के लाइव मास्टरशेफ सेशन रहे. रणवीर ब्रार ने कहा, 'भारतीय रीजनल फ्लेवर्स के साथ प्रयोग कर लोगों तक उसकी खुशबू और स्वाद पहुंचाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा. फ्लिपकार्ट ने ऐसा मंच दिया जहां दर्शकों से सीधा जुड़ाव बना.' पूजा ढींगरा ने कहा, 'होम बेकर्स को मॉडर्न इंडियन डेजर्ट सिखाना बेहद रोमांचक रहा. यहां का जोश और फूड के प्रति लोगों की दीवानगी देखकर दिल खुश हो गया.'

### अब 2 लाख तक गोल्ड गिरवी रख आसानी से मिलेगा लोन

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने किसानों और छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए गोल्ड लोन से जुड़े नियमों में अहम बदलाव किए हैं. 11 जुलाई को जारी नए सर्कुलर के अनुसार, अब किसान और छोटे कारोबारी 2 लाख रुपये तक के लोन के लिए अपनी मर्जी से सोना या चांदी गिरवी रख सकेंगे. खास बात यह है कि यदि कोई उधारकर्ता गोल्ड गिरवी रख लोन लेना चाहता है, तो बैंक उसे मना नहीं कर सकते. इस बदलाव से सबसे अधिक लाभ ग्रामीण इलाकों के लोगों को होगा, जहां सोना आसानी से उपलब्ध होता है और बुवाई या आपात स्थिति में तुरंत फंड की जरूरत पड़ती है.

### 6 माह में 1.12 करोड़ सिप बंद, निवेशकों में डर का माहौल

नयी दिल्ली। 2025 म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए झटका देने वाला साबित हो रहा है. साल के पहले छह महीनों में अब तक करीब 1.12 करोड़ सिप (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) बंद हो चुके हैं. यह आंकड़ा चौंकाने वाला है, क्योंकि आमतौर पर हर साल सिप की संख्या में इजाफा देखा जाता है. लेकिन इस बार जनवरी से अप्रैल के बीच चार ऐसे महीने रहे, जब नए सिप शुरू होने से ज्यादा पुराने बंद हो गए.

### भारत और सऊदी अरब के बीच हुआ खाद आपूर्ति समझौता

# किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत के किसानों के लिए एक अच्छी खबर आई है. इंडियन फर्टिलाइजर कंपनी लिमिटेड (आईपीएल), कृभको (कृभको) और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सऊदी अरब की प्रमुख कंपनी मादेन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है. यह समझौता डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) खाद की सप्लाई को लेकर किया गया है, जो भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. समझौते के तहत मादेन कंपनी अगले पांच वर्षों तक हर साल भारत को 3.1 मिलियन टन डीएपी खाद की आपूर्ति करेगी. यह समझौता वित्तीय वर्ष 2025 से ही प्रभावी हो गया है. खास बात यह है कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इस समझौते को अगले पांच वर्षों के लिए और बढ़ाया जा सकता है.

यह समझौता उस समय हुआ है, जब भारत के रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं. समझौते पर हस्ताक्षर भी उन्हीं की उपस्थिति में किए गए. इस साझेदारी को भारतीय कृषि के लिए रणनीतिक रूप से बहुत अहम माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब भारत में डीएपी खाद की कमी देखी जा रही है.

भारत में डीएपी खाद की मांग यूरिया के बाद सबसे अधिक है. लेकिन हाल ही में चीन ने फॉस्फेट के निर्यात पर रोक लगा दी है, जो डीएपी बनाने के लिए एक आवश्यक कच्चा माल है. इसके कारण भारत में डीएपी का उत्पादन प्रभावित हुआ है. इसके अलावा, चीन ने 26 जून से विशेष खाद (स्पेशल फर्टिलाइज़र) का शिपमेंट भी रोक दिया है, जिसका प्रयोग फल, सब्जियों और अन्य महत्वपूर्ण फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में किया जाता है. इस समझौते से न केवल खाद की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर खाद मिल पाएगी. डीएपी खाद की बुवाई के तुरंत बाद आवश्यकता होती है, और अगर इस समय कमी हो जाती, तो फसल का उत्पादन प्रभावित हो सकता था. वित्तीय वर्ष 2025 में भारत ने सऊदी अरब से 1.905 मिलियन टन डीएपी आयात किया है, जो कि पिछले वर्ष के 1.629 मिलियन टन के मुकाबले लगभग 17% अधिक है. यह दर्शाता है कि भारत की खाद आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है.

जेपी नड्डा ने अपनी यात्रा के दौरान सऊदी अरब के उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री बंदर बिन इब्राहिम अल खोरायेफ से मुलाकात की. इस दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा की. खासतौर पर भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) के लिए सऊदी अरब के उर्वरक क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर भी विचार हुआ. साथ ही, सऊदी अरब की कंपनियों ने भी भारत में निवेश करने में रुचि दिखाई है. दोनों देशों ने यह भी सहमति जताई है कि भविष्य में डीएपी के अलावा यूरिया और अन्य आवश्यक खादों को भी समझौते के दायरे में लाया जाएगा, जिससे भारत की खाद सुरक्षा और भी सुदृढ़ हो सकेगी. जेपी नड्डा ने कहा कि यह समझौता किसानों के लिए बहुत लाभकारी साबित होगा. इससे उन्हें समय पर खाद मिल सकेगी, जिससे फसल की उपज में सुधार होगा और देश की खाद्य सुरक्षा भी मजबूत होगी.

## न्यूज अपडेट

### थोक महंगाई दर जून में घटकर -0.13% पर आई

**नयी दिल्ली।** भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जून 2025 में घटकर (-)0.13 प्रतिशत पर आ गई है. यह इस साल की शुरुआत से पहली बार है जब महंगाई दर नकारात्मक स्तर पर पहुंची है और पिछले 14 महीनों का यह सबसे निचला स्तर है. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को यह आंकड़े जारी किए. मई 2025 में थोक महंगाई दर 0.39 प्रतिशत थी, जबकि जून में इसमें गिरावट देखने को मिली. मंत्रालय के अनुसार, इस गिरावट का प्रमुख कारण खाद्य उत्पादों की कीमतों में आई कमी है. जून में खाद्य वस्तुओं पर आधारित थोक महंगाई दर -3.75 प्रतिशत रही, जो मई में -1.56 प्रतिशत थी.

### ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में आई जबरदस्त उछाल

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने जून 2025 की पहली तिमाही में 428 करोड़ रुपये का नेट लॉस दिखाया, लेकिन इसके बावजूद कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली. सोमवार को बीएसई पर ओला के शेयर 17.2% चढ़कर 46.67 रुपये तक पहुंच गए. यह उछाल ऐसे समय आया है जब भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 250 अंकों की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था.

पेज एक का शेष ...

### कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, देशज तकनीक और संसाधन से ही संभव

**बजटीय विनियोजन शून्य :** 16 में वित्त आयोग से सरकार ने प्राथमिक अर्थात कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र सिंचाई वन आदि के लिए आगामी पाच वर्षों हेतु 41388 करोड़ रुपए की विशेष सहायक मांग की है. पर आश्चर्य है कि (खबरों के अनुसार कृषि एवं संबद्ध सेवाओं से संबंधित) बजटीय उपबंध लगभग 4500 करोड़ की राशि से जून महीने तक विनियोजन शून्य है, जबकि बुवाई का सबसे महत्वपूर्ण समय यही है. राज्य के अधिकांश किसान सीमांत और मध्यम हैं और आमतौर पर पानी के असंतुलन के चलते एक फसली उत्पाद की प्रमुखता है, पर इसे भी अपेक्षित समर्थन न मिले तो फिर विकास की बात बेमानी है. कुल क्षेत्रफल का लगभग 30% वन क्षेत्र देशज सर्वल औषधीय एवं कतिपय सहायक खाद्य उत्पादों का आगार है.

**तसर उद्योग को बढ़ावा मिले :** झारखंड का रेशम (तसर) जैविकता के लिए विश्व विख्यात है. अकेले रेशम ढाई लाख (विशेष कर महिलाओं को) कौशल पूर्ण रोजगार देने में सक्षम है! यदि इसका प्रसंस्करण हो जाए तो क्या कहना? पूर्व में इसके लिए ठोस प्रयास हुआ था, पर परवान नहीं चढ़ा. आज तो रेशम (तसर) का उत्पादन पहले की अपेक्षा एक तिहाई रह गया है. इसी के साथ झारखंड के अन्य वन उत्पाद एवं औषधियां आर्थिक और तकनीकी समर्थन से रोजगार का बड़ा साधन हैं. हमारी नजर केवल खनिज एवं उद्योग की ओर जाती है. झारखंड की समृद्धि के लिए उद्योग खनन की भले महत्ता हो पर हाथों को काम रोजगार ग्रामीण आजीविका गरीबी उन्मूलन के लिए कृषि मत्स्य पालन पशुपालन बागवानी और वानिकी क्या अभूतपूर्व योगदान है और आगे भी रहेगा.

# दुनिया की सबसे पुरानी बिटकॉइन पहली बार $121,000 के पार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन ने एक नया इतिहास रच दिया है. इसकी कीमत आज पहली बार $121,000 (लगभग 1 करोड़ रुपये) के पार पहुंच गई है. अमेरिकी अर्थव्यवस्था में चल रहे डेफिसिट स्पेंडिंग क्राइसिस को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है. इस साल अब तक बिटकॉइन में 30% की तेजी आ चुकी है और निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है. कई विशेषज्ञ प्राइस मॉडल्स के अनुसार, बिटकॉइन की कीमत भविष्य में $200,000 से लेकर $10 लाख तक पहुंच सकती है. यदि यह $370,000 तक जाता है, तो इसके गुमनाम क्रिएटर सतोशी नाकामोतो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन सकते हैं. मौजूदा समय में टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क $360 अरब की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं. वहीं, नाकामोतो के पास करीब 10 लाख बिटकॉइन माने जाते हैं, जिनकी मौजूदा कीमत करीब $130 अरब है, और इस हिसाब से वे अभी दुनिया के 12वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं. सतोशी नाकामोतो को बिटकॉइन का जनक माना जाता है. हालांकि उनकी पहचान अब तक रहस्य बनी हुई है. अक्टूबर 2008 में उन्होंने बिटकॉइन का वाइटपेपर ओपन सोर्स पब्लिक एमआईटी लाइसेंस के तहत जारी किया था और 3 जनवरी 2009 को बिटकॉइन नेटवर्क का पहला ब्लॉक माइन किया गया.



## शिवालयों में कांवड़ियों शिवभक्तों का उमड़ा सैलाब

**वाराणसी।** सावन माह के पहले सोमवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी, राजधानी लखनऊ सहित पूरा प्रदेश महादेव की आराधना में लीन रहा. प्रदेश के प्रमुख शिव मंदिरों में कांवड़ियों और शिवभक्तों का रेला दर्शन पूजन के लिए दिनभर उमड़ता देखा गया. इस दौरान हर हर महादेव और बोल बम के उद्घोष से फिजाएं गुंजायमान हैं. धर्म नगरी काशी नगरी में चंहुओर कंकर-कंकर शंकर का नजारा दिख रहा है. सावन के पहले सोमवार को देखते हुए पूरे मंदिर परिक्षेत्र में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया. चप्पे-चप्पे पर चौकसी बरती जा रही है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एटीएस के कमांडो तैनात किए गए हैं. भक्तों की सुविधा के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह से पूजन-अर्चन का सजीव प्रसारण हो रहा. दरबार में मंगला आरती के बाद भोर से ही कतारबद्ध शिवभक्त मंदिर के स्वर्णमंडित गर्भगृह के बाहर लगे पात्र से ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर रहे हैं. मंदिर में बाबा का झांकी दर्शन और धाम का नव्य, भव्य और विस्तारित स्वरूप देख शिवभक्त और कावंड़िये आह्लादित होकर हर-हर महादेव का परम्परागत कालजयी उद्घोष कर रहे हैं. हर-हर, बम-बम के बोल संग गूंजती कांवड़ियों की बोली के साथ आस्थावानों की कतार गोदौलिया से लगातार दरबार में दर्शन-पूजन के लिए आगे बढ़ रही है. इसके पूर्व आज भोर में 3:30 बजे बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग की विधि विधान से वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच भव्य श्रृंगार कर मंगला आरती हुई. इसके बाद मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धा की अटूट कतार स्वर्णिम दरबार के दरस-परस के लिए उमड़ पड़ी.

### न्यूज अपडेट

## आर्थिक साझेदारी समझौता से बढ़ेगा भारत-यूएई व्यापार: डॉ. मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दुबई में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत-यूएई सीईपीए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करता है. कहा कि मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उन्नत बुनियादी ढांचे और बेहतर उद्योग नीति समर्थन ने इसे लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है.

## नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के सांसद चौधरी का मंत्री पद से इस्तीफा

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सरकार से समर्थन वापस लेने वाली नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के सांसद अरुण कुमार चौधरी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया. उनका त्यागपत्र अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है. नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने एक हफ्ते पहले ओली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था. साथ पार्टी की तरफ से सरकार में सहभागी नागरिक उड्डयन व पर्यटन राज्यमंत्री अरुण कुमार चौधरी ने भी अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंप दिया था. चौधरी ने कहा है कि उन्होंने पांच दिन पहले इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंप दिया था. प्रधानमंत्री ने इस्तीफा मंजूर नहीं किया है. उन्होंने सरकारी गाड़ी और सुरक्षा गार्ड भी वापस कर दिए हैं. नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के पास चार सांसद हैं. पांच सांसदों वाले जनता समाजवादी पार्टी नेपाल ने भी समर्थन वापस ले लिया है.

## नेपाल के गृह मंत्री ने दिए मानव तस्करी मामले की जांच के आदेश

**काठमांडू।** संयुक्त राष्ट्र की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्पेन यात्रा के नाम पर नेपाल से मानव तस्करी का खुलासा होने के बाद गृह मंत्री रमेश लेखक ने जांच के आदेश दिए हैं. इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी स्पेन गया था. दरअसल, प्रधानमंत्री ओली ने 28 जून को स्पेन का दौरा किया था. प्रधानमंत्री ने जिस विमान से काठमांडू से कतर होते हुए स्पेन की यात्रा की थी, उसी विमान पर सवार होकर 43 अन्य लोग भी स्पेन गए थे, लेकिन इनमें से कोई भी अभी तक नेपाल वापस नहीं आया. कई स्थानीय मीडिया ने इस खबर को प्रकाशित किया था. 53 ऐसे लोगों की सूची भी सार्वजनिक की गई थी.

## झूठी जानकारी वाले वीडियो के प्रसारण पर यूट्यूबर के खिलाफ केस

**मेंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल गांव में मृत शरीरों के निपटान से जुड़ी झूठी जानकारी के साथ वीडियो प्रसारित करने के आरोप में यूट्यूबर समीर एम.डी. के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. दक्षिण कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक डॉ. अरुण के. ने इसकी जानकारी दी है. दक्षिण कन्नड़ पुलिस के अनुसार यूट्यूबर समीर एम.डी. के खिलाफ धर्मस्थल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है. धर्मस्थल में कई मृत शरीर दफनाए जाने के आरोपों के बाद, यूट्यूबर ने इस विषय से संबंधित एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सहायता से तैयार की गई काल्पनिक और भ्रामक जानकारी शामिल थी.

## छत्तीसगढ़ में एसईसीएल ओपन कास्ट के मैनेजर के यहां आईटी रेड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार सुबह बिलासपुर, मनेंद्रगढ़ और चिरमिरी समेत कई इलाकों में एक साथ दबिश दी है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये छापेमारी टैक्स चोरी की शिकायतों के आधार पर की गई है, और पूरा मामला साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) से जुड़ा बताया जा रहा है. विभागीय सूत्रों के अनुसार सोमवार सुबह करीब 8 बजे चिरमिरी के पोड़ी नवापारा स्थित एसईसीएल ओपन कास्ट के मैनेजर रविशंकर चक्रधारी और एसी मनीष गुप्ता के घर इनकम टैक्स की टीमें पहुंचीं. चार गाड़ियों में आई टीम ने दोनों घरों को चारों ओर से घेर लिया और घर के अंदर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी.

## ढाका : तत्कालीन पुलिस आयुक्त समेत आठ के खिलाफ आरोप तय

**ढाका।** बांग्लादेश का अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 (आईसीटी-1) इन दिनों जुलाई विद्रोह के दौरान हुए 'मानवता के खिलाफ अपराध' के सिलसिले में दर्ज मामलों की सुनवाई तेजी से कर रहा है. आईसीटी-1 ने पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान चंखरपूल में छह लोगों की हत्या के मामले में आज पूर्व ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त हबीबुर रहमान सहित पुलिस बल के आठ सदस्यों के खिलाफ आरोप तय किए. द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार न्यायमूर्ति गोलाम मोर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण ने इसके बाद अभियोजन पक्ष के प्रारंभिक बयान के लिए 10 अगस्त और गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की.

### पीड़ित युवतियों ने छांगुर बाबा पर लगाए गंभीर आरोप

# भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहता था

**एजेंसी। लखनऊ**

हजारों हिंदू लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं. अब कुछ पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया है कि छांगुर बाबा और उनके सहयोगी भारत को इस्लामिक देश बनाने का षडयंत्र रच रहे थे. पीड़ित युवतियों का कहना है कि उनकी घर वापसी के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं. उन्हें सरकार सुरक्षा उपलब्ध कराये. सोमवार को लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के जिलाध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में कुछ पीड़ित युवतियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान आपबीती बयां की. पीड़ित युवतियों ने छांगुर और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें धमका, प्रेमजाल में फंसाकर, पैसों का प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण कराया गया.





पीड़ित युवती ने पीड़ित ने मीडिया को छांगुर की काली करतूतों को बयां करते हुए बताया कि वह औरैया जिले की रहने वाली है. पिछले वर्ष की बात है, जब अपने पिता की शराब लत को छुड़ाने के परेशान थी. इसी दौरान मेराज नाम के युवक ने अपना रूद्र शर्मा बताते कहा कि वह उसके पिता की शराब छुड़वा देगा. युवती ने बताया कि मेराज उर्फ रूद्र ने उसके परिवार को छांगुर बाबा से लखनऊ में मिलवाया. छांगुर ने उसे ताबीज देकर दुआ पढ़ी थी. इसके कुछ दिन बाद मेराज उर्फ रुद्र शर्मा उनके घर आया और कानपुर में आए झांगुर बाबा से मिलाने के लिए उसे अपने साथ ले गया. युवक उसे कानपुर न ले जाकर फतेहपुर बिन्दकी की एक मस्जिद में ले गया, जहां उसका जबरन निकाह कराया गया. तब उसे पता चला कि युवक का असली नाम रुद्र नहीं मेराज है. उसने उसे इस्लाम कबूल करवाते हुए उसका जैनब नाम रखा. उसे तीन महीने अपनी कैद में रखा और उसके साथ जबरदस्ती की. इसके बाद वह किसी तरह वह वापस अपने घर आई तो मेराज आ गया. युवती का आरोप है कि मेराज ने उससे जुड़ी फोटो और वीडियो दिखाई और कहा कि उसकी छोटी बेटी की भी शादी करवा दो. इसी बहस में लड़की के पिता ने मेराज के सिर में लोहे की रॉड मार दी, जिससे मेराज की मौत हो गई. इसके बाद उसके मां-बाप को जेल भेज दिया गया.

युवती ने बताया कि अपने साथ हुई घटना को लेकर पीड़ित मेराज के खिलाफ केस दर्ज कराने गई तो औरैया पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया. क्योंकि उसके पिता रियाज सपा से बिन्दकी नगरपालिका क्षेत्र में सभासद का चुनाव लड़ चुका है. उसने बताया कि जब छांगुर गैंग का खुलासा हुआ तब उसने हिंदू संगठन की मदद से अपनी बात कहने के लिए लखनऊ पहुंची. मीडिया से युवती ने बताया कि आज भी उसे धमकियां मिल रही है. माता-पिता के जेल जाने के बाद उसके भाई-बहन कई दिक्कतों का सामना कर रहे हैं. वह कोर्ट केस भी लड़ रही है. पत्रकार वार्ता में अन्य पीड़ित युवतियों ने बताया कि छांगुर बाबा के गिरोह में शामिल लड़के पहले तो अपनी बातों या प्रेमजाल में फंसाकर उनसे शादी का प्रस्ताव रखते हैं. जब लड़किया राजी हो जाती हैं, तो उन्हें मस्जिद में ले जाकर उनका धर्मांतरण कराते हैं. यदि कोई लड़की नहीं राजी होती है तो गंदी वीडियो व फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उनका धर्मांतरण कराते हैं. उनका शारीरिक शोषण किया जाता है.

पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया कि हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराने के लिए वहां रेट लेस्ट बनी थी. पीड़ितों का कहना है कि एजेंटों को हिन्दू धर्म के ब्राह्मण, सरदार अथवा क्षत्रिय की लड़की को इस्लाम स्वीकार कराने पर पन्द्रह से सोलह लाख रुपये मिलते थे. पिछड़ी जाति की लड़की के लिये दस से बारह लाख और अन्य जाति की लड़कियों को आठ से दस लाख रुपये मिलते थे. घर वापसी करने के बाद पीड़ित लड़कियों का कहना है कि उनको धमकियां मिल रही हैं. वे सरकार से मांग करती है कि उन्हें व उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया करायी जाए.

### न्यूज अपडेट

## संसद में एआई आधारित डिजीटलीकरण का अगला चरण लागू होगा

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में लोकसभा के कामकाज में आर्टिफीशियल इन्टेलीजेंस (एआई) आधारित डिजीटलीकरण का अगला चरण लागू किया जाएगा, जिसमें दो नई भाषाओं में अनुवाद की सेवा और सांसदों की उपस्थिति डिजीटली दर्ज करना शामिल है. अधिकारियों ने बताया कि इस सत्र से लोकसभा में सांसदों को हाजिरी लगाने के लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के अलावा में सदन में उनके लिए आवंटित सीट पर मल्टीमीडिया माध्यम से बायोमेट्रिक ढंग से अथवा पिन नंबर दर्ज करके हाजिरी लगाने की सुविधा उपलब्ध होगी. आने वाले समय में रजिस्टर पर हस्ताक्षर की परंपरा को बंद करके केवल डिजीटल माध्यम से हाजिरी लगाने का प्रक्रिया अपनायी जाएगी.

## बुलेटघनसोली-शिलफाटा के बीच अंडरसी टनल का पहला सेक्शन तैयार

**नयी दिल्ली।** भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना ने आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. महाराष्ट्र में घनसोली और शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी समुद्र के नीचे की सुरंग का पहला हिस्सा अब उपयोग के लिए तैयार है. यह टनल मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) से ठाणे तक फैली हुई है और इस हाई-स्पीड प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा है. रेल मंत्रालय के अनुसार इस परियोजना में अब तक 310 किलोमीटर वायाडक्ट का निर्माण पूरा हो चुका है. साथ ही 15 नदी पुलों का निर्माण भी हो चुका है, जबकि 4 अन्य पुल लगभग तैयार हैं. 12 प्रस्तावित स्टेशनों में से 5 का काम पूरा हो गया है और 3 अन्य स्टेशनों पर तेजी से काम चल रहा है.

## चीफ इमाम ने गाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित करने की मांग की

**नूंह।** नल्हड़ेश्वर मंदिर में जलाभिषेक यात्रा के दौरान ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम उमर अहमद इलियासी भी नूंह पहुंचे हैं. सोमवार को ऑर्गेनाइजेशन के चीफ इमाम डा. उमर अहमद इलियासी ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की. जलाभिषेक यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर इलाके में इंटरनेट बंद कर रखा है. सावन माह के पहले सोमवार को ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा हर-हर महादेव के जयकारों के साथ शुरू हुई. जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. यह ब्रजमंडल यात्रा फिरोजपुर झिरका महादेव मंदिर से होते हुए शिंकार गांव के श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न होगी.

## प्रतिबंधित संगठन उल्फा (स्व.) के चार मददगार गिरफ्तार किए गए

**चराइदेव।** असम में प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) स्वाधीन (स्व.) के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है. सोमवार को सोनारी पुलिस ने संगठन के चार और मददगारों को गिरफ्तार किया है. यह गिरफ्तारी हाल ही में एक अन्य मददगार की पूछताछ और स्वीकारोक्ति के आधार पर हुई है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए मददगारों में गुवाहाटी के जालुकबारी के आसिम अधिकारी, दरंग जिले के सिपाझार शहर के धर्मेंद्र डेका, उदालगुरी के ध्रुवज्योति वैश्य और बलेन डेका शामिल हैं. सभी आरोपियों से सोनारी पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही है ताकि संगठन के अन्य सदस्यों और उनके गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की जा सके.

## लाहौर से कराची जानेवाले यात्री को विमान से भेज दिया गया जेद्दा

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के हवाई यात्रा के इतिहास में ग्राउंड स्टाफ की गंभीर गलती का खामियाजा एक यात्री को भुगतना पड़ा. लाहौर से कराची जाने वाले इस यात्री को एयरसियाल की उड़ान से जेद्दा भेज दिया. इस विमान यात्री को इस वजह से लगभग 15 घंटे तक परेशान होना पड़ा. पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार कोरंगी निवासी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मलिक शाहजैन सात जुलाई की रात बच्चे की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर कराची जाने के लिए लाहौर हवाई अड्डा पहुंचे. शाहजैन का कहना है कि वह रात करीब नौ बजे कराची जाने वाली उड़ान के लिए बोर्डिंग पास लेकर एयरलाइन स्टाफ के पास पहुंचे. टर्मिनल पर एयरसियाल के दो विमान खड़े थे. इनमें एक को कराची और दूसरे को जेद्दा जाना था. दोनों को रात 10 बजे उड़ान भरनी थी. उन्होंने कहा कि मैंने अपना बोर्डिंग पास एयरलाइन स्टाफ सौंप दिया. इसके बाद मुझे अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान द्वार की ओर निर्देशित किया गया. मुझे बिना बताए खिड़की वाली सीट 17 एफ पर बैठा दिया गया. उड़ान के दो घंटे बाद मैंने फ्लाइट अटेंडेंट से पूछा कि विमान कराची कब पहुंचेगा. अटेंडेंट से यह जानकर आश्चर्य हुआ कि विमान जेद्दा के रास्ते में है. शाहजैन के अनुसार गलती का अहसास होने पर चालक दल में अफरा-तफरी मच गई. उन्होंने कैप्टन को स्थिति की जानकारी दी. सऊदी अरब पहुंचने पर एयरलाइन कर्मचारियों ने मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह विफल रहे. सऊदी सीमा शुल्क और सुरक्षा अधिकारी उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए.

## बाबा रामदेव: भ्रामक विज्ञापन के दर्ज मामलों पर लगी रोक

**एरानाकुलम।** केरल उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव, पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ दर्ज सात आपराधिक मामलों में आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है. औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम के तहत दर्ज शिकायतों में भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों के प्रसार का आरोप लगाया गया है. न्यायमूर्ति वीजी अरुण ने अभियुक्तों द्वारा दायर सात आपराधिक विविध याचिकाओं पर विचार करते हुए एक नया अंतरिम स्थगन जारी किया. न्यायालय ने पाया कि उठाए गए मुद्दे विस्तृत न्यायिक परीक्षण के योग्य हैं. इसमें शामिल जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए, न्यायालय ने लोक अभियोजक को मामले में आगे कोई भी कदम उठाने से पहले आवश्यक निर्देश प्राप्त करने का निर्देश दिया है.

## ट्रंप राजकीय यात्रा पर सितंबर में ब्रिटेन आएंगे: बकिंघम पैलेस

**एजेंसी। लंदन**



बकिंघम पैलेस ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस साल सितंबर (17-19 तक) में ब्रिटेन आएंगे. उनकी यह यात्रा हाउस ऑफ कॉमन्स के वार्षिक पार्टी सम्मेलनों के पारंपरिक अवकाश के तुरंत बाद होगी. बकिंघम पैलेस ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ने महाराज चार्ल्स (तृतीय) और रानी कैमिला के निमंत्रण को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है. द गार्डियन अखबार की खबर के अनुसार ब्रिटेन के महाराजा ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया की विंडसर कैसल में मेजबानी करेंगे. बकिंघम पैलेस ने अपनी घोषणा में इसके अलावा कोई अन्य विवरण नहीं दिया है. यह यात्रा व्हाइट हाउस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है. वह इसलिए कि ट्रंप आधुनिक इतिहास में दो बार राजकीय यात्रा करने वाले पहले निर्वाचित राजनेता बन जाएंगे. उन्हें फरवरी में व्हाइट हाउस में कीर स्टारमर ने राजा के पत्र के माध्यम से ब्रिटेन आने का निमंत्रण दिया था. खबर के अनुसार यात्रा की तारीखों के हिसाब से अमेरिकी राष्ट्रपति के संसद को संबोधित करने की संभावना नहीं है. इससे पहले बिल क्लिंटन और बराक ओबामा सहित अन्य राष्ट्रपतियों ने संसद के दोनों सदनों में भाषण दिए हैं. फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने पहली राजकीय यात्रा के दौरान दोनों सदनों को संबोधित किया है.

**उपलब्धि** — शुभांशु शुक्ला का एक्स-4 क्रू आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से होगा अलग

# 18 घंटे बिताने के बाद पृथ्वी पर वापसी के लिए तैयार हैं शुभांशु

**एजेंसी। ह्यूस्टन**



भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर लगभग 18 घंटे बिताने के बाद पृथ्वी पर वापसी के लिए तैयार हैं. शुभांशु एक्सिओम-4 मिशन (एक्स-4) क्रू के साथ आईएसएस जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं. वो आज अपराह्न अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉक होंगे. संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) की विज्ञप्ति के अनुसार, प्रस्थान प्रक्रिया सोमवार सुबह 4:30 पूर्वाह्न पूर्वी मानक समय आईएसटी से शुरू होगी. क्रू सुबह लगभग 7:05 बजे पृथ्वी के लिए रवाना होगा. नासा की विज्ञप्ति के अनुसार, इस पूरी प्रक्रिया का प्रसारण नासा अपने नासा प्लस पर करेगा. एक्सिओम स्पेस और स्पेस एक्स की वेबसाइट पर ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने और 15 जुलाई को लगभग दोपहर तीन बजे प्रशांत महासागर के कैलिफोर्निया तट पर स्पलैशडाउन तक जारी रहेगा. एक्सिओम स्पेस के अनुसार, चालक दल की पृथ्वी पर वापसी यात्रा में लगभग 22.5 घंटे लगेंगे. इससे पहले रविवार को ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से भावपूर्ण विदाई भाषण दिया. ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही. यह एक जादू की तरह महसूस हुई. अंतरिक्ष से आज का भारत महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा हुआ दिखता है. उन्होंने 1984 में राकेश शर्मा के कालजयी शब्दों को दोहराते हुए कहा कि अंतरिक्ष से भारत आज भी 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है. शुक्ला ने कहा कि आज का भारत अंतरिक्ष से महत्वकांशी दिखता है. ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने इस यात्रा को संभव बनाने के लिए इसरो, नासा, अंतरराष्ट्रीय साझेदारों, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स का आभार व्यक्त किया है. एक्स-4 चालक दल में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के पोलैंड के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावोज सुवे उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगेरियन टू ऑर्बिट के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कापू शामिल हैं. नासा के अनुसार, ड्रैगन अंतरिक्ष यान 580 पाउंड से अधिक कार्गो के साथ पृथ्वी पर लौटेगा. इसमें नासा हार्डवेयर और मिशन के दौरान किए गए 60 से अधिक प्रयोगों का डेटा शामिल है. एक्सिओम मिशन-4 को 25 जून को स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39-ए से प्रक्षेपित किया गया था. ड्रैगन अंतरिक्ष यान 26 जून को निर्धारित समय से पहले शाम 4:05 बजे आईएसएस से सफलतापूर्वक जुड़ गया था.

## पूर्व सीजेआई संजीव एचपीएनएलयू शिमला के प्रोफेसर रहेंगे

**शिमला।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचपीएनएलयू) शिमला में विशिष्ट प्रोफेसर बनने के विश्वविद्यालय के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है. यह विश्वविद्यालय के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जो न केवल संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि कानून की शिक्षा और अनुसंधान में एक नया युग भी आरंभ करेगा. न्यायमूर्ति खन्ना का एचपीएनएलयू से पुराना और गहरा संबंध रहा है. वे पूर्व में विवि के कुलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और विधिक शिक्षा एवं संस्थागत विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सर्वविदित है.

## यूक्रेन को अमेरिका पैट्रियट वायु रक्षा हथियार देगा

**वाशिंगटन।** यूक्रेन और रूस युद्ध को रुकवा पाने से निराश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिका अब चुप नहीं बैठेगा. वह यूक्रेन को पैट्रियट वायु रक्षा हथियार भेजेगा. यहां यह महत्वपूर्ण है कि ट्रंप युद्ध रोकने के संबंध में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कई बार चर्चा कर चुके हैं. अमेरिका की समाचार वेबसाइट द हिल्स की खबर के अनुसार, ट्रंप ने वाशिंगटन पहुंचे पर ज्वाइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से कहा, मैं यह नहीं बता पाऊंगा कि यूक्रेन को आपूर्ति की जाने वाले पैट्रियट वायु रक्षा हथियारों की कितनी संख्या होगी. यूक्रेन को ऐसे हथियारों की इस समय जरूरत है.इसका पूरा खर्च यूरोपीय संघ उठाएगा.




स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)**